CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
बिलासपुर, गुरुवार, 24 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –115 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

■ एक आंसू भी हुकूमत के लिए खतरा है
■ परिसीमन से असम के प्रमुख समुदाय और जातीय समूह हैं परेशान
पृष्ठ 4

■ अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति को आकार देने वाली महत्वपूर्ण शक्ति है ब्रिक्स : चीनी राष्ट्रपति
पृष्ठ 9

सिंधु ओकुहारा से हारीं, लक्ष्य प्री-क्वार्टर में पहुंचे
पृष्ठ 10

भारत ने अंतरिक्ष में रचा इतिहास

चांद पर उतरा चंद्रयान-3

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों व देशवासियों को दी बधाई
- इसरो डायरेक्टर बोले, अगले 14 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण
- चांद पर उतरने में कामयाबी हासिल करने वाला चौथा देश बना

> प्रज्ञान रोवर को बाहर आने में एक दिन का समय भी लग सकता है। प्रज्ञान हमें चांद के वातावरण के बारे में जानकारी देगा। हमारे कई मिशन कतार में हैं:
> **एस सोमनाथ, डायरेक्टर, इसरो**

चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश बना भारत



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। इसरो के चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर इतिहास रच दिया। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम 5 बजकर 44 मिनट पर उतरने की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद अगले 20 मिनट में चंद्रमा की अंतिम कक्षा से 25 किमी का सफर पूरा किया। शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान-3 के लैंडर ने चांद पर पहला कदम रखा। इसरो के डायरेक्टर एस. सोमनाथ ने कहा कि अगले 14 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

प्रज्ञान रोवर को बाहर आने में एक दिन का समय भी लग सकता है। प्रज्ञान हमें चांद के वातावरण के बारे में जानकारी देगा। हमारे कई मिशन कतार में हैं। जल्दी सूर्य पर आदित्य एल1 भेजा जाएगा। गगनयान पर भी काम जारी है। चांद पर पहुंचकर चंद्रयान-3 ने मैसेज भेजा- मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं। वहीं साउथ अफ्रीका से प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को बधाई देकर कहा- अब चंदामामा दूर के नहीं। इस कामयाबी के साथ भारत चांद के किसी भी हिस्से में मिशन लैंड कराने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही ऐसा कर सके हैं।

विक्रम व प्रज्ञान पृथ्वी पर भेजेंगे फोटो

अब सभी को विक्रम लैंडर से प्रज्ञान रोवर के बाहर आने का इंतजार है। धूल का गुबार शांत होने के बाद यह बाहर आएगा। इसमें करीब 1 घंटा 50 मिनट लगेगा। इसके बाद विक्रम और प्रज्ञान एक-दूसरे की फोटो खींचेंगे और पृथ्वी पर भेजेंगे। चंद्रयान मिशन को ऑपरेट कर रहे इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन यानी ढ्ढस्क्रह्र ने चंद्रयान को श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को लॉन्च किया था। 41वें दिन चांद के साउथ पोल पर लैंडिंग की प्लानिंग की गई।

चंद्रयान-3 को चांद पर उतरने में 41 दिन लगे

चंद्रयान-3 आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को 3 बजकर 35 मिनट पर लॉन्च हुआ था। इसे चांद की सतह पर लैंडिंग करने में 41 दिन का समय लगा। धरती से चांद की कुल दूरी 3 लाख 84 हजार किलोमीटर है।

यह क्षण भारत के सामर्थ्य का है : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह क्षण भारत के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत में नई ऊर्जा, नए विश्वास, नई चेतना का है। अमृतकाल में अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं।

चंद्रयान-3 की सफलता पर देशभर में जश्न

चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम चंद्रमा के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद से देशभर में जश्न मनाया गया। चंद्रयान की लैंडिंग पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने तिरंगा फहराया। गुजरात के सूरत में एक स्कूल के बच्चे खुशी से डांस करने लगे। बेंगलुरु में इसरो मिशन कंट्रोल सेंटर में वंदे मातरम के नारे लगाए गए। कई स्कूलों और दूसरे शिक्षण संस्थानों में भी इसका प्रसाारण किया गया।

भारत ने आज इतिहास रच दिया : भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों और देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि हमारे वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा से इस कठिन मिशन को पूरा कर इतिहास रच दिया है।

नासा, ईएसए ने भारत को बधाई दी, यूके स्पेस एजेंसी ने कहा- इतिहास बन गया, इसरो को दी बधाई

अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप की अंतरिक्ष एजेंसियों ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर बधाई दी है। इसरो के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में चंद्रयान-3 मिशन ने बुधवार को इतिहास रच दिया, भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के लिए इसरो को बधाई! और चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान की सफलतापूर्वक सॉफ्ट-लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनने पर भारत को बधाई। हम इस मिशन में आपका भागीदार बनकर खुश हैं!' यूके स्पेस एजेंसी ने कहा, इतिहास बन गया! इसरो को बधाई।' चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में एक प्रणोदन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है। लैंडिंग के साथ, 600 करोड़ रुपए के चंद्रयान -3 मिशन का एक बड़ा हिस्सा पूरा हो गया है। शेष भाग चंद्रमा रोवर है जो लैंडर से नीचे लुढ़क रहा है, चारों ओर घूम रहा है और प्रोग्राम किए गए प्रयोग कर रहा है।

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने एक्स पर कहा, अविश्वसनीय! इसरो, चंद्रयान-3 और भारत के सभी लोगों को बधाई!! उन्होंने कहा, नई प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने और किसी अन्य खगोलीय पिंड पर भारत की पहली सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करने का यह कैसा तरीका है।' इस प्रक्रिया में ईएसए के समर्थन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि एजेंसी महान सबक सीख रही है और महत्वपूर्ण विशेषज्ञता प्रदान कर रही है।'

सार संक्षेप

साल में दो बार होगी 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को नई शिक्षा नीति के तहत अकादमिक सत्र 224-25 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया। जिसके मुताबिक, अब 1वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार कराई जाएंगीं। दोनों परीक्षा में जिसमें छात्र के ज्यादा अंक होंगे, उसे गिना जाएगा। इसके अलावा 11वीं और 12वीं के छात्रों को दो भाषाएं पढ़नी होंगी। इनमें से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए। हालांकि, छात्रों को विषय चुनने की छूट होगी। उन पर चुनी गई स्ट्रीम के आधार पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।

अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगी मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने बुधवार को साफ कर दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव पार्टी अकेले अपने दम पर लड़ेगी और इसी के तहत उन्होंने संगठन को खर्चीले तामझाम और नुमाइशी कार्यक्रमों से दूर रहते हुए जन जन तक जुड़कर काम करने का निर्देश दिए हैं।

अब चुनाव आयोग के लिए बल्लेबाजी करेंगे सचिन

नई दिल्ली। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने मतदाताओं को जागरूक और शिक्षित बनाने के लिए बुधवार को चुनाव आयोग के 'नेशनल आइकन' के रूप में एक नई पारी की शुरुआत की। चुनाव आयोग ने दिग्गज क्रिकेटर और भारत रत्न तेंदुलकर के साथ तीन साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इंदौर वायु सर्वेक्षण में भी पहले स्थान पर

भोपाल। इंदौर ने देश में एक बार फिर सफलता का परचम फहराया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-223 में 1 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर ने प्रथम, भोपाल ने 5वां, जबलपुर ने 13वां और ग्वालियर ने 41वां स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री ने जन्म दिवस पर श्रमवीरों के हित में की दो अहम् घोषणाएं

- मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना की राशि 5 हजार रूपए से बढ़ाकर एक लाख रूपए
- श्रम पदाधिकारी कार्यालय बस्तर, सरगुजा, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार एवं राजनांदगांव का सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में उन्नयन

रायपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज उनके जन्मदिवस पर राजधानी रायपुर के अंबेडकर चौक से शहीद भगत सिंह चौक तक जुटी भीड़ में लोगों ने अभूतपूर्व स्वागत तथा अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर लोगों से अपार स्नेह पाकर खुशी से अभिभूत हो गए। उन्होंने इस मौके पर छत्तीसगढ़ में श्रमिकों के हित में दो महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।

इनमें मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना की राशि 50 हजार रूपये से बढ़ाकर 01 लाख रूपये करने और राज्य के श्रम पदाधिकारी कार्यालय बस्तर, सरगुजा, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार एवं राजनांदगांव का सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में उन्नयन की घोषणा शामिल है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भू-खण्ड पर आवास निर्माण-नवीन आवास क्रय करने के लिए राशि 50 हजार रूपए मंडल द्वारा एकमुश्त देने का प्रावधान है, इस योजना की राशि को बढ़ाकर एक लाख रूपए करने की घोषणा की गई। इसी तरह राज्य के श्रम पदाधिकारी कार्यालय बस्तर, सरगुजा, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार एवं राजनांदगांव का उन्नयन कर सहायता श्रमायुक्त कार्यालय किए जाने की घोषणा की गई।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इनमें किसान, मजदूर से लेकर अनुसूचित वर्ग सहित सभी वर्ग के लोगों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इस कड़ी में आज श्रमिकों के हित में दो महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 2 हजार 507 हितग्राहियों को एक करोड़ 81 लाख रूपए की राशि का वितरण कर लाभान्वित किया।

इन योजनाओं में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में एक हितग्राही को 5 लाख रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना में 6 हितग्रहियों को 3 लाख रूपए तथा मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में 500 हितग्राहियों को 20 हजार रूपए प्रति हितग्राही के मान से एक करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना अंतर्गत एक हजार 860 महिला

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जन्म दिवस पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल व प्रियंका गांधी ने दी बधाई

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने दूरभाष पर बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व प्रियंका गांधी ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बघेल को स्वस्थ, सुदीर्घ और खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

31 को छत्तीसगढ़ आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

रायपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 31 अगस्त से 2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रही है। मुर्मू अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर और बिलासपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

राष्टपति 31 अगस्त को सुबह 10 बजे विशेष विमान से रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगी। इसके बाद वे रायपुर स्थित प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरी ट्रस्ट शांति सरोवर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। साथ ही वे रायपुर के महंत घासीदास संग्राहालय का अवलोकन भी करेंगी। राष्ट्रपति राजभवन में रात्रि विश्राम करने के बाद अगले दिन 1 सितंबर को हेलीकॉप्टर द्वारा बिलासपुर जाएंगी। वे रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर में दर्शन करने के बाद बिलासपुर स्थित गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद वे बिलासपुर से रायपुर आएंगी और विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

ईडी के रडार पर सीएम बघेल के करीबी, सलाहकार, ओएसडी के ठिकानों में दबिश

रायपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दबिश दी है। इस बार ईडी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेहद करीबियों को रडार में लिया है। ये कार्यवाही भी तब की जा रही है, जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, ओएसडी मनीष बंछोर, आशीष वर्मा के निवास में दबिश दी है। इसके अलावा सीएम के करीबी माने जाने वाले कारोबारी विजय भाटिया के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची है।

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

मेरे जन्मदिन पर मेरे ओएसडी सहित करीबियों के यहाँ ईडी भेजकर अमूल्य तोहफा दिया : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के छापे पर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। सीएम बघेल ने अपने ट्वीट में लिखा है कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं अमित शाह जी! ईडी ने बुधवार को छत्तीसगढ में फिर दबिश देते हुए रायपुर और भिलाई में ईडी के छापे मारी की है। इस बार ईडी ने सूबे के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी और स्टाफ को निशाना बनाया है। ईडी ने सीएम के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के निवास पर जांच कर रही है।

मिजोरम में निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरा, 26 श्रमिकों की मौत

- रेल मंत्रालय ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

आइजोल, 23 अगस्त (एजेंसियां)। मिजोरम के पहाड़ी सैरांग इलाके के पास बुधवार को एक निर्माणाधीन रेलवे पुल ढह जाने से कम से कम 26 श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। रेलवे और पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अब तक 22 शव बरामद किए जा चुके हैं। ढही हुई स्टील संरचना के नीचे से शेष चार शवों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। रेल मंत्रालय ने इसकी उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल से 10 किमी दूर बैराबी (दक्षिणी असम के पास) को सैरांग से जोड़ने वाले कुरुंग नदी पर रेलवे पुल निर्माणाधीन था। दुर्घटनास्थल आइजोल से करीब 21 किमी दूर है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर), जो 51.38 किलोमीटर लंबी रेलवे परियोजना को लागू कर रहा है, ने चिकित्सा सहायता के साथ रिकवरी प्रोसेस के लिए कई चिकित्सक और इंजीनियरिंग टीमों को भेजा है।



अनुग्रह राशि का किया ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पूर्वोत्तर राज्यों के कई मुख्यमंत्री और शीर्ष नेताओं ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री

➤ ➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

समिट *सम्मेलन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के होंगे पुख्ता इंतजाम*

दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी तेज

- दिल्ली में 45 से अधिक क्यूआरटी किए जाएंगे तैनात

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। आगामी 8-10 सितंबर के दौरान होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के सुरक्षित और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए राजधानी में विशेष स्थानों पर त्वरित प्रतिक्रिया टीमों क्यूआरटी, एंबुलेंस और उन्नत अग्निशमन तंत्र जिसमें अग्निशमन रोबोट शामिल हैं की तैनाती समेत सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़ी तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। उनके निर्देशानुसार दिल्ली पुलिस ने आईजीआई हवाई अड्डे, 23 नामित होटल, आईटीपीओ, राजघाट और कार्यक्रम के दौरान वीवीआईपी द्वारा लिए जाने वाले मार्गों पर 450 से अधिक क्यूआरटी, पीसीआर वैन, 50 से अधिक एंबुलेंस और अग्निशमन मशीनरी की तैनाती के साथ व्यापक सुरक्षा योजनाएं बनाई हैं। एक अधिकारी ने बताया कि शिखर सम्मेलन स्थल आईटीपीओ में 11 क्यूआरटी, 24 एंबुलेंस और 3 फायर टेंडर तैनात किए जाएंगे। फायर टेंडरों के अलावा 2 अतिरिक्त इकाइयां जिनमें एक स्काई लिफ्ट/हाइड्रोलिक प्लेटफार्म और एक अग्निशमन रोबोट शामिल हैं, आयोजन की पूरी अवधि के दौरान आईटीपीओ में तैनात रहेंगे। इसी तरह आईजीआई एयरपोर्ट पर 10 क्यूआरटी, 4 एंबुलेंस और 4 फायर टेंडर तैनात रहेंगे। अधिकारी ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान विशेष अतिथियों के लिए आवाजाही के लिए उपयोग में आने वाले 61 मार्गों पर कुल 402 क्यूआरटी वैन तैनात की जाएंगी। जहां गणमान्य व्यक्ति और अन्य विदेशी प्रतिनिधि ठहरेंगे ऐसे 23 होटलों में क्यूआरटी वैन तैनात की जाएंगी। इसके अलावा कुल 7 आपदा प्रबंधन टीमें 7 रणनीतिक स्थानों तैनात रहेंगी, जबकि 4 नामित होटलों, आईटीपीओ, राजघाट और आईएआरआई-पूसा पर तैनात रहेंगी। इन सभी स्थानों

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

CMYK

अमित जोगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया मरवाही में प्रदर्शन

कांग्रेस सरकार पर लगाया छलावे का आरोप

गौरेला पेंड्रा मरवाही, 23 अगस्त (देशबन्धु)। मरवाही के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के नेतृत्व में लगभग ढाई हजार कार्यकर्ताओं ने मरवाही में जंगी प्रदर्शन करते हुए प्रशासन का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल के नाम एसडीएम मरवाही को एक ज्ञापन सौंपा।

धरना प्रदर्शन एवं घेराव स्थल पर मरवाही के पूर्व विधायक अमित जोगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार मरवाही की भोली भाली जनता के साथ छलावा कर रही है तथा उन्हें अनपढ़ बनाए जाने की साजिश की जा रही है। श्री श्री योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनहित एवं मरवाही विधानसभा क्षेत्र तथा मरवाही के विकास के लिए घोषणा किये 2 साल से ज्यादा समय हो गया है जिस पर क्रियान्वयन नहीं हो रहा है,जिसके कारण मरवाही तथा क्षेत्र का विकास रुका हुआ है एवं जनहित के महत्वपूर्ण कार्य न हो पाने से क्षेत्रवासी परेशानी उठा रहे हैं। अमित जोगी ने आगे कहा कि उनके पिता अजीत जोगी जी के द्वारा प्रयास करते हुए सोन नदी में कोलबिरा जलाशय की स्वीकृति कराई गई थी जिससे 40 हजार हेक्टर कृषि भूमि पर सिंचाई होनी थी परंतु स्वीकृत योजना को जानबूझकर रोक दिया गया ताकि मरवाही का किसान गरीब से गरीब रहे। उन्होंने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज उद्यान की कॉलेज सहित अन्य सभी घोषणाएं सिर्फ छलावा साबित हुई जिसका बदला मरवाही विधानसभा क्षेत्र की जनता को आगामी विधानसभा चुनाव में लेना है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनिवास तिवारी ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि मरवाही को नगर पंचायत नहीं बनाया गया है जबकि जबकि मुख्यमंत्री द्वारा या घोषणा की गई थी जो कि सिर्फ छलावा थी। यदि वास्तव में नगर पंचायत मरवाही को बनाना था तो सबसे पहले मुख्यमंत्री जी को मरवाही को जिला मुख्यालय बनाना चाहिए था ताकि मरवाही नगर पंचायत बन सके परंतु जानबूझकर ऐसा किया गया। श्री तिवारी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जब छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस की सरकार बनेगी तब मरवाही को नगर पंचायत बनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम शंकर राय ने अपना आक्रोश जताते हुए कहा कि शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय का संचालन मरवाही में नहीं होना।

ओमप्रकाश ने कोटा से की दावेदारी

गौरेला पेंड्रा मरवाही 23 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव कोटा विधानसभा से जिला कांग्रेस कमेटी (जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही) के महामंत्री व अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा के वरिष्ठ एल्डरमैन ओमप्रकाश अग्रवाल (बंका भैया) ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पेण्ड्रा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।जिससे उनके समर्थकों में काफी हर्ष है।उन्होंने ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी पेण्ड्रा के अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास को विधिवत रूप से अपना आवेदन सौपा।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बंका पिछले 30 सालों से कांग्रेस की शक्ति राजनीति में है तथा कांग्रेस के विभिन्न पदों में रह चुके हैं।आवेदन सौपते हुए उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी श्री गुलाब सिंह राज , छतीसगढ़ मदरसा बोर्ड के सदस्य शाहिद राईन, वरिष्ठ कांग्रेसी व पूर्व पार्षद अनसर जुंजानी,वरिष्ठ कांग्रेसी नितिन छाबरिया, किसान नेता विशाल वैश्य, युवा नेता व जिला कांग्रेस सचिव आशीष केशरी जी व पिंटू जी उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मुख्यमंत्री ने जन्म दिवस पर ...

हितग्राही को 68 लाख 19 हजार रूपए तथा 140 पुरूष हितग्राहियों को 5 लाख 18 हजार रूपए की देय राशि शामिल है। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल सुशील सन्नी अग्रवाल सहित श्रम मंडल के पदाधिकारी तथा नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ईडी की रडार पर ...

इन सभी के अलग अलग ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय के तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा अफसर जांच पड़ताल में जुटे हुए है। वहीं ईडी की टीम के साथ सेंट्रल आर्म्स फोर्स की टुकड़ियों भी सुरक्षा के लिए लिहाज से तैनात की गई है।

मिजोरम में निर्माणाधीन...

वर्तमान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जोहान्सबर्ग में हैं। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। रेल मंत्री ने मृतकों के लिए दस लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए दो लाख रुपए और मामूली चोटों के लिए 50,000 रुपए के अनुग्रह मुआवजे की भी घोषणा की। वहीं, मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

दिल्ली में जी-20 शिखर ...

पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए, एनडीआरएफ टीमों के अलावा, इन सभी 7 स्थानों पर क्यूआरआरटी, एंबुलेंस और अग्निशमन कर्मियों को भी तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में जी-20 की समीक्षा बैठक के दौरान, उपराज्यपाल ने शहर में भारी बारिश की स्थिति में आईटीपीओ, राजघाट और कुछ अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास भारी जलभराव से निपटने के लिए एक आकस्मिक योजना बनाने का निर्देश दिया था। इसके अनुसार सुरक्षा, स्वास्थ्य आपातकाल और नागरिक निर्माण कर्मियों और उपकरणों सहित क्यूआरटी को पूरे शहर में तैनात किया गया है।

24.08.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	4.38	70	155
चिल्हर	5.50	85	180

डिलीवरी 4.53 सैकड़ा

दर्जन अंडा 66 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

न्यायालय-न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर वर्ग-1
रायपुर (छ.ग.)

प्रकरण क्रमांक 638/21
प्रोसेस क्रमांक 109
पेशी तारीख 24.08.2023
प्रियंका साठे आवेदिका
विरूद्ध
शैलेन्द्र सांठे प्रत्यर्थीगण

बनाम-कल्पना भदौरिया उम्र लगभग 20 वर्ष पता मजार के बाजू सेमरा तिराहा पेंड्रा रोड, जिला गौरेला पेण्ड्रा रोड मरवाही,

आवेदिका ने आप प्रत्यर्थीगण के विरूद्ध धारा 12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसे न्यायालय द्वारा संस्थित किया गया है। आपको न्यायालय में तारीख 24.08.2023 को दिन में 11.0 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 04.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

मुहर
कु. गायत्री साय
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
रायपुर (छ.ग.)

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शामिया हुसैन पति सैयद अफजल हुसैन निवासी 19/53 ताराचंद मार्ग जूनी लाइन बिलासपुर (छ.ग.) अपना पुराना नाम साम्या परवीन पति सैयद अफजल हुसैन को त्यागकर नया नाम शामिया हुसैन पति सैयद अफजल हुसैन ईश्वर रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम शामिया हुसैन पति सैयद अफजल हुसैन के नाम से जाना और पहचाना जावे।

शामिया हुसैन
19/53ताराचंद मार्ग जूनी
लाइन बिलासपुर
(छ.ग.) 495001

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व सामान्य को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मिथलेश देवांगन वाहने पिता यादेव प्रसाद देवांगन निवासी वार्ड नं. 16 झुलकदम महादेव किराना के बाजू सक्ती पो. सक्ती तह. सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.) की ओर अधिकृत होकर एवं उनके निर्देशानुसार यह आम सूचना प्रकाशित करवा रहा हूं कि मौजा झुलकदम वार्ड नं. 16 सक्ती तह. सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. तहसील व जिला- सक्ती (छ.ग.) में खसरा नं. 396/3 रकबा 1829.865 वर्गफीट भूमि एवं मकान स्थित है, जिसे मेरा पक्षकार दानदाता प्रेमकुमार पिता यादेव प्रसाद निवासी सक्ती, जिला सक्ती से पंजीयन दिनांक 08.03.2022 दस्तावेज क्र. 1507 का दान कर अधिपत्य में है। जिसके आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट फाइनेंस लिमि. जांजगीर से मकान बंधक हेतु लोन स्वीकृत कराई गई जिसमें पूर्व रजिस्ट्री जो प्रेमकुमार पिता यादेव प्रसाद के द्वारा जगदीश प्रसाद पिता रामफल अग्रवाल से पंजीकृत विलेख 22.01.2019 के माध्यम से निष्पादित किया गया था। वह मूलप्रति मेरे पक्षकार के पास उपलब्ध थी जो भूलवश उक्त विक्रय विलेख कहीं गुम हो चुकी है, जिसकी सत्यप्रतिलिपि उपपंजीयक कार्यालय सक्ती से प्राप्त की गई जिसके आधार पर लोन की कार्यवाही की जा रही है एवं रजिस्ट्री पत्र गुम हो जाने के संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है।

अतः जिस व्यक्ति संस्था स्था.शासकीय अर्धशासकीय, बैंक निकाय या वित्तीय से स्थान या हित रखने वाले व्यक्ति के पास उक्त मूल रजिस्ट्री मिला हो या रहन गहन रखा हो तो इस प्रकाशित आम सूचना के दिनांक से 15 दिवस के अंदर नीचे लिखे पते पर अपना दस्तावेज सहित सूचित करने की कृपा करें।

DEEPAK KUMAR BAJAJ
ADVOCAT
Front OF PHC/ Shiv Pustak Bhawan
Main Road, Korba,
Distt.Korba (C.G.)
Mob. 9827113505, 9907169873

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शामिया हुसैन पति सैयद अफजल हुसैन निवासी 19/53 ताराचंद मार्ग जूनी लाइन बिलासपुर (छ.ग.) अपना पुराना नाम साम्या परवीन पति सैयद अफजल हुसैन को त्यागकर नया नाम शामिया हुसैन पति सैयद अफजल हुसैन ईश्वर रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम शामिया हुसैन पति सैयद अफजल हुसैन के नाम से जाना और पहचाना जावे।

शामिया हुसैन
19/53ताराचंद मार्ग जूनी
लाइन बिलासपुर (छ.ग.)

IN THE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR
CAVEAT APPLICATION No. /2023
IN
PROPOSED WRIT PETITION (S) No. /2023

CAVEATOR/ PROPOSED RESPONDENT	Vikash Kaushik, son of Ramfal Kaushik, aged about 28 years resident of Ward no. 15, Mahavir Chowk Beltara, District Bilaspur Chhattisgarh
	VERSUS
NON-CAVEATORS: Proposed petitioner	Public at large

CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148 (A) OF CIVIL PROCEDURE CODE, 1908

That, the Caveator / proposed respondent respectfully begs to submit as under:-

1.That, the Director Public Instruction has issued order on 22.08.2023 that the counseling of first stage, for the post of Assistant Teacher in compliance of advertisement dated 04.05.2023 has to be started and the details of the same is uploaded in education portal.

2.That, in the above counseling process, it has been directed to exclude B. Ed. qualified candidates and thus only D.Ed. qualified candidates will be eligible for counseling.

3.That, above order dated 22.08.2023 is based on the direction issued by this Hon'ble court in W.P.S. No. 5788/2023 (parties being Vikash Kaushik and other Vs. State of C.G. and others).

4.That, the above order has been passed on the basis of judgment of Hon'ble Supreme Court by which the Hon'ble Court has held that only D.Ed. qualified candidates are entitled for appointment for post of Assistant Teacher.

5.That, the caveator has came to known that B.Ed. qualified candidates may challenge the order dated 22.08.2023 by filing fresh petition and also seek for interim relief and hence in such case, the caveators may be provided opportunity of hearing on interim application.

6.That, the copy of this caveat application is published in daily news paper of Deshbandhu.

PRAYER

It is therefore, humbly prayed that this Hon'ble High Court may kindly be pleased to allow the instant application and may kindly be provided the opportunity of hearing to the Caveator/ Proposed respondent before passing any order/stay order on interim application, in the interest of justice.

BILASPUR
DATED: 23.08.2023

(AJAY SHRIVASTAVA)
Mob.-9425236552
COUNSEL FOR THE
CAVEATOR/PROPOSED
RESPONDENT

न्यायालय तहसीलदार
बिलासपुर छ.ग.

ईश्तहार

क्रमांक / क/ तह./ वा./ 2023
बिलासपुर, दिनांक 08/08/2023

एतद् द्वारा मौजा तिफरा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक निशांत तिवारी पिता ललन तिवारी निवासी एल-7 विनोबा नगर बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक/ एफ 4-07/सात-1/ 2019 दिनांक 11.09.2019 नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि व्यवस्थापन/ आबंटन योजना के अनुसार कलेक्टर महोदय बिलासपुर के समक्ष मौजा तिफरा प.ह.नं. 23/40 तहसील बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 479/1 में से रकबा 7500 वर्गफुट भूमि आबंटन हेतु आवेदन किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन के लिए इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

यदि किसी संस्था/ व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 29/08/2023 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 08/08/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील
तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ:-जिला- बिलासपुर तहसील- सकरी प.ह.नं. 43 अमेरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - RD202223401115800025

ईश्तहार

तहसील सकरी के प.ह.नं. 43 के अन्तर्गत ग्राम अमेरी के वर्तमान भूमिस्वामी शौर्य कन्ट्रक्शन द्वारा प्रो. कमलकिशोर गुप्ता पिता शंकर लाल गुप्ता पता-सा.बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 458/6(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता हेमलता सिंह ठाकुर पिता/ पति कुलदीप सिंह ठाकुर पता-27 खोली विकास नगर के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31/08/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आमुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील
प्रकाश चंद्र साहू
अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील सकरी

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)

ईश्तहार

विवाह प्रकरण क्रमांक 134/
दिनांक 27.07.2023
ग्राम - फरसवानी, तहसील- डभरा

आवेदक लक्ष्मण प्रसाद जोशी, पिता श्री महेन्द्र प्रसाद जोशी, उम्र 26 वर्ष जाति सतनामी निवासी पुराना दशहरा मैदान, वार्ड क्रमांक - 01, अग्रसेन रोड, डभरा थाना व तहसील डभरा जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका रोमिला चन्द्रा, पिता श्री गजानंद चन्द्रा, उम्र 27 वर्ष जाति चन्द्रनाहू, निवासी ग्राम फरसवानी, थाना व तहसील डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)

विरुद्ध
छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम फरसवानी, तहसील- डभरा जिला- सक्ती (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण प्रसाद जोशी, पिता श्री महेन्द्र प्रसाद जोशी, उम्र 26 वर्ष जाति सतनामी निवासी पुराना दशहरा मैदान, वार्ड क्रमांक - 01, अग्रसेन रोड, डभरा थाना व तहसील डभरा जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका रोमिला चन्द्रा, पिता श्री गजानंद चन्द्रा, उम्र 27 वर्ष जाति चन्द्रनाहू, निवासी ग्राम फरसवानी, थाना व तहसील डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 25.08.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.08.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
विवाह अधिकारी
जिला-सक्ती (छ.ग.)

कार्यालय सेनानी, 2री वाहिनी, छ.स.बल, सकरी-बिलासपुर (छ.ग.)
क्रमांक - 2री वाहिनी/छसबल/सकरी/ सा.अ./ एम/ 3278 2023 दिनांक 17.08.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

लघु निर्माण कार्य मद अन्तर्गत इस इकाई के नवीन प्रशासनिक भवन के प्रथम तल में मनोरंजन गृह एवं कान्फ्रेंस हॉल का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचालित **SOR - 01-01-2015** से कराया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य विवरण	आबंटित बजट राशि प्रशासनिक स्वीकृत राशि लाख में
1	नवीन प्रशासनिक भवन के प्रथम तल में मनोरंजन गृह निर्माण कार्य।	10,46,000-
2	नवीन प्रशासनिक भवन के प्रथम तल में कान्फ्रेंस हॉल निर्माण कार्य।	10,46,000-

सामान्य निर्देश :-

1- निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किए जा सकते हैं।

2- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 19.09.2023 से 12:00 बजे तक।

3- ठेकेदार द्वारा निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 19.09.2023 के 14:00 बजे तक।

4- निविदा खोलने की तिथि 19.09.2023 16:00 बजे।

5- धरोहर राशि 31380 है। पृथक-पृथक कार्यों के लिए पृथक-पृथक धरोहर राशि सेनानी 2री वाहिनी छसबल सकरी-बिलासपुर के नाम से डीडी बनाया जाकर प्रस्तुत करना होगा।

6- निविदा प्रपत्र मूल्य 500-500 , निविदा प्रपत्र हेतु (हेड-0055 पुलिस राजस्व प्राप्ति, 0800 अन्य प्राप्ति)

7- कार्य पूर्ण करने की अवधि 04 माह।

8- उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी- 04468/1

सेनानी
2री वाहिनी छसबल,
सकरी-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत बिल्हा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
E-Mail ID-cmobilha@gmail.com Phone- 07752-259219

क्र. / 940/ निविदा/ लोनिवि/ न.प./ 2023-24 बिल्हा, दिनांक 22.08.2023

// ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //

न.प.बिल्हा में निम्नांकित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार द्वारा ऑनलाईन से ई-निविदा पद्धति से आमंत्रित की जाती है।

1. BID SUBMISSION START DATE 22.08.2023 TIME - 5:30 PM IST
2. BID DUE DATE 06.09.2023 TIME 5.30 PM IST
3. PHYSICAL SUBMISSION DATE 08.09.2023 TIME 5.30 PM IST
4. BID OPEN DATE 11.09.2023 TIME 11:30 PM IST

S.N.	S.T.No.	Name Of Work	Estimated Cost (in Lacs)	Earnest Money Deposit	Time Allow For Completion (I/C Rainy Season)
1	145214	Construction of Samudayik Bhawan in Gurughasihdas Gurudwara of Satnami Samaj Ward No.08 (PWD Building SOR 01.01.2015) (Electrical SOR2020)	30.00 लाख	22500/-	6 Month From First Work Order Date

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त कर सकते हैं एवं **Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in** पर उपलब्ध है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बिल्हा

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, बैकण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https: eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 11.09.2023 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र. निविदा सूचना क्र. दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
सि.नि.क्र. 144758 नि.सू.क्र. 14 SAC 2023-24 दिनांक:- 21.08.2023	खरला व्यपवर्तन योजना के नहर उन्नयन कार्य अंतर्गत मुख्य नगर के आर.डी. 1800 मी.तक आर.डी. 2250 मी. से 3210 मी. तक आर.डी. 4050 मी. से 5910 मी तक सी.सी.लाईनिंग एवं मुख्य नहर के आर.डी.1560 मी तथा आर.डी. 3050 मी. में व्ही.आर.बी. का निर्माण, आर.डी. 7300 मी पर पाईप डी.आर.बी. एवं 02 नग पाईप व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य, 06 नग नहर साईफन का मरम्मत कार्य एवं आर.डी. 0 मी. से 1500 मी. तक तथा आर.डी.3390 मी.से 3900 मी. तक एवं आर.डी. 6510 मी. से 7500 मी. तक सी.सी.चेनल का निर्माण कार्य।	रू. 414.26 लाख
सि.नि.क्र. 144759 नि.सू.क्र. 15 SAC 2023-24	उधनापुर जलाशय योजना के नहर उन्नयन कार्य अंतर्गत मुख्य नहर के आर.डी.1370 मी से 3500 मी. तथा माईनर नहर के आर.डी. 470 मी. से 700 मी. तक मिट्टी का कार्य एवं लाईनिंग	रू. 338.98 लाख
दिनांक:- 21.08.2023	का कार्य तथा कुलाबा फिक्सिंग का कार्य।	

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https: eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक 28.08.2023 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट: 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https: eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022) के अनुसार है।

जी- 04494/4

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अम्बिकापुर (छ.ग.)

MOTILAL OSWAL HOME LOANS

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, परेल एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुम्बई-400 025, फोन : (022) 47189999
वेबसाइट : www.motilaloswalhf.com, ई-मेल : hfquery@motilaloswal.com

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियमावली) के नियम 3(1) के अधीन। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदारों, गारंटर/रों से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान की तिथि तक आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। कर्जदार(रों), मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि तथा ऋण की वापसी के लिए अर्पित प्रतिभूति का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	ऋण अनुबंध सं./कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों) का नाम/सह-आवेदक का नाम/ गारंटर का नाम	मांग सूचना तिथि और राशि	प्रतिभूत आस्ति(यों) (अचल सम्पत्ति/यों) का वर्णन
1	**LXBIL00117-180062791/** मोरध्वज खेलावन राम यादव/चित्रलेखा मोरध्वज यादव	08-08-2023 / रु. 4,45,927/- (रुपए चार लाख पैंतालीस हजार नौ सौ सत्ताईस मात्र)	मौजे बिजौर, पीएच नंबर 20/30, आरएनएम बिल्हा, केएच नंबर 177, प्लॉट नंबर 11 का भाग, तहसील/ जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001

यदि उक्त कर्जदार एमओएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में असफल रहेंगे, तो एमओएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू नियमों के तहत उपरोक्त प्रत्याभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही आरंभ करेगी जिसकी लागत एवं परिणामों के लिए उक्त कर्जदार पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे।

उक्त कर्जदार उक्त अधिनियम के तहत एमओएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना उपरोक्त प्रत्याभूत आस्तियां बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से अंतरित नहीं कर सकते हैं। उक्त अधिनियम अथवा तद्धीन निर्मित नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला अथवा उल्लंघन के लिए अभिप्रेरित करने वाला व्यक्ति अधिनियम के तहत दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दंड का भागी होगा।

स्थान : छततीसगढ़
तिथि : 24-08-2023
अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
(मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड)

कार्यालय, नगर पालिक निगम,जोन क्र.-5, रायपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रं. 230/जोन क्रं.5/लो.क.वि./2023 **रायपुर, दिनांक 21.08.2023**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'द' से प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु सीलबंद निविदाये तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 11.09.23 तक को 4.00 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्रमांक 5 में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक 01.09.23 तक आवेदन के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा करने के पश्चात् प्राप्त किये जा सकेंगे। दिनांक 04.09.23 तक निविदा प्रपत्र जारी होगे। प्राप्त निविदाये दिनांक 11.09.23 को सांय 05.00 बजे खोली जायेगी।

क्र.	कार्य विवरण	प्रक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि (रूपये)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अवधि	एस.ओ.आर. नॉन एस.ओ.आर
1.	जोन क्रमांक 05 अंतर्गत समस्त बार्डो के सामुदायिक /शासकीय भवनों का मरम्मत एवं संधारण कार्य।	19.94	20000	750/-	2 माह	PWD SOR Billing 01.01.2015
2.	जोन क्रमांक 05 अंतर्गत वार्डो के विभिन्न क्षेत्रों में नाली एवं पुलिया मरम्मत एवं निर्माण कार्य।	19.680	19700	750/-	2 माह	PWD SOR Billing 01.01.2015
3.	जोन क्रमांक 05 अंतर्गत वार्डो के विभिन्न क्षेत्रों में चबूतरा, ब्लाक पेवर पाथवे मरम्मत एवं निर्माण एवं अन्य कार्य।	19.91	20000	750/-	2 माह	PWD SOR Billing 01.01.2015
4.	जोन कमांक 05 अंतर्गत वार्डो के विभिन्न क्षेत्रों में सी. सी. रोड मरम्मत एवं निर्माण कार्य।	19.33	19900	750/-	2 माह	PWD SOR Billing 01.01.2015

शर्त

1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। 2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3 तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फमों के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रं. 5
नगर पालिक निगम रायपुर

सांकेतिक कब्जा सूचना

आईसीआईसीआई होम फाइनैंस पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400 051

कार्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400 059
शाखा कार्यालय: प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)- 495001

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या	सम्पत्ति का विवरण/कब्जा की तिथि	मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.)	शाखा का नाम
1.	वसीम अहमद (कर्जदार), महजबी बानो (सह-कर्जदार), एलएचबीएसआर 00001338230	मौजा तालापारा, पीएच नंबर 29 केएच नंबर 254/215, आरएनएम बिलासपुर ब्लॉक बिल्हा, जिला बिलासपुर, सीजी ताइबा चौक 254/215, बिलासपुर-495001 (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचबीएसआर00001338230) चौहद्दी - उत्तर: चौहान का मकान और गली, दक्षिण: निस्तारी रास्ता, पूरब: वसीम अहमद की भूमि, पश्चिम: चौहान का मकान कब्जा की तिथि: 22-08-2023	09-05-2023 रू. 14,50,744/-	बिलासपुर-बी
2.	वसीम अहमद (कर्जदार), महजबी बानो (सह-कर्जदार), एलएचबीएसआर 00001338231	मौजा तालापारा, पीएच नंबर 29 केएच नंबर 254/215, आरएनएम बिलासपुर ब्लॉक बिल्हा, जिला बिलासपुर, सीजी ताइबा चौक 254/215, बिलासपुर-495001 (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचबीएसआर00001338231) चौहद्दी - उत्तर: चौहान का मकान और गली, दक्षिण: निस्तारी रास्ता, पूरब: वसीम अहमद की भूमि, पश्चिम: चौहान का मकान कब्जा की तिथि: 22-08-2023	09-05-2023 रू. 54,387/-	बिलासपुर-बी

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि: 24-08-2023
स्थान: बिलासपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, बैकण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https: eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 11.09.2023 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र. निविदा सूचना क्र. दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
सि.नि.क्र. 144758 नि.सू.क्र. 14 SAC 2023-24 दिनांक:- 21.08.2023	खरला व्यपवर्तन योजना के नहर उन्नयन कार्य अंतर्गत मुख्य नगर के आर.डी. 1800 मी.तक आर.डी. 2250 मी. से 3210 मी. तक आर.डी. 4050 मी. से 5910 मी तक सी.सी.लाईनिंग एवं मुख्य नहर के आर.डी.1560 मी तथा आर.डी. 3050 मी. में व्ही.आर.बी. का निर्माण, आर.डी. 7300 मी पर पाईप डी.आर.बी. एवं 02 नग पाईप व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य, 06 नग नहर साईफन का मरम्मत कार्य एवं आर.डी. 0 मी. से 1500 मी. तक तथा आर.डी.3390 मी.से 3900 मी. तक एवं आर.डी. 6510 मी. से 7500 मी. तक सी.सी.चेनल का निर्माण कार्य।	रू. 414.26 लाख
सि.नि.क्र. 144759 नि.सू.क्र. 15 SAC 2023-24	उधनापुर जलाशय योजना के नहर उन्नयन कार्य अंतर्गत मुख्य नहर के आर.डी.1370 मी से 3500 मी. तथा माईनर नहर के आर.डी. 470 मी. से 700 मी. तक मिट्टी का कार्य एवं लाईनिंग	रू. 338.98 लाख
दिनांक:- 21.08.2023	का कार्य तथा कुलाबा फिक्सिंग का कार्य।	

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https: eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक 28.08.2023 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट: 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https: eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2023) के अनुसार है।

जी- 04494/4

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अम्बिकापुर (छ.ग.)

उवाच

“ भारतीय कंपनियों के लिए अंतरिक्ष का प्रवेश द्वार खुलने से हमारे युवाओं के लिए रोजगार के ढेर सारे अवसर पैदा होंगे। नई अंतरिक्ष यात्रा भारत की खगोलीय महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाती है, जिससे यह अंतरिक्ष परियोजनाओं के लिए दुनिया के लॉन्चपैड के रूप में अलग हो जाता है। **–अमित शाह,केंद्रीय गृहमंत्री**

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	27`	26`
मुंबई	29`	27`
कोलकाता	27`	26`
चेन्नई	33`	3`



मिशन चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर झूमा देश

- चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने वाला पहला देश बना भारत
- अब तक रूस, चीन व अमेरिका ही चांद पर सफल लैंडिंग में रहे हैं कामयाब
- रूस के मून मिशन लूना-25 के विफल होने के बाद चंद्रयान-3 की ओर लगी थीं दुनिया भर की निगाहें
- 3.84 लाख किमी की यात्रा तय करने के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा लैंडर

चेन्नई, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के चंद्रमा लैंडर के योजना के अनुसार, बुधवार शाम को इसरो के मिशन चंद्रयान-3 के चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग के बाद पूरा देश झूम उठा। सफलतापूर्वक चंद्रमा की धरती पर उतरते ही अपने चारों पैर आसानी से और सुरक्षित रूप से स्थापित कर दिए और यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। 40 दिनों से अधिक समय तक लगभग 3.84 लाख किमी की यात्रा करने के बाद लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा। लैंडिंग के साथ 600 करोड़ रुपए के चंद्रयान-3 मिशन का एक बड़ा हिस्सा पूरा हो गया है। शेष भाग चंद्रमा रोवर है जो लैंडर से नीचे लुढ़क रहा है, चारों ओर घूम रहा है और प्रोग्राम किए गए प्रयोग कर रहा है। भारत का मिशन चंद्रयान आखिर सफल हुआ। चंद्रयान-3 की लैंडिंग के साथ ही भारत ने एक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। इस मिशन की सफलता के साथ ही चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने वाला पहला देश भारत बन गया है। साथ ही भारत उन देशों की सूची में भी शामिल हो गया है जिन्होंने चांद पर सफल लैंडिंग की है। अब तक रूस, चीन और अमेरिका ही चांद पर सफल लैंडिंग में कामयाब रहे हैं। गौरतलब है कि रूस के मून मिशन लूना-25 के विफल होने के बाद दुनिया भर की निगाहें भारत के चंद्रयान-3 की ओर लगी थीं। हालांकि इसरो ने भी पहले से ही कहा था कि हम चांद पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के लिए पर्याप्त एहतियात बरत रहे हैं। हम आपको बताएंगे कि जिन वजहों से रूस का मून मिशन नाकाम हुआ उन्हें पहले से ही भांपते हुए इसरो ने अपनी तैयारी कर रखी थी।

लोगों ने ट्विटर पर इसरो को सराहा

जैसे ही चंद्रयान-3 बुधवार शाम को चंद्रमा की धरती पर सफलतापूर्वक उतरा, एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हजारों उपयोगकर्ताओं ने ऐतिहासिक मिशन के लिए इसरो और उसकी टीम को बधाई दी। एक यूजर ने लिखा, मैं अवाक हूं...खुशी के आंसुओं में डूबा हुआ हूं...इतिहास रचा गया...क्या गर्व का क्षण है...भारत भारत भारत...चंद्रयान-3 चंद्रयान-3लैंडिंग। साइकिल से चंद्रमा पर भारत तक-क्या यात्रा है..! भारत ने यह किया है, इसरो ने यह किया है, हमने यह किया है-भारत, भारत, भारत। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ, भारत चंद्रमा के साउथ पोल पर सफल लैंडिंग करने वाला पहला देश बन गया।

एक यूजर ने कहा कि भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण, भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला

काबू में रहेगी ड्रैगन की हरकत

चंद्रयान-3 की सफलता, भारत के लिए कई मायनों में एक बड़े बदलाव का प्रतीक बनेगी। विकास की नई राहें खुलने के अलावा चंद्रयान-3 की कामयाबी, बॉर्डर की सुरक्षा के मोर्चे पर भी काफी मददगार साबित होगी। लद्दाख व दूसरे क्षेत्रों में चीन ने बॉर्डर पर नजर रखने और भारतीय सेना की गतिविधियों का पता लगाने के लिए 72 मिलिट्री सेटेलाइट छोड़ रखे हैं। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद ड्रैगन की दादागिरी खत्म की जा सकेगी। शत्रु राष्ट्र की हरकत काबू में रहेगी। स्पेस कमीशन के सदस्य डॉ. किरण कुमार ने बताया कि चंद्रयान की सफलता के बाद, चीन जो बहुत कम अंतराल पर बॉर्डर के किसी न किसी हिस्से में घुसपैठ का प्रयास करता रहता है, उसकी सेना की मिनट-टू-मिनट मूवमेंट का पता चल सकेगा। भारत, चीन को अपनी क्षमता दिखा सकता है। पाकिस्तान और दूसरे देशों से लगती सीमा पर भी सटीक निगरानी हो सकेगी। डॉ. किरण कुमार ने बताया, भारत-चीन सीमा पर सर्विलांस करने में चंद्रयान-3, बहुत मददगार साबित होगा। भारत चीन सीमा पर कुछ वर्षों से घुसपैठ की गतिविधियां बढ़ रही हैं।

इसरो के डाटा सेंटर को मिलेगी पल-पल की जानकारी

वैज्ञानिकों का कहना है कि 14 दिनों के भीतर रोवर चांद पर अपने तय रास्ते को न सिर्फ पूरा करेगा बल्कि उसकी पूरी सूचनाएं भी इसरो के डाटा सेंटर को भेजता रहेगा। संजीव सहजपाल का कहना है कि सिर्फ रोवर ही नहीं बल्कि लैंडर के माध्यम से भी सूचनाएं और पूरी तकनीकी जानकारियां मिलती रहेंगी। वह बताते हैं कि लैंडर और रोवर 14 दिनों तक पूरी सक्रियता के साथ हमें सूचनाएं भेजेगा। तमाम विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयार किए जाने वाले लैंडर और रोवर के पावर बैकअप की क्षमता 14 दिनों तक सबसे ज्यादा होती है। उसके बाद की सूचनाएं या तो मिलनी बंद हो जाएंगी या उनकी स्पीड ना के बराबर हो जाएगी। हालांकि अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का मानना है कि 14 दिनों के भीतर मिलने वाली सूचनाएं अंतरिक्ष में चांद पर की जाने वाली तमाम संभावनाओं की सबसे महत्वपूर्ण जानकारियां होंगी। चांद पर जीवन की संभावना ना के बराबर है। इसलिए जो भी शोध या मिशन चंद्रमा पर किए जा रहे हैं वह अनसुलझे रहस्य को सुलझाने के साथ-साथ वहां की मिट्टी, ऊर्जा, ऊष्मा को भविष्य के लिहाज से मानव जीवन की बेहतरी के लिए किए जा रहे हैं।

चंद्रयान की लैंडिंग के साथ ही भारत को मिलेगा खजाना

- सोने से भी ज्यादा कीमती है यह बर्फ
- विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए हमेशा से रहस्य रहा चांद का दक्षिणी ध्रुव

चेन्नई, 23 अगस्त (एजेंसियां)। चंद्रयान की सफल लैंडिंग के साथ ही भारत को चंद्रमा का खजाना हाथ लग जाएगा। दरअसल, चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव वह हिस्सा है जो विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए हमेशा से रहस्य रहा है। दक्षिणी ध्रुव पर वह जगह है जहां पर कुछ हिस्सों में एकदम अंधेरा है तो कुछ पर रोशनी नजर आती है। इसके करीब धूप-पानी दोनों है। कुछ हिस्सों में स्थाई रूप से छाया के साथ बर्फ जमा होने की बातें भी सामने आई है। अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा का दावा है कि, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के कुछ गड्ढों पर तो अरबों वर्षों से सूरज की रोशनी नहीं पहुंची है। इन गड्ढों वाली जगह का तापमान -203 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। दुनिया के वैज्ञानिकों का मानना है कि, चंद्रमा पर यह बर्फ दरअसल अंतरिक्ष का सोना है। इसका खनन पीने के पानी के लिए किया जा सकता है। साथ ही साथ या सांस लेने के लिए जरूरी ऑक्सीजन और रॉकेट फ्यूल के लिए भी इसे हाइड्रोजन में बांटा जा सकता है। जबकि वैज्ञानिकों की राय है कि, इस ईंधन का प्रयोग न सिर्फ पारंपरिक अंतरिक्ष यान के लिए किया जाएगा, बल्कि उन हजारों उपग्रहों के लिए भी किया जा सकता है उन्हें अलग-अलग मकसद के लिए अंतरिक्ष में भेजा जाता है।

चंद्रयान में शोध से बनेंगे अरबों डॉलर

भारत के चंद्रयान-3 द्वारा की गई खोज इस इस मून इकॉनोमी के लिए बड़े दरवाजे खोलेगी। क्योंकि कई अहम जानकारी हमारे पास होगी, तो व्यापार भी हमारे पास ही आएगा। साल 2040 तक मून इकॉनमी के 4200 करोड़ डॉलर के होने का अनुमान है। चांद तक ट्रांसपोर्टेशन का बिजनेस 2040 तक 42 अरब डॉलर तक जा सकता है। इसके अनुसार मून इकॉनमी के 2026 से 2030 तक 19 अरब डॉलर, 2031 से 2035 तक 32 अरब डॉलर और 2036 से 2040 तक 42 अरब डॉलर तक जाने का अनुमान जताया है। इसके अलावा भारत के पास चंद्रमा का जो डेटा होगा, उससे भी व्यापार किया जा सकता है। कई देश हैं, जो चांद पर सफल लैंडिंग नहीं कर सकते हैं। वे रिसर्च के लिए भारत से करोड़ों डॉलर में डेटा खरीद सकते हैं। इससे वे बिना चांद पर जाए अपनी रिसर्च कर सकते हैं। चांद पर पानी मिलता है, तो उस पानी से ऑक्सीजन बनाई जा सकती है। इससे भविष्य में वहां बेस भी बनाए जा सकते हैं। एक अनुमान के अनुसार साल 2030 तक चांद पर 40 और साल 2040 तक 1000 एस्ट्रोनॉट रह रहे होंगे। इसके लिए चंद्रयान-3 की रिसर्च काफी काम आएगी। चंद्रमा पर हीलियम-3 की मौजूदगी है। इसकी अच्छी खासी क्षमता है। अगर इसका इस्तेमाल हुआ तो दुनिया में ऊर्जा का संकट टल जाएगा। डॉ.सीएम नौटियाल बताते हैं, परमाणु रिएक्टरों में हीलियम-3 का इस्तेमाल करने से रेडियोएक्टिव कचर पैदा नहीं होता। सूरज से आने वाली किरणें सौर पवन, चंद्रमा की मिट्टी में घुसी हुई हैं। इसके चलते वहां हीलियम-3 की मात्रा बढ़ती रहती है। हीलियम-3, नाभकीय संलयन के लिए इंधन का काम करेगा। यह हीलियम-4 से ज्यादा कुशल होता है। इसके जरिए ज्यादा एनर्जी विकसित होती है। पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक संयंत्र आईटीईआर का प्रयोग हो रहा है। इसमें नाभकीय संलयन पर काम चल रहा है। इसके माध्यम से प्रदूषण मुक्त ऊर्जा पैदा हो सकेगी। दुनिया के तमाम देशों की इस ओर निगाहें हैं। चंद्रयान-3 की सफलता का भू राजनीतिक महत्व है। इसकी कामयाबी के बाद हमें दूसरे ग्रहों पर जाने के लिए एक स्टेशन मिल जाएगा।

अंतरिक्ष उद्योग, शिक्षाविदों ने ऐतिहासिक चंद्रयान की लैंडिंग पर जताई खुशी

CHANDRAYAAN 3
ISRO
INDIA

नई दिल्ली। *अंतरिक्ष उद्योग ने बुधवार को भारत के चंद्रमा के सतह के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 लैंडर को सफलतापूर्वक उतारे जाने पर इस ऐतिहासिक उपलब्धि की जमकर सराहना की। भारतीय अंतरिक्ष संघ ने कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अंतरिक्ष की बढ़ती पहुंच को रेखांकित करती है और चुनौतीपूर्ण अभियानों को पूरा करने में भारत के अटूट संकल्प और दृढ़ता को प्रदर्शित करती है। एसोसिएशन ने कहा कि इसके अलावा, यह चंद्रमा पर स्थायी संरचनाएं स्थापित करने के मकसद से उभरते ल्यूनगर एक्सप्लोरेशन युग में भारत की भागीदारी के लिए सकारात्मक संकेत है। 14 जुलाई, 2023 को श्रीहरिकोटा से लांच किए गए चंद्रयान-3 मिशन में विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर प्रमुख घटक हैं। हालांकि इसरो के इस मिशन में कई निजी कंपनियों ने योगदान दिया है। जैसे लार्सन एंड टुब्रो , वालचंदनगर इंडस्ट्रीज, सेंटम इलेक्ट्रॉनिक्स, गोदरेज एंड बॉयस और अनंत टेक्नोलॉजीज। सफल लैंडिंग भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र की क्षमता को दर्शाती है और भारत को पूरी दुनिया के उन कुछ देशों में शामिल करती है जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष संघ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट (सेवानिवृत्त) ने कहा, यह निजी क्षेत्र के लिए रोमांचक अवसरों का भी अग्रदूत है। अनंत टेक्नोलॉजीज (एटीएल) के संस्थापक और सीएमडी डॉ सुब्बा राव पावुलुरी ने कंपनी को मौका देने के लिए इसरो का आभार व्यक्त किया। हैदराबाद में मुख्यालय वाली यह कंपनी इसरो के सभी लॉन्च वाहन और उपग्रह मिशनों में योगदान दे रही है। एटीएल ने इस मिशन के लिए कई एवियोनिक्स पैकेजों के निर्माण में भाग लेकर चंद्रयान -3 लॉन्च वाहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*

सार संक्षेप

बलराम जाखड़ की जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

नई दिल्ली। लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ.बलराम जाखड़ की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों, राज्य सभा के महासचिव, पी.सी.मोदी तथा लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों के अधिकारियों ने डॉ.जाखड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुजरात की एक फैक्ट्री में जहरीली गैस का रिसाव

भरूच/गुजरात। गुजरात के भरूच जिले में बुधवार को एक फैक्ट्री परिसर में जहरीली गैस का रिसाव हो गया। जिसकी चपेट में एक दर्जन से अधिक मजदूर आ गए। रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 18 मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार जब गैस रिसाव की घटना हुई तब फैक्ट्री में लगभग 2` कर्मचारी काम कर रहे थे।

झारखंड में ईडी की 32 जगहों पर छापामारी

रांची। झारखंड में शराब घोटाले मामले में ईडी की टीम ने आज सुबह रांची, देवघर और दुमका गोड्डा सहित राज्य के 32 ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के कारोबार में कथित रूप से शामिल मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव के ठिकाने पर भी ईडी की छापेमारी चल रही है। मंत्री के बेटे का पैसा शराब कारोबारी के कारोबार में लगा हुआ है और इसे लेकर ही ईडी मंत्री के बेटे के ठिकानें पर छापेमारी कर रही है। रांची में कुल सात जगहों पर ईडी रेड कर रही है। वहीं देवघर में कुल आठ जगहों पर छापेमारी की सूचना है।

जीवन में कभी हार मत मानो : मुर्मू

गोवा विवि के दीक्षांत समारोह में नेल्सन मंडेला के कथन का किया जिक्र

CONVOCATION
AUGUST 2023

शिक्षण संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान में विश्व स्तरीय क्षमता विकास आवश्यक : द्रौपदी मुर्मु

पणजी, 23 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के कथन मुझे मेरी सफलताओं से मत आंकिए, मुझे इस आधार पर आंकिए कि मैं कितनी बार गिरा और फिर खड़ा हुआ का हवाला देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को युवाओं को सलाह दी कि परिस्थितियां कैसी भी हों, कभी हार नहीं माननी चाहिए। मुर्मू गोवा की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं, जो मंगलवार से शुरू हुई। उन्होंने राजभवन में गोवा विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। नेल्सन मंडेला के कथन का जिक्र करते हुए मुर्मू ने कहा, आज आपने जो डिग्रियां और स्वर्ण पदक अर्जित किए हैं, वे आपको नौकरी पाने या बिजनेस शुरू करने में मदद करेंगे। लेकिन, एक क्वॉलिटी, जो आपको बहुत आगे ले जा सकती है, वह है जीवन में कभी हार न मानने का साहस। परिस्थितियां कैसी भी हों, कभी हार नहीं माननी चाहिए। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में विश्व स्तरीय क्षमता विकसित करना आवश्यक है। शिक्षा एक आजीवन प्रक्रिया है। निरंतर सीखना जीवन में अवसरों के साथ-साथ चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है। आज का युवा ‘संकल्प काल’ में विकसित भारत का निर्माण करेगा। मुझे विश्वास है कि आप भारत को अधिक समृद्धि की ओर ले जाने का सपना पूरा करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप इस पहल के लिए गोवा विश्वविद्यालय की सराहना की।

राष्ट्रपति ने छात्राओं की सफलता को सराहा

राष्ट्रपति ने छात्राओं की सफलता की सराहना करते हुए कहा, मुझे खुशी है कि 55 प्रतिशत डिग्री धारक और 60 प्रतिशत स्वर्ण पदक विजेता लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन प्रमुख भूमिका निभाते हैं। मुझे बताया गया है कि गोवा यूनिवर्सिटी इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है, टीचिंग और वर्चुअल ओरिएंटेशन के लिए डिजिटल इंटीग्रेटेड सिस्टम प्रोग्राम चला रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हुई कि गोवा विश्वविद्यालय ने उन्नत भारत अभियान के तहत पांच गांवों को गोद लिया है, जहां स्थिरता मॉडल को अपनाकर सीपियों और मशरूम की खेती की जा रही है।

श्रीकांत शर्मा व सिद्धार्थनाथ सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी

- **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

- राजस्थान व छत्तीसगढ़ विस चुनाव को लेकर जताया दोनों नेताओं पर भरोसा
- योगी-दो कैबिनेट में नहीं मिली थी पहले कोई जगह

नई दिल्ली,23 अगस्त (देशबन्धु)। अपनी कार्यप्रणाली के चलते उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ पार्ट-दो सरकार में जगह न बना पाने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीकांत शर्मा और सिद्धार्थनाथ सिंह को भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। दोनों नेताओं को क्रमशः राजस्थान व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए मीडिया व सोशल मीडिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि इस साल के आखिर में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसमे से छत्तीसगढ़ और राजस्थान दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार है। भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले इन दोनों राज्यों की सत्ता पर फिर से काबिज होने के लिए पूरी ताकत झोक रही है। ऐसे में श्रीकांत शर्मा राजस्थान और सिद्धार्थनाथ सिंह को छत्तीसगढ़ में यह जिम्मेदारी सौंप पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इन दोनों नेताओं पर बड़ा भरोसा जताया है। राजस्थान में अब तक वैसे हर पांच साल बाद सत्ता बदलती रही है। लेकिन इस बार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अगुवाई में कांग्रेस व भाजपा के बीच कड़े मुकाबले की संभावना जताई जा रही है। वहीं छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस की सरकार है और लगातार दूसरी बार सत्ता पर काबिज होने को लेकर आश्वस्त है। ऐसे में श्रीकांत शर्मा और सिद्धार्थनाथ पर भरोसा जताकर पार्टी ने उन्हें बड़ी चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। माना जा रहा है कि अगर वे अपनी इस जिम्मेदारी निभाने में सफल रहे तो मुख्यधारा की राजनीति में एक बार फिर से इन दोनों नेताओं की वापसी हो सकती है।

कवायद *चीन सीमा पर चीनी सेना की घुसपैठ पर नकेल कसेगी वायुसेना*

न्योमा हवाई पट्टी को उन्नत करने की तैयारी पर चिढ़ा चीन

- **सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू,23 अगस्त (देशबन्धु)। चीन सीमा पर चीनी सेना की घुसपैठ के तीन सालों के अंतराल में कब्जे को हटाने की खातिर होने वाली 19 दौर की बातचीत में शामिल अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय वायुसेना पूर्वी लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी, फुक्चे व न्योमा में एडवांस लैंडिंग ग्राउंड भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए और बेहतर बना रही है और भारत की इस तैयारी से लाल सेना चिढ़ी हुई है।

- न्योमा में वायुसेना के लिए एडवांस लैंडिंग ग्राउंड रखता है महत्व

उसने इस पर 19वें दौर की बातचीत के दौरान आपत्ति भी जाहिर की है। इस समय पूर्वी लद्दाख में अपाचे अटैक हेलीकाप्टरों के साथ चिनूक हेलीकाप्टर, गरुड़ व एमआई हेलीकाप्टर दुश्मन पर कहर बरपाने को तैयार हैं।

वायुसेना के अधिकारियों का कहना है कि न्योमा इलाके में वायुसेना के लिए एडवांस लैंडिंग ग्राउंड बहुत महत्व रखती है। एलएसी के पास होने के कारण यह रणनीतिक रूप से अहम हैं। इससे लेह से एलएसी तक पहुंचने की दूरी कम हो जाती है। एलएसी तक साजो सामान व सैनिक पहुंचाना चंद मिनटों का काम है। भारत पूर्वी लद्दाख में दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ), फुकचे और न्योमा सहित कई विकल्पों पर विचार कर रहा है, जो चीन के साथ एलएसी से कुछ ही मिनटों की दूरी पर हैं।

न्योमा एएलजी से अपाचे हमले के हेलीकाप्टरों, चिनूक हेवी-लिफ्ट हेलीकाप्टरों और एमआई-17 हेलीकाप्टरों से गरुड़ स्पेशल फोर्स का संचालन भी किया जा रहा है। दरअसल एलएसी के निकट होने के कारण न्योमा एएलजी का सामरिक महत्व है। यह लेह हवाई क्षेत्र और एलएसी के बीच महत्वपूर्ण अंतर को पाटता है, जिससे पूर्वी लद्दाख में जवानों और सामग्री की त्वरित आवाजाही को सक्षम बनाता है, जिससे इलाके की कठिनाइयों को पार किया जा सके।

वरिष्ठ अधिकारियों का कहना था कि एएलजी को जल्द ही लड़ाकू विमानों के संचालन के लिए अपग्रेड किया जा रहा है क्योंकि अधिकांश आवश्यक मंजूरी और अनुमोदन पहले ही आ चुके हैं। योजना के अनुसार, नए हवाई क्षेत्र और सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण सीमा सड़क संगठन द्वारा किया जाएगा।

इस क्षेत्र से लड़ाकू विमानों के संचालन की क्षमता से वायु सेना की विरोधियों द्वारा किसी भी दुस्साहस से तेजी से निपटने की क्षमता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी के बाद पूर्वी लद्दाख सेक्टर में निर्माण कार्य का उद्घाटन जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। लद्दाख में 646 किमी लंबी सीमा पर चीन की ओर से लगातार बढ़ रहे सैन्य दबाव के बीच भारत ने वर्ष 2008 की 31 मई को लद्दाख क्षेत्र में एलएसी से महज 23 किलोमीटर दूर अपनी एक और हवाई पट्टी खोली थी।

इससे पहले वर्ष 2009 में मई तथा नवम्बर महीने में उसने दो अन्य हवाई पट्टियों को खोल कर चीन को चिढ़ाया जरूर था।

देशबन्धु

बिलासपुर, गुरूवार 24 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

चन्द्रयान-3 : बना रहे साइंटिफिक टेम्परामेंट

ब्रह्मांड के सबसे खूबसूरत तथा अब तक ज्ञात एकमात्र मानवीय बस्ती वाले ग्रह अर्थात धरती से अपने सबसे नज़दीक के खगोलीय पड़ोसी चन्द्रमा को लक्षित कर 14 जुलाई को दागे गये चन्द्रयान-3 ने आखिरकार बुधवार की शाम अपनी यात्रा के 42वें दिन शाम 5 बजकर 45 मिनट पर लैंडिंग की प्रक्रिया प्रारम्भ की। ठीक 6 बजकर 4 मिनट पर करोड़ों देशवासियों का सपना पूरा करते हुए उसके लैंडर ने चांद के सतह को छू लिया। उस वक्त वहां सुबह थी।

वैसे तो चन्द्रयान-3 ने पृथ्वी के उपग्रह या चांद कहे जाने वाले इस उपग्रह की ओर बढ़ते हुए प्रारम्भिक चरण से ही सफलता के संदेश दे दिये थे क्योंकि उसके सारे उपकरण एवं सारी प्रणालियां बिलकुल ठीक काम कर रही थीं। पुराने अनुभवों से समृद्ध हुए और पिछली खामियों से सबक लेते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) की प्रतिभा व ज्ञान के प्रतीक चन्द्रयान-3 ने अपनी इस कामयाबी से आधुनिक भारत के निर्माताओं की दूरदर्शिता एवं वैज्ञानिक सोच का फिर से लोहा भी मनवाया है। करीब साढ़े चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी से मंगल गृह के आकार के एक बड़े ग्रह के टकराने से, जिसे खगोल वैज्ञानिकों ने 'थिया' नाम दिया है, पृथ्वी से बड़ी मात्रा में मैटर पिघलकर द्रव्य के रूप में अंतरिक्ष में फैल गया। आपस में जुड़ते और गुरुत्वाकर्षण के कारण करोड़ों वर्षों तक पृथ्वी की लगातार परिक्रमा करते हुए पृथ्वी के उस साथी उपग्रह का निर्माण हुआ जिसे आज हम चांद या चंद्रमा के नाम से जानते हैं और जो एक ओर तो विविध कला-विधाओं में रुचि रखने वालों के लिए कभी प्रेरणा तो कभी उपमा या कभी अलंकार के रूप में काम करता है। दूसरी तरफ़ वह खगोल वैज्ञानिकों व भौतिकशास्त्रियों के लिये जीवन व अनेक जटिल सिद्धातों को हल करने का जरिया भी है।

पृथ्वी से अन्य किसी भी खगोलीय पिंड के मुकाबले इसकी दूरी सबसे कम है- केवल 3,84,400 किलोमीटर। इसका व्यास पृथ्वी का एक चौथाई है और पृथ्वीवासियों के लिये आसमान में सूर्य के बाद यह सबसे चमकदार निकाय है- बावजूद इसके कि उसकी खुद की रोशनी नहीं है और वह सूर्य की रोशनी के परावर्तित होने से हमें दिखता है। उस पर दिखने वाले असंख्य दाग दरअसल उसकी सतह से लाखों उल्का पिंडों के टकराने से बने हैं जिसने बड़े गड्ढों का निर्माण तो किया ही है, उसे काफी हद तक गोलाकार बनने में मदद भी मिली है। पृथ्वी का यह एकमात्र उपग्रह (चांद) बेहद ठंडा है और उसका गुरुत्वाकर्षण बहुत कम है। यहां वायुमंडल अनुपस्थित है और पृथ्वीवासियों को इसका बहुत कम हिस्सा दिखलाई पड़ता है। चांद का दक्षिणी हिस्सा कभी भी सूर्य के सामने न आने से वहां और भी ज्यादा ठंड है। यहां तापमान -203 से -243 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वैसे वैज्ञानिकों का मानना है कि वहां बड़ी मात्रा में ठोस रूप में पानी मौजूद है। अब तक जितने भी मून मिशन में गये हैं वे सारे उन हिस्सों पर उतरे हैं जो सूर्य के सामने होते हैं लेकिन चन्द्रयान-3 दक्षिणी हिस्से में उतरा है। यह भारतीय वैज्ञानिकों की विशेष उपलब्धि है।

ऐसे अनेक कारणों से चन्द्रमा एवं चन्द्रयान-3 लोगों की उत्सुकता का कारण रहा है और हर व्यक्ति इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहता है। पृथ्वी के साथ ही सम्पूर्ण ब्रह्मांड की रचना के कारकों और भविष्य को जानने का मानव के लिये सबसे नज़दीक का जरिया चंद्रमा ही है। पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत की जानकारी से लेकर भविष्य में पृथ्वीवासियों के लिये वैकल्पिक मानव बस्तियों की सम्भावना टटोलने तक के लिये खगोलशास्त्री व वैज्ञानिक लम्बे समय से चांद को निहारते रहे हैं। इसके बारे में वैज्ञानिक समझ ज्ञान का पैमाना रहा है। इस मिशन का बड़ा महत्व इस लिहाज से भी है कि इस सफलता ने भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे गिनती के देशों की श्रेणी में बैठाया है। इसका श्रेय निसंदेह भारत के सार्वजनिक उपक्रमों के सिरमौर कहे जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों को जाता है। उनकी कड़ी मेहनत, ज्ञानार्जन की उत्कंठा, मेधा और चेतना ने सभी भारतीयों को आज यह महान उपलब्धि दिलाई है।

इस मिशन के बारे में आगे भी खूब चर्चा होती रहेगी और सम्भव है कि इसका श्रेय लेने की छीना-झपटी भी हो, परन्तु यह ऐसा अवसर है जब हमें अपने राष्ट्रीय चरित्र से उस गुम होते फिनोमेना को पुनर्जाग्रत करने का संकल्प लेना होगा जिसका उल्लेख भारतीय संविधान में 'साइंटिफिक टेम्परामेंट' के नाम से जाना जाता है और देश में इसे निर्मित करना सरकार का दायित्व माना गया है। आधुनिक भारत के निर्माता व प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने केवल यह शब्द (साइंटिफिक टेम्परामेंट) ही नहीं दिया बल्कि इस भावना के अनुकूल समाज बनाने में इसरो जैसी संस्थाएं दीं एवं डॉ. विक्रम साराभाई, सतीश धवन आदि से लेकर एपीजे अब्दुल कलाम जैसे राकेट वैज्ञानिकों को निखरने एवं उन्हें अपनी प्रतिभा के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का माहौल दिया। देश की इस वैज्ञानिक चेतना की विरासत को बनाये रखने में सारी सरकारों ने मदद की लेकिन पिछले कुछ समय से विज्ञान की जगह आस्था और अंधविश्वास ने ली है तथा जिसे मौजूदा सरकार राजनैतिक कारणों से पूरा बढ़ावा दे रही है। यह दुर्भाग्यजनक और चिंताजनक दोनों ही है। इस मायने में चन्द्रयान-3 एक बेहद कठिन टास्क माना जा सकता है कि ऐसे वक्त में जब देश के छात्रों व युवाओं की रुचि विज्ञान में लगातार घट रही है, नाले की गैस से चाय बनाने व पकौड़े तलने, ताली-थाली बजाकर व मोमबत्तियां जलाकर कोरोना भगाने, बादलों में छिपकर रडार को चकमा देने और टर्बाईन से पानी व ऑक्सीजन को अलग करने वाले वैज्ञानिकों का बोलबाला हो, प्रयोगशालाएं सूनी हो रही हों और दुनिया के सारे रहस्यों को सुलझाने के सिद्धांत पुरानी किताबों में पाये जा रहे हों- यह उपलब्धि कई गुना बढ़कर महसूस की जानी चाहिये।

एक आंसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

मुझे नहीं मालूम कि अरनाज़ बानो के दिल में इस वक्त किस तरह के ख्याल आ रहे होंगे। उनके मां-बाप किस किस्म की हताशा और निराशा को महसूस कर रहे होंगे। लेकिन मुझे इतना पता है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले इस देश के मुखिया जब लालकिले पर चढ़कर, नयी पगड़ी पहने ये घमंड भरा ऐलान कर रहे थे कि अगले साल भी मैं ही आऊंगा, उस वक्त उनके गृहराज्य गुजरात की एक बेटी की आंखें आंसुओं से भरी हुई थीं, क्योंकि उसे उस उपलब्धि का सम्मान भी नहीं लेने दिया गया, जिसकी वो हकदार थी। उपलब्धियों का सुख क्या होता है, ये वही लोग समझ सकते हैं, जिन्होंने खुद कभी कुछ करके दिखाया हो। और इस मामले में मौजूदा निजाम एकदम कंगाल नजर आता है। अभी चांद की सतह छूने और चंदा मामा को धरती की राखी भेजने पर जो थाली-ताली पीटी जा रही है, उसकी नींव भी नेहरूजी के जमाने में ही तैयार हुई थी। संयोग है कि विक्रम साराभाई भी गुजरात के ही थे। जहां उन्होंने भारत के लिए अंतरिक्ष को छूने वाले बड़े सपने देखे और उन सपनों को सच करने का रास्ता नेहरूजी ने तैयार किया। कल्पना कीजिए कि आज के जमाने में अगर साराभाई प्रस्ताव रखते कि हमें अंतरिक्ष कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना है, तकनीकी के सहारे शिक्षा को दूर-दराज के गांवों तक पहुंचाना है, किसानों को शिक्षित करना है, कपड़ा बनाने वाले बुनकरों को आधुनिक तकनीकी का ज्ञान देकर समृद्ध बनाना है और ये सब सरकार के अंतर्गत करना है, तो क्या विक्रम साराभाई को सरकार का सहयोग मिलता। मेरे ख्याल से तो नहीं मिलता, क्योंकि आज जो व्यक्ति की शिक्षा की बात करे, शिक्षित राजनेताओं की बात करे, उसे नौकरी से निकाल दिया जाता है। किसानों के हक में आवाज उठाने वालों को आतंकवादी कहा जाता है। बुनकरों के विकास से ज्यादा जरूरी उद्योगपति मित्रों का विकास जरूरी माना जाता है। इसलिए विक्रम साराभाई और होमी जहांगीर भाभा जैसे वैज्ञानिकों के सपने शुरुआत में ही रौंद दिए जाते और उन्हें सलाह मिलती कि वेदों में विज्ञान से विकास का रास्ता तलाशें।

खैर भाजपा स्वतंत्रता के वक्त नहीं थी, न ही दक्षिणपंथी विचारकों ने कभी आजाद भारत में विकास के सपने देखे। उनका बस चलता तो वे भारत को मध्ययुग की गुफाओं में ही भटकाते रहते। दो उदाहरणों से ये बात समझ आ जाएगी। 1938 में 'वी एंड आवर नेशनहुड डिफाइंड' में गोलवलकर लिखते हैं-'नस्ल और उसकी संस्कृति की शुद्धता बनाए रखने के लिए जर्मनी ने अपने देश को सेमिटिक नस्लों-यहूदियों से मुक्त करके दुनिया को चौंका दिया...जर्मनी ने यह भी दिखाया है कि भिन्न नस्लों और संस्कृतियों के लिए एक संपूर्णता में समाहित हो पाना कितना असंभव है। हिंदुस्तान में हमारे लिए सीखने और लाभ उठाने के लिए यह एक अच्छा सबक है।'

यानी गोलवलकर भारत को हिटलर वाली जर्मनी के रास्ते पर भेजने के लिए तैयार थे। जर्मनी में नस्लीय शुद्धता के नाम पर हुए नरसंहार से वे हिंदुस्तान को प्रेरणा लेने कहते हैं। जबकि इसी दौरान 1938 में राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद में व्याख्यान देते हुए नेहरू कहते हैं- हमारी समस्याएं बहुत बड़ी हैं। इन्हें अकेले राजनेता हल नहीं कर पाएंगे, क्योंकि हो सकता है कि उनके पास वैज्ञानिक विशेषज्ञता और दूरदृष्टि न हो; उन्हें अकेले वैज्ञानिक भी हल नहीं कर पाएंगे, क्योंकि उनके पास राजनीतिक शक्ति और व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण नहीं होगा जो हर चीज को अपने दायरे में ले लेता है। वे समस्याएं विज्ञान और राजनीति इन दोनों के सहयोग से ही हल हो सकती हैं और होंगे।

दोनों विचारों में कितना फर्क है। कहां नेहरूजी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देश की समस्याओं का हल तलाश रहे थे और कहां गोलवलकर नरसंहार की वकालत कर रहे थे। इतिहास के पन्नों को पलटें तो ऐसे अनेक दृष्टांत मिल जाएंगे। लेकिन आज हजार साल बाद के भारत की बात करके मोदी सरकार देश के असली इतिहास से जनता का ध्यान भटका रही है। आज भारत गोलवलकर जैसी सोच रखने वालों की तर्ज पर ही चलाया जा रहा है। आजादी के बाद जो व्यवस्थाएं तत्कालीन सरकारों ने बनाईं और जो व्यवस्था 2014 तक सुचारू चलती रही, उस वजह से अभी भारत में हालात काफी हद तक संभले हुए हैं, लेकिन सवाल यही है कि कब तक हम खैर मनाएंगे। बारुद के ढेर पर बैठे रहने पर विस्फोट का खतरा बना ही रहता है। फिलहाल उसकी चिंगारियां देश में जगह-जगह दिख रही हैं। मणिपुर, हरियाणा इन चिंगारियों की भेंट चढ़ चुके हैं। गुजरात ने 2002 में यह सब भुगत लिया है। और अब वहां हिंदू-मुस्लिम खाई इतनी गहरी बन चुकी है कि इसमें मासूमों को भी नहीं बख्शा जा रहा है।

15 अगस्त को जब प्रधानमंत्री मोदी लालकिले पर न केवल अपनी वापसी का ऐलान कर रहे थे, बल्कि अमृतकाल की उपलब्धियों को गिना रहे थे, उसी समय गुजरात के मेहराणा के एक छोटे से गांव लुनावा के एक स्कूल में एक दसवीं कक्षा में पहले नंबर पर आने वाली बच्ची को केवल इसलिए पुरस्कृत नहीं किया गया, क्योंकि वो मुस्लिम थी। अरनाज़ बानो सिपाही 15 अगस्त के जलसे में इंतजार करती रही कि उसका नाम पुकारा जाएगा और उसे सम्मानित किया जाएगा, क्योंकि स्कूल में 10वीं और 12वीं में पहले स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया जा रहा था। लेकिन अरनाज़ का नाम लिया ही नहीं गया और दूसरे स्थान पर आने वाली बच्ची को सम्मानित किया गया आत्मसम्मान पर लगी इस गहरी ठेस को लिए अरनाज़ जब रोते हुए घर पहुंची तो उसके पिता सरवर खान ने स्कूल के प्रिंसिपल अनिल पटेल और संचालक बिपिन पटेल से इस बात की शिकायत की कि मेरी बच्ची पहले नम्बर पर पास हुई थी फिर भी आपने उसका नाम रद्द क्यों किया, जिस पर स्कूल के प्रिंसिपल और संचालक की तरफ से गोल-मोल जवाब मिले कि अरनाज़ बानो को एक नहीं 10 इनाम 26 जनवरी 2024 को हम देंगे। इस पर सनवर खान ने कहा हमको इनाम नहीं चाहिए लेकिन अगर मेरी बेटी का सम्मान होता तो हमें गौरव होता।'

अरनाज़ ने 10वीं में 87 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया था, लेकिन शायद उस बच्ची की धार्मिक पहचान उसकी शैक्षणिक योग्यता पर भारी पड़ गई। अरनाज़ के पिता अब इस मसले पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते, क्योंकि उन्हें 2024 के चुनावों में बनने वाले माहौल का अहसास है। सवाल ये है कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास नारा देने के साथ ऐसा माहौल क्यों नहीं बनाया कि कोई पिता अपनी बच्ची की उपलब्धि के बावजूद लाचार महसूस न कर सके। इस घटना के बाद अब अरनाज़ भी डरी हुई है कि अब वह स्कूल कैसे जाए। उसे आगे पढ़ना है, मगर भेदभाव ने उसके अबोध मन पर गहरा निशान छोड़ दिया है। इस मामले में भेदभाव के आरोप से स्कूल ने साफ इंकार कर दिया है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि हमारा स्कूल किसी भी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ सख्त नीति रखता है। निश्चिंत रहें, योग्य छात्रा को 26 जनवरी को उसका इनाम मिलेगा, यह उल्लेखनीय है कि वह निर्धारित दिन पर अनुपस्थित थी, जिससे इनाम देने में बाधा उत्पन्न हुई।' यानी स्कूल रिकार्ड में अरनाज़ 15 तारीख को उपस्थित ही नहीं हुई थी। यह चीन पर मोदीजी के दिए गए बयान जैसा ही है। न कोई आया है, न कोई घुसा है। तो फिर किसी को लाल आंखें दिखाने या नाम लेकर चेतावनी देने का मतलब ही नहीं है।

लेकिन धुआं उठा है, तो जाहिर है कहीं न कहीं चिंगारी जरूर लगी है। शिक्षा, विज्ञान, मेलजोल की संस्कृति, धार्मिक सहिष्णुता, इन सबको भारत के रजिस्टर से गैरहाजिर बता कर कुछ सालों का सत्ता सुख तो हासिल किया जा सकता है, मगर इससे एक-दो नहीं, लाखों-करोड़ों आंखों में आंसुओं का सैलाब आएगा, इस सैलाब में कौन, कैसे बहेगा, ये भी इतिहास में दर्ज हो ही जाएगा।

मुनव्वर राना ने लिखा है-

एक आंसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है,
तुम ने देखा नहीं आंखों का समुंदर होना।।

> 15 अगस्त को जब प्रधानमंत्री मोदी लालकिले पर न केवल अपनी वापसी का ऐलान कर रहे थे, बल्कि अमृतकाल की उपलब्धियों को गिना रहे थे, उसी समय गुजरात के मेहराणा के एक छोटे से गांव लुनावा के एक स्कूल में एक दसवीं कक्षा में पहले नंबर पर आने वाली बच्ची को केवल इसलिए पुरस्कृत नहीं किया गया, क्योंकि वो मुस्लिम थी।

परिसीमन से असम के प्रमुख समुदाय और जातीय समूह हैं परेशान

■ आशीष विश्वास

असम में विवादास्पद और अंततः अनिर्णायक एनआरसी ऑपरेशन की तरह, चुनाव आयोग द्वारा किये गये विधानसभा और लोकसभा सीटों के परिसीमन ने भी मौजूदा जातीय विभाजन को गहरा कर दिया है, जिससे राज्य में ताजा राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है।

अब जबकि चुनाव आयोग के परिसीमन प्रस्तावों को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है, तो केवल सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही 140 लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के क्षेत्रीय पुनर्निर्धारण से खुश दिख रही है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा, जो पूर्व कांग्रेसी से भाजपा के वर्तमान कट्टरपंथी बने, चुनाव आयोग की इस पहल के सक्रिय समर्थक रहे हैं।

भाजपा द्वारा संचालित प्रशासन का उद्देश्य, जैसा कि प्रत्यक्ष रूप से और अन्यथा भी स्वीकार किया गया है, स्पष्ट रूप से असमिया हितों और आकांक्षाओं- स्थानीय बोलचाल में भूमिपुत्र- का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियों के लिए दोनों सदनों में एक आरामदायक बहुमत सुनिश्चित करना था।

विभिन्न पक्षों द्वारा जारी किये गये बयानों या इस मुद्दे पर रिपोर्टों और विश्लेषणों को बड़ी संख्या में स्पष्ट किया गया है कि यह लक्ष्य पर्याप्त रूप से हासिल किया गया है। यह आरोप लगाया गया है कि इस प्रक्रिया में, ऊपरी असम में बोडो के साथ-साथ बराक घाटी में आदिवासियों और बड़ी संख्या में बंगालीभाषी हिंदुओं और मुसलमानों सहित प्रमुख जातीय समूहों के हितों और भावनाओं को नजरअंदाज कर दिया गया है। बराक घाटी के तीन जिलों में प्रस्तावित बदलावों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और बंद हुए हैं, जबकि जन संगठनों और समूहों ने राहत के लिए सर्वोच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया है।

कोकराझार के पूर्व सांसद, बोडो नेता श्री संसुमाखुंगर बिस्मुटियारी ने भी परिसीमन प्रस्तावों का विरोध किया है और जरूरत पड़ने पर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की योजना की घोषणा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासियों को बुरी तरह निराश किया गया है।

विधानसभा और संसदीय सीटों के पुनर्सरेखण ने उनके जनसांख्यिकीय चरित्र को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में काफी हद तक बदल दिया है : जमीनी स्तर की रिपोर्टों के अनुसार, कुछ स्थानों पर 4,00,000 से अधिक मतदाताओं वाले निर्वाचन क्षेत्र हैं, जबकि अधिकांश सीटों पर यह संख्या 1,20,000 के आसपास ही होगी।

निर्वाचन क्षेत्रों की भौतिक सीमाओं को भी काफी हद तक बदल दिया गया है, जिसका स्पष्ट इरादा संख्या के मामले में एक विशेष समुदाय या समूह को दूसरों पर हावी करना है! नकारात्मक रूप से प्रभावित समूहों ने पहले ही ऐसे 'राजनीति से प्रेरित परिवर्तनों' को प्रायोजित करने के लिए चुनाव आयोग और राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है।

चुनाव आयोग ने पार्टियों और समूहों के लिए विशेष सुनवाई की व्यवस्था की, लेकिन अपनाई गई प्रक्रियाओं से अधिकांश पार्टियों का मोहभंग हो गया। उदाहरण के लिए, बराक घाटी के प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके पास सैकड़ों शिकायतें थीं, लेकिन उन्हें अपना मामला पेश करने के लिए 30 मिनट से थोड़ा ही अधिक समय मिला। इसी तरह के विचार छोटे आदिवासी समुदायों से भी आए।

ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद अल्पसंख्यक नेता बदरुद्दीन अजमल ने पहले आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग की सिफारिशों ने एक समुदाय के रूप में मुसलमानों को स्पष्ट रूप से लक्षित किया है। प्रावधानों ने मुसलमानों को पहले की तुलना में छोटे मतदान समुदायों के रूप में छोड़ने के लिए निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के नाम पर तबाही मचाई। उन्होंने इस तरह के युद्धाभ्यास के खिलाफ अदालत जाने की धमकी दी।

बांग्ला भाषी बराक डेमोक्रेटिक फ्रंट (बीडीएफ) के नेता, जो पहले ही शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा चुके हैं, ने आरोप लगाया कि तीन जिलों में विधानसभा सीटों की संख्या 15 से घटाकर 13 कर दी गई है।

फिर बिस्मुटियरी ने यह भी आरोप लगाया कि जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 15 से घटाकर केवल 6 कर दी गयी है। संबंधित राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के साथ बिना किसी पूर्व चर्चा के उठाया गया ऐसा कदम न केवल आदिवासियों के साथ भेदभाव करता है बल्कि इसने केंद्र और विभिन्न राज्यों से संविधान-प्रदत्त उनके कई बुनियादी अधिकारों को छीन लिया तथा एक अनुसूचित, संरक्षित समूह के रूप में उनकी कानूनी रूप से परिभाषित स्थिति का उल्लंघन किया।

मुख्यमंत्री के रूप में श्री शर्मा ने प्रस्तावित परिवर्तनों का जोरदार बचाव किया, यह दावा करते हुए कि वे 'भूमिपुत्रों' के हितों और स्थिति की रक्षा करना चाहते थे, जिनका भविष्य हाल के वर्षों में बांग्लादेश से अवैध प्रवासन के कारण खतरे में आ गया था। जनजातीय हितों को भी ध्यान में रखा गया था और वास्तव में किसी के पास शिकायत का कोई आधार नहीं है।

मोटे तौर पर, प्रस्तावित परिवर्तनों की सीमा क्या है और इसमें कितनी सीटें शामिल हैं?

प्रदेश भाजपा नेताओं की टिप्पणियों और खुलासों से एक तरह का जवाब मिल गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और नागांव से 4 बार के भाजपा सांसद, अनुभवी राजेनगोहेन द्वारा हाल ही में सत्तारूढ़ दल पर जोरदार हमला किया गया है। वर्तमान में वह असम के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री हैं।

उनके 2024 में नागांव संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की उम्मीद है, परन्तु उन्होंने कहा कि वह अब कभी नहीं जीत पायेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन प्रावधानों ने नागांव संसदीय की जनसांख्यिकीय प्रोफ़ाइल को पूरी तरह से बदल दिया है। इसे उन्होंने अपनी ही पार्टी भाजपा द्वारा एआईयूडीएफ को दिये गये सीधे उपहार के रूप में देखा।

उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों जयंत मल्लाह बरुआ और पीयूष हजारिका ने उनके आरोप को खारिज कर दिया। जैसा कि असम स्थित विभिन्न मीडिया में व्यापक रूप से रिपोर्ट किया गया है, श्री बरुआ ने असम की 126 विधानसभा सीटों में से कम से कम 102 सीटों पर 'भूमिपुत्रों' के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग की सराहना की। यह पहले के समय से एक सुखद विरोधाभास होगा, जब आप्रवासियों के वोट 40/50 सीटों के चुनावी नतीजे तय करते थे। इसी प्रकार, 14 लोकसभा सीटों में से 11 में परिसीमन प्रावधानों द्वारा स्वदेशी समुदायों की स्थिति और भविष्य को प्रभावी ढंग से संरक्षित किया गया है।

जहां तक श्री गोहेन की शिकायतों का सवाल है, एक अनुभवी राजनेता के रूप में, जिन्हें लंबे राजनीतिक कॅरियर के दौरान पर्याप्त पुरस्कार मिला है, वह अब शालीनता से सेवानिवृत्त हो सकते हैं और भाजपा को राजनीतिक रूप से मदद कर सकते हैं।

इस पृष्ठभूमि को देखते हुए, यह रिपोर्ट जानकर कोई आश्चर्य नहीं हुआ कि बराक घाटी स्थित पार्टियों ने पारंपरिक रूप से उपेक्षित तीन जिलों में रहने वाले लोगों के लिए न्यूनतम सुरक्षा, संरक्षा और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए एक अलग स्वायत्त 'पूर्वांचल' राज्य के लिए अपने नारे को पुनर्जीवित किया है। बीडीएफ नेताओं ने आरोप लगाया कि विशेष रूप से भाजपा के तहत, यह स्पष्ट हो गया है कि निचले असम में आम लोगों को राज्य प्रशासन से न्यूनतम न्याय भी नहीं मिलेगा।

> निर्वाचन क्षेत्रों की भौतिक सीमाओं को भी काफी हद तक बदल दिया गया है, जिसका स्पष्ट इरादा संख्या के मामले में एक विशेष समुदाय या समूह को दूसरों पर हावी करना है! नकारात्मक रूप से प्रभावित समूहों ने पहले ही ऐसे 'राजनीति से प्रेरित परिवर्तनों' को प्रायोजित करने के लिए चुनाव आयोग और राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है।

पावन प्रसंग

पर्व त्योहारों का प्रयोजन

वर्ष में प्रायः चालीस पर्व पहले से ही है। उनमें से दस का निर्वाह तो उत्तम है, वे दस पर्व इस प्रकार हैं-बसंत पंचमी, शिवरात्रि, होली, राम नवमी, गायत्री जयंती, गुरु पूर्णिमा, श्रावणी, जन्माष्टमी, विजयादसमी, दीपावली-इन दस का विशेष महत्व है। अतः पर्वों को उत्साहपूर्वक मनाया जाना चाहिए। इन्हें जहां भावनापूर्वक मनाया जाता है, वहां सुसंस्कारिता की उमंगें उठती रहती हैं और सत्प्रवृत्तियां पनपती रहती हैं। जिनकी आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति व समाज के लिए अनिवार्यतःहोती है। मनुष्य स्वभाव से ही अनुकरणशील प्राणी है। दूसरों को कोई शुभ काम करते देखकर उसके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा स्वतः ही उत्पन्न होती है। यही मूल कारण है कि सामूहिक आयोजनों के रूप में पर्वो का प्रचलन शुरु हुआ। समाज के ढांचे को सुव्यवस्थित बनाए रखने में पर्वों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

धर्मधारणा एवं आस्तिकता के भावों की वृद्धि के साथ ही धार्मिक और सामाजिक त्योहारों का एक प्रमुख उद्देश्य सामूहिकता की वृद्धि करना है। मानव जीवन की सफलता के लिए जैसे व्यक्तिगत उन्नति और सत्प्रवृत्तियों को ग्रहण करने की आवश्यकता है, वहीं समाज संगठन को सुदृढ़ बनाना और पारस्परिक सहयोग के द्वारा सामाजिक हित की बड़ी योजनाओं की पूर्ति करना भी अत्यावश्यक है। इसके लिए लोगों में पारस्परिक एकता, भाईचारे की मनोवृत्ति का उत्पन्न होना आवश्यक है। हमारे यहां होली, दीपावली, गंगा दशहरा आदि के जो त्योहार और पर्व नियत किए गए हैं, उनका विशेष उद्देश्य यही है कि लोग परस्पर प्रेमपूर्वक मिलें और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ बनाएं।

जो त्योहार या उत्सव किसी प्राचीन महापुरुष या अवतार की जयंती के रूप में मनाए जाते हैं, उनका एक बहुत बड़ा लाभ यह होता है कि जनता को उनके द्वारा सच्चरित्रता, नैतिकता, सेवा, सद्भावना आदि की शिक्षा देशों में मनाए जाते हैं और इस बात का ध्यान रखा जाता है कि जन साधारण अपने उन महान पूर्वजों के चरित्रों से उच्चकोटि के सद्गुणों की प्रेरणा प्राप्त करें। वास्तव में जिस समुदाय में ऐसे महापुरुषों का अभाव है, वह उन्नति की आशा नहीं रख सकता, क्योंकि साधारण मनुष्य के लिए बिना किसी मार्गदर्शन अथवा प्रकाश स्तंभ के संसार में सफलतापूर्वक अग्रसर हो सकना संभव नहीं है। यही कारण है कि उन्नति की कामना रखने वाली जातियां अपने पूर्व पुरुषों के चरित्रों और महान कार्यों को गौरव के साथ याद करती है। उदाहरण के लिए यूरोप में फ्रांस और एशिया में जापान का उल्लेख कर सकते हैं। ये दोनों देश अपेक्षाकृत छोटे होने पर भी वीर पूजा के गुण के कारण ही संसार की राष्ट्र मंडली में अग्रगण्य बन गए।

ज्ञान अकेला अपूर्ण और अधूरा है कर्म कुशलता के अभाव में कथनी और करनी में अंतर आने लगता है। श्रावणी पर्व अपने ज्ञान को, कर्म की शक्ति को सृजन की प्रेरणा देने वाला पर्व है। हमारा ज्ञान वाणी से नहीं, आचरण से व्यक्त हो। हमारी शक्ति किसी को दबाने/झुकाने या निरर्थक कार्यों में नहीं, सृजन में लगे। श्रावणी पर्व की पृष्ठभूमि में जो पौरामिक कथा है, विष्णु की नाभि से कमल नाल का निकलना और उसमें से ब्रह्मा का अवतरण होना तथा सृष्टि का निर्माण करना, वही अर्थ है और उसमें हमें सृजन की, निर्माण की ही प्रेरणा लेनी चाहिए।

श्रावणी पर्व में प्रधान रूप से ध्यान देने योग्य दो तथ्य हैं। शिखा परिष्कृत विचारणा,, आदर्शवादी आस्था, उत्कृष्ट जीवन नीति का प्रतीक है। राष्ट्र ध्वज को सर्वोपरि सम्मान दिया जाता है और उसी से यह जाना भी जा सकता है कि वह आदर्शों का अनुयायी है। मानवीय मस्तिष्क पर लहराने वाली शिखा-ध्वजा उसके लिए सर्वोपरि है।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

राष्ट्रीय राजनीतिक सामाजिक परिवेश में बदलाव का दौर

उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद यूपी सहित देश में बदलाव का दौर दिखाई दे रहा है। उत्तरप्रदेश एक जंगलराज के नाम से जाना जाता था। योगी आदित्यनाथ के रूप में यूपी को एक आइकॉन मिल गया। सन्यासी को सिंहासन पहली बार नहीं मिला है। ऐसा भी नहीं है और न ही भाजपा ने यह करतब पहली बार किया है। इसके पहले भगवाधारी साध्वी उमा भारती मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। गोरखपुर में योगी जनता दर्शन दरबार लगाकर जन समस्याओं पर ध्यान देकर अधिकारियों को निर्देश देना वे अपना धर्म समझते हैं। योगी का निर्णय सटीक रहता है। वे जल्दबाजी में कोई निर्णय करना नहीं चाहते हैं। उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने एक भयरहित शासन दिया है। रोड रोमियो को अपनी जगह बताने वाले योगी सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर काम कर रहे हैं। महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार, शोषण वृति, दुष्कर्म और धर्मांतरण जैसे दूषण पर सख्ती बरत रहे हैं। योगी का अपना कद है। कानून व्यवस्था की बात पर कभी कोई समझौता नहीं करने वाले योगी ने हमेशा अपराध जगत से जुड़े मवालियों को सुधरने का मौका दिया है। वे छवि को बनाए रखने में मेहनत करते हैं। उत्तरप्रदेश की जीडीपी की बात करें तो आर्थिक स्वावलंबन में देश के दूसरे पायदान पर है। मोदी के राजनीतिक उत्तराधिकारी मिल गए हैं। पार्टी खांटी हिंदुत्ववादी छवि वाले आक्रामक शैली में भाषण देने वाले योगी की शैली आज भी पूर्ववर्ती ही है। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। लोकसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ की भूमिका अहम रहेगी। जिस तरह योगी ने समन्वय स्थापित कर उत्तरप्रदेश में जनता का दिल जीत लिया है। वह काबिलेतारीफ है। दस साल में देश में कोई सांप्रदायिक घटना नहीं होने पर भाजपा और मोदी पर लोगों का पूरा भरोसा हो गया है। योगी के सामने चुनौतियां थीं तो यूपी में कठोर निर्णय लेने पर मजबूर किया गया। अब उत्तरप्रदेश में शांति और भाईचारा है। बहन, बिटिया सुरक्षित हैं। उपद्रवियों को अपना ठौर मिल गया है। योगी की छवि ईमानदार व्यक्ति की रही है। पूरे सूबे को परिवार मानने वाले और अपने परिवार को राज्य से अलग दृष्टि से नहीं देखने वाले विरले ही होते हैं। उनके सांसारिक परिवार में एक बहन चाय बेचकर गुजारा करती थी, लेकिन राजधर्म का पालन करने वाले योगी ने परिवारधर्म को पीछे छोड़ दिया। गोरखपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम में हर एक व्यक्ति की समस्या सुनकर उनके अधिकारों के तहत अधिकारियों को निर्देश देते हैं और उनके स्तर पर कार्य पूर्ण करवाते हैं। त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता देने वाले मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। दो सौ लोगों की शिकायत हर जनता दर्शन में सुनते हैं। उनका निस्तारण भी हाथों हाथ करवाते हैं।

कांतिलाल मांडोत, सूरत

देशबन्धु
संस्कारधानी

उल्टा पुल्टा

मेरा एक दोस्त मुझसे हमेशा कहता था भाई कुछ अलग काम कर।
मैंने उसकी गर्लफ्रेंड को उससे अलग करवा दिया, अब साला बंदूक लेकर मुझे ढूंढ रहा है।

जिले में डेंगू मलेरिया के मरीज मिले,अलर्ट जारी

बिलासपुर में मिले 11 मरीज, 16 संदिग्ध मरीजों का सैंपल टेस्ट के लिए भेजा गया

रायपुर में एक मरीज की मौत होने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क

बिलासपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु) । जिले में लगातार डेंगू और मलेरिया के मरीज सामने आने से राज्य में अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले राज्य में डेंगू के मामले में रायपुर के एक मरीज की मौत हुई है। इसके बाद ही राज्य में अलर्ट जारी किया गया है। सिम्स को भी हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश मिले हैं। इधर खबर है कि बिलासपुर जिले में 11 डेंगू के मरीज सामने आए हैं तो वहीं 16 संदिग्ध मरीजों का सैंपल टेस्ट के लिए भेजा गया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में डेंगू के मरीज सामने आने से स्वास्थ्य विभाग के भी हाथ पांव फूल गए हैं । माइक्रोबायोलॉजी डिपार्मेंट के पास पहुंचे सैंपल की जांच के बाद 11 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है ।

डेंगू की जांच दो तरह से होती है। पहली आईजीएम और दूसरी एनएस। एनएस की जांच ज्यादा सही नतीजे देती है, इसलिए सिम्स में इसी पद्धति से सैंपल की जांच की जा रही है। अब तक जो मरीज सामने आए हैं, वे सभी ग्रामीण क्षेत्र से हैं। डेंगू मच्छरों से फैलने वाली बीमारी है और बरसात के इस मौसम में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों की तादाद बढ़ गई है। शहरी क्षेत्र में भी मच्छरों पर नियंत्रण नहीं होने से इस बीमारी के फैलने की आशंका बनी हुई है, जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों की भी जिम्मेदारी तय करनी होगी, तभी इस पर रोकथाम संभव हो सकेगी।

राष्ट्रपति के प्रवास को लेकर कलेक्टर और एसपी ने रतनपुर का किया निरीक्षण

बिलासपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु) । आगामी 1 सितंबर को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होने बिलासपुर पहुँच रही है, राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू का यह पहला छत्तीसगढ़ दौरा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू धार्मिक प्रवृत्ति की है, इसलिए वे अपने बिलासपुर दौरे के अवसर पर अंचल की प्रतिष्ठित देवी मां महामाया के दर्शन करने के लिए भी पहुंचेंगी, इसे लेकर रतनपुर में उत्साह देखा जा रहा है। इसके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बलौदा बाजार रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय ट्रस्ट शांति रही है। 31 अगस्त की सुबह करीब 10ः00 बजे वह रायपुर पहुंचेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दीक्षांत समारोह में आने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल के साथ शोधार्थियों को उपाधि प्रदान करेंगी ।राष्ट्रपति मुर्मू 1 सितंबर को हेलीकॉप्टर से बिलासपुर पहुंचेगी, जहां सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी परिसर में बने हेलीपैड पर वो लैंड करेंगी। यहां से वो रतनपुर स्थित महामाया मंदिर में देवी के दर्शन करने के लिए भी जाएंगी, जिसकी तैयारियां चल रही है। मंगलवार को इसी तैयारी के सिलसिले में प्रशासनिक अधिकारियों ने रतनपुर महामाया मंदिर परिसर स्थित हेलीपैड मैदान का निरीक्षण किया और तैयारी को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। महामाया मंदिर में राष्ट्रपति के दर्शन कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओ की भी तैयारी पर चर्चा की गयी ।

संपादकीय

यह कैसी जानलेवा बेचारगी?

सरकारें बदलती हैं मगर व्यवस्था नहीं बदलती। अरपा नदी सूख क्या गई, रेत माफिया को खजाना मिल गया। इस खजाने की लूट मच गई और शासन-प्रशासन को नजर नहीं आई। आज मासूमों को उसकी कीमत जान गंवाकर चुकानी पड़ रही है। रेत के अवैध खनन से अरपा नदी कहीं उथली हो गई है तो कहीं गहरे गड्ढे हैं। इन गड्ढों में इस मौसम पानी भरने से ये गड्ढे खतरे से खाली नहीं हैं। कल ऐसे ही एक गड्ढे में डूब जाने से एक और मासूम की मौत हो गई। कुछ दिनों पहले इन्हीं गड्ढों में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गई थी। पिछले कुछ वर्षों में इसी तरह के हादसों में दो दर्जन मासूम अपनी जान गवां चुके हैं। अरपा नदी बिलासपुर शहर के बीच से बहती है। बरसात में तो नदी की धारा बहती है, लेकिन अन्य मौसम में यह सूख जाती है। अरपा को बचाने के लिए सतत् आंदोलन चलता रहा है, लेकिन इसे सूख जाने से नहीं बचाया जा सका। नदी को सबसे अधिक नुकसान सीवरेज प्रोजेक्ट के काम के दौरान हुआ। पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों को इसी अरपा की रेत से भरा गया। नदी से रेत की बेतरतीब निकासी रोकी नहीं जा सकी। लोग प्रशासन को खतरे से आगाह भी करते रहे लेकिन उनकी आवाज नहीं सुनी गई। यह सिलसिला वर्षों से चला आ रहा है। रेत माफिया के दुस्साहस का अंदाजा इसी से लगाया जा रहा है कि रेत के लिए तुर्काडीह पुल की बुनियाद तक खोद डाली गई। बाद में पुल की मरम्मत कराई गई। सवाल उठता है कि आखिर रेत माफिया के आगे प्रशासन इतना लाचार क्यों है? इस समय अरपा में पानी है, लेकिन नदी के उन तटों से आज भी रेत की निकासी हो रही है जहां उथली है। बरसात बाद जब अब अरपा के तटों से पानी उतर जाएगा, रेत की अवैध निकासी फिर शुरू हो जाएगी। इसके बाद नदी के तटों पर खतरे की स्थिति और गंभीर हो जाएगी। अरपा नदी को नया स्वरूप देने का योजना पर काम चल रहा है। दो बैराज बनाए जा रहे हैं और कहा जा रहा है कि इन बैराजों के बन जाने से नदी में बारहों माह पानी भरा रहेगा। नदी विशेषज्ञ हालांकि शहरों के बीच से होकर बहने वाली नदियों पर बैराज बनाने का विरोध करते हैं। उनका मानना है कि बैराज बनाकर पानी का बहाव रोकने से नदी के प्रदूषित होने की आशंका बढ़ जाती है। चूंकि सरकार ने बैराजों के निर्माण की योजना बनाई है इसलिए उसके पास नदी को प्रदूषित होने से बचाने की योजना भी होगी। अरपा नदी का संरक्षण एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। इसके लिए अरपा विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है। शहर से लगे नदी के तटों के विकास का काम भी हाथ में लिया गया है। शहर की गंदगी अरपा में जाने रोकने के लिए रिटेनिंग वाल का भी निर्माण किया जा रहा है। बैराजों के जरिए नदी का पानी रोकने के बाद अरपा में पानी भरा दिखाई देगा। यह हो सकता है कि इसके बाद नदी के एक बड़े हिस्से से रेत की निकासी बंद हो जाए, लेकिन शासन-प्रशासन को लोगों की सुरक्षा के प्रति भी सतर्क रहना होगा। खनन माफिया ने अरपा में ही नहीं बल्कि शहर के कई हिस्सों में खतरनाक गड्ढे खोद डाले हैं। पानी भरे गड्ढों में डूबने से भी लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। खनन माफिया पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। इस खतरे पर हाईकोर्ट ने भी संज्ञान लिया है और प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जब तक सख्त कार्रवाई नहीं होगी, ये खतरा कम होने वाला नहीं है। सरकार को इसे गंभीरता से लेना होगा।

सार-संक्षेप

महापौर रामशरण यादव ने दी मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई

बिलासपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु) । महापौर रामशरण यादव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके जन्मदिन पर बधाई दी, मुख्यमंत्री निवास पहुंच कर बधाई देने के साथ उनकी योजनाओं से मिलने वाले लाभ लिए बधाई दी सरकार की योजना से लोगो को सीधे राहत मिलने की बात कही ,महापौर रामशरण यादव के साथ पूर्व महापौर राजेश पांडे ,लक्की यादव सहित अन्य पार्षद मौजूद थे। महापौर ने नगर निगम के विकास के लिये राशि देने के लिए भी आभार जताया ,इस मौके पर बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री मंन्त्री को बधाई देने लोगो पहुंचे थे।

राजेश्वर भार्गव ने मस्तूरी विधानसभा सीट से दावेदारी करने ब्लॉक अध्यक्ष को दिया आवेदन

बिलासपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु) । मस्तूरी बिलासपुरः छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (चुनाव समिति) के नियमानुसार कृषि सभापति राजमहंत राजेश्वर भार्गव ने विधानसभा सीट से दावेदारी करने 21 अगस्त सोमवार को प्रातः 11 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के निवास पहुंच कर ब्लॉक अध्यक्ष को आवेदन दिया।मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के लिए राजेश्वर भार्गव प्रबल दावेदारी अपने विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस के लिए दिख रहे हैं और मस्तूरी विधानसभा अपने क्षेत्र से क्षेत्र वासियों का भरपूर योगदान उन्हें मिल रहा है। हमें भरोसा है की मस्तूरी विधानसभा को प्रचंड बहुमत से विजयश्री प्राप्त करेंगे। जिला सभापति राजेश्वर भार्गव ने कहा कि मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से अगर मुझे आशीर्वाद प्राप्त होता है तो निश्चित ही प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेंगे क्योंकि छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया भूपेश बघेल सरकार ने किसान बेरोजगारों मितानिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका युवा महिलाओं एवं कर्मचारियों को लेकर उनकी मांगों को मानते हुए छत्तीसगढ़ में चौतरफा विकास किया है जिसके कारण हम गर्व से कहते हैं की आगामी विधानसभा चुनाव में 75 प्लस की आंकड़ा पार करेंगे। टिकट्स चाहे जिसे भी दिया जाए हम सब एकजुटता के साथ मिलकर चुनाव में विजयश्री प्राप्त कर कांग्रेस का हाथ मजबूत करेंगे।

लक्ष्मीनाथ साहू ने की बिल्हा से दावेदारी

बिलासपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु) । विधानसभा उम्मीदवार के रूप दावेदारी प्रस्तुत करने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित तिथि के अंतिम दिन 22 अगस्त को तिफ़रा ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने बिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती गीतांजलि कौशिक को समर्थकों के साथ आवेदन सौंपकर बिल्हा से युवा चेहरा के रूप में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है युवा राजनीति से अपनी पहचान बनाने वाले लक्ष्मीनाथ साहू पूर्व में युवा कांग्रेस विधानसभा बिल्हा से निर्वाचित उपाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष एवं निर्वाचित युकाँ. प्रदेश सचिव से लेकर वर्तमान में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पार्टी की बागडोर संभाल रहे हैं ।

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग, बिलासपुर में पटाखे फूटे,मिठाइयां बटी

बिलासपुर , 23 अगस्त (देशबन्धु)। भारत का चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा पर पहुंच गया । लैंडर विक्रम के चंद्रमा की धरती पर उतरते ही भारत ने नया इतिहास रच दिया। इस ऐतिहासिक सफलता पर आज बिलासपुर में जश्न का माहौल रहा। रिवरव्यू में छात्रों ने भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए मिठाइयां बांटी एवं नृत्य करते रहे। गोल बाजार में भी जश्न का माहौल रहा और लोग एक दूसरे को बधाइयां देते हुए नजर आए। जिस दौरान लैंडिंग का प्रसारण हो रहा था सड़के सूनी थी और लोग टीवी से चिपके हुए थे। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में सीधा प्रसारण किया गया, जिसे छात्रों , अध्यापकों और स्वयं कुलपति ने देखा।

पंडित नेहरु का सपना पूरा हुआ-शैलेष

बिलासपुर विधायक शैलेष पांडे ने देश की जनता और इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू जिन्होंने1954 में इसरो की स्थापना की थी,उनका सपना आज पूरा हुआ । उन्होंने कहा कि देश जब आज़ाद हुआ तो डॉ. विक्रम साराभाई भारत लौटे थे ।वह अपने स्तर पर कुछ रिसर्च कर रहे थे । उनके लिए संस्थान बनाया गया आज उन्हें के नाम पर विक्रम लैंडर चंद्रमा भारत का झंडा फहरा दिया है।आज देर रात तक चन्द्रयान-3 के चांद पर उतरने की ही चर्चा रही ।लोग आगे भी टीवी पर प्रसारण देखते रहे।अब लोगों को विक्रम लैंडर द्वारा भेजी जाने वाली चंद्रमा की सतह की तस्वीरों का इंतजार है।

बिलासपुर-नागपुर के बीच में इलेक्ट्रॉनिक वर्क,15 ट्रेनें रद्द

बिलासपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु) । रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु हावड़ा-मुंबई मैन लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बिलासपुरङ्कनागपुर सेक्शन में तीसरी लाइन में इलेक्ट्रोनिक, गोंदिया स्टेशन में इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा । यह कार्य 25 अगस्त, को 09.00 बजे से 26 अगस्त को 03.00 बजे तक अर्थात 18 घंटे का किया जाएगा । इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

रद्द होने वाली गाडियां

25 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08703 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । दुर्ग से चलने वाली 08704 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । रायपुर से चलने वाली 08707 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । दुर्ग से चलने वाली 08708 दुर्ग- रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । रायपुर से चलने वाली 08717 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । दुर्ग से चलने वाली 08718 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । रायपुर से चलने वाली 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 26 अगस्त, 2023 को डोंगरगढ़ से चलने वाली 08710 डोंगरगढ़- रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 25 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08767 रायपुर ङ्कइतवारी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 26 अगस्त को इतवारी से चलने वाली 08768 इतवारी- रायपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ङ्क25 अगस्त को अंतागढ़ एवं रायपुर से चलने वाली 08815/08816 अंतागढ़-रायपुर-अंतागढ़ डेमू स्पेशल रायपुर एवं दुर्ग के बीच रद्द रहेगी । अंतागढ़ एवं रायपुर से चलने वाली 08834/08833 अंतागढ़-रायपुर-अंतागढ़ डेमू स्पेशल रायपुर एवं दुर्ग के बीच रद्द रहेगी । रायपुर से चलने वाली 08705 रायपुर-डोंगरगढ़ डेमू स्पेशल रायपुर एवं दुर्ग के बीच रद्द रहेगी । झारसुगुड़ा से चलने वाली 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया डेमू स्पेशल बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी । 25 अगस्त को गोंदिया से चलने वाली 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा डेमू स्पेशल बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी ।

असम के विधायक और डॉ बांधी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति वर्ग के 61 ने थामा भाजपा का दामन

बिलासपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु) । मस्तूरी विधानसभा में अनुसूचित जाति वर्ग का रुझान धीरे-धीरे भाजपा की ओर बढ़ रहा है अनुसूचित जाति बाहुल्य बिनौरीडीह फिर किसान परसदा और अब गतौरा के 61 अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों ने विधायक प्रवास के दौरान कार्यक्रम कार्यक्रम में उपस्थित हो कर भाजपा का दामन थाम लिया

बता दें कि मंगलवार को जयराम नगर का गतौरा मंडल में विधायक प्रवास का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें असम से आए विधायक दीपायन चक्रवर्ती मस्तूरी विधानसभा के पांचों मंडल के कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए इस दौरान उन्होंने प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने और पार्टी के निर्देशों पर काम करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। विधायक प्रवास अभियान में मस्तूरी पहुंचे विधायक दीपायन ने मोर्चा एवं प्रकोष्ठ कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव में मेरा बूथ- सबसे मजबूत क्रियान्वन करने का आह्वान किया।

मतदाता जागरूकता अभियान नववधुओं का किया सम्मान

मेंहदी लगाकर मतदान करने का लिया संकल्प

बिलासपुर, 23 अगस्त (देशबन्धु) । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में व्यापक स्तर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किये जा रहे है। इसी क्रम में घुटकू में नव वधु सम्मान सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नव वधुओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर रंगोली एवं मेंहदी के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया । एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी सेक्टर चिंगराजपारा में नव वधुओं के समूहों ने मिलकर शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभियान एवं मतदान से संबंधित सुंदर रंगोली इन नववधुओं ने बनाया एवं बीजा सेक्टर में भी आयोजित कार्यक्रम में नववधुओं का सम्मान कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

90 साल की बुजुर्ग के हार्ट की तीनों नसें ब्लॉक, अपोलो में बिना सीने की हड्डी काटे दूरबीन से बायपास सर्जरी

अमेरिका एवम जर्मनी में होता हैं इस तकनीक का इस्तेमाल

बिलासपुर ,23 अगस्त (देशबन्धु) । दिल के मरीजों के लिए राहत भरी खबर हैं। अब हार्ट के नसों के ब्लॉक के लिए उन्हें अब बायपास जैसे बड़े ऑपरेशन से नही गुजरना होगा। अब नसों के ब्लॉक, हृदय के छिद्र, वाल्व के ब्लॉक एवम अन्य हृदय की जटिल सर्जरी दूरबीन से बिना छाती की हड्डी काटे की जा सकती हैं। अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के वरिष्ठ हृदय शल्य चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार द्वारा इस अनूठी सर्जरी को सफलतापूर्वक किया गया है। हृदय शल्य चिकित्सा की यह एक आधुनिक पद्धति है, जिसमें पारंपरिक पद्धति के समान छाती को काटने की एवं छाती को लगभग 10 इंच पूरा खोलने की आवश्यकता नहीं होती। बल्कि सिर्फ 7 से 8 सेमी के छोटे चीरे के माध्यम से संपूर्ण शल्य चिकित्सा संपन्न की जा सकती है। डॉक्टर अनुज ने बताया की इसके अनेक फायदे है जैसे कम से कम रक्त की हानि जान की न्यूनतम जोखिम न्यूनतम संक्रमण की संभावना, लगभग दर्द रहित प्रक्रिया एवं न्यूनतम भर्ती दिनों की संख्या आदि महिला मरीजों के लिये यह तकनीक अत्यति उपयोगी है क्योंकि सामान्य सर्जरी से बनने वाले निशान की तुलना में अत्यधिक छोटा निशान बनता है जो सामान्य तौर पर दिखाई नहीं देगा। मरीजो को जब पता चला की उनकी ओपन हार्ट सर्जरी होने वाली है तो उन्हें काफी डर लग रहा था और उनकी उम्र इसमें एक बड़ी बाधा थी जो की सर्जरी के जोखिम को काफी बढ़ा देता हैं, लेकिन जब डॉ अनुज कुमार ने उन्हें इस नवीन तकनीक के बारे में बताया तो उन्हें काफी राहत महसूस हुई. इसके बाद मरीजों की सफलतापूर्वक सर्जरी संपन्न हुई। ज्ञात हो अनुज कुमार अत्याधुनिक अनुभवी एवं कुशल हृदय, छाती एवं नसों के सर्जन है। इन्होंने देश के कई अन्य कई प्रतिष्ठित अस्पतालों जैसे फोर्टिस एस्कोर्ट नई दिल्ली, बी. एल. कपूर अस्पताल दिल्ली, अमृता अस्पताल केरल, पारस अस्पताल पटना में अपनी सेवाएं दे चुके है। ये उच्च जोखिम वाले हृदय शल्य किया एवं अत्याधुनिक हार्ट सर्जरी प्रणाली में दक्ष है। साथ ही देश के कई हृदय प्रत्यारोपण सर्जरी में भी शामिल रहे है। आज उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि हृदय शल्य चिकित्सा की यह नवीनतम तकनीक हृदय रोगीयों के लिये किसी वरदान से कम नहीं है। डॉ अनुज नियमित रूप से बेंटल एण्डो बासकुलर सर्जरी,लेजर द्वारा वेरीकोस वेन सर्जरी जैसे नवीनतम पद्धति द्वारा ऑपरेशन को अंजाम दे रहे है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओडीसा व छ.ग.सुधीर दिग्गीकर ने इसे अंचल के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया क्योंकि इस पद्धति से छोटे से चिरे से हार्ट की सर्जरी संभव है जिससे मरीजों का में व्याप्त हार्ट सर्जरी के लिए झिझक एवं भय दूर होगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे तकनीकी उन्नयन हेतु अपोलो ग्रुप का सहयोग सदा उपलब्ध रहेगा और अंचल के मरीजों को नवीनतम तकनीक से उपचार प्रदाय किया जायेगा। अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के संस्था प्रमुख डॉ मनोज नागपाल ने डॉ अनुज कुमार एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होने बताया की अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर राज्य के मरीजो एवं यहां के नागरिकों को अर्तराष्ट्रीय स्तर की चिकित्सा एवं अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध रहा है. डॉ. वैभव ओट्टलवार (मेडिकल सुप्रीटेंडेंट) ने न्यूनतम जोखिम वाली हार्ट की बायपास सर्जरी जो कि बिना छाती खोले की जाती है, एक मील का पत्थर साबित होगी। दूरबीन पद्धति से हॉर्ट का बायपास प्रशन्सनीय उपलब्धि है। इस सफल सर्जरी में वरिष्ठ कॉर्डियालॉजिस्ट डॉ राजिव लोचन भाजा, डॉ रवि एवं पूरी टीम का सहयोग रहा।

सार-संक्षेप

सीएम के दीर्घायु के लिए मड़वारानी के दरबार में पूजा-अर्चना

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन के अवसर पर उनके दीर्घायु की कामना करते हुए मां मड़वारानी के दरबार में युवा कांग्रेस जिला महासचिव मधुसुदन दास के द्वारा पूजा-अर्चना कराया गया। पूजा पश्चात मिष्ठान प्रसाद का वितरण कर जन्मदिन की खुशी बांटी गई। मधुसुदन दास ने कहा कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के विकास पुरूष साबित हुए हैं जिन्होंने युवा, छात्रों से लेकर किसानों और हर वर्ग के लिए जनहित के कार्य किए हैं। इस अवसर पर बजरंग राठौर, मनदीप शर्मा, अनिल खूंटे, बंटी प्रजापति, जुनैद मेमन, अमृत कंवर, आकाश पटेल, बबलू मारवा, रोहन चौहान, सुरेश चौहान, सागर कुमार, हरीश, रूपेश चौहान, सूरज चौहान, अंकित बंजारे, विकास बंजारे, निलेश उरांव, अज्जू बरेठ, चंद्रशेखर यादव आदि उपस्थित रहे।

प्राचार्य लाल व व्याख्याता राठौर को कारण बताओ नोटिस

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के कार्य में ड्यूटी लगाने के बाद भी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने वाले प्राचार्य और व्याख्याता को कारण बताओ नोटिस जारी कर 2 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने आदेशित किया गया है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर ईव्हीएम एवं वीवी पैट के संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मोबाइल डिमोस्ट्रेशन वैन में मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी लगाई गई है। 21 अगस्त को ड्यूटी पर मास्टर ट्रेनर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरदा दिनेश लाल उपस्थित नहीं हुए जो कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति उदासीनता का परिचायक माना गया। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कटघोरा के द्वारा इसे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 क के तहत दण्डनीय तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत कदाचरण की श्रेणी में होना बताते हुए प्राचार्य दिनेश लाल को कारण बताओ नोटिस जारी कर 2 दिन के भीतर उनके समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने कहा गया है। जवाब प्राप्त नहीं होने अथवा संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तावित किया जाएगा। इसी तरह की कार्यवाही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वाढोढ़ा में पदस्थ व्याख्याता पवन कुमार राठौर के विरूद्ध भी की गई है जो ईव्हीएम डिमोस्ट्रेशन सेंटर में मास्टर ट्रेनर के रूप में ड्यूटी लगाने के बावजूद 21 अगस्त को बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए थे।

कोल साइडिंग के कर्मियों ने ग्रामीण से की मारपीट, थाना में शिकायत

कोरबा-सरगबुंदिया, 23 अगस्त (देशबन्धु)। उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम सरगबुंदिया में कोल एडजस्टमेन्ट की आड़ में संचालित हो रहे कोल साइडिंग को लेकर विरोध के बीच मारपीट की घटना हो गई। मंगलवार शाम 4 बजे रामपुर विधायक भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकीराम कंवर के द्वारा साइडिंग में जाकर धरना दे दिया गया। सूचना पर उरगा थाना में पदस्थ एसआई श्री निराला ने उन्हें किसी तरह समझा कर रात करीब 9 बजे घर भेजा और अधिकारियों के निर्देश अनुसार कार्यवाही का भरोसा दिया।

इधर दूसरी तरफ़ जब ननकीराम कंवर धरना दे रहे थे तब उधर कोल साइडिंग के कर्मियों के द्वारा शाम लगभग 6.30 बजे वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र महतो के छोटे भाई पंकज महतो के साथ मारपीट किया गया। इस घटना से विरोध कर रहे ग्रामवासियों में नाराजगी व भय व्याप्त है। इसकी लिखित शिकायत उरगा थाने में की गई है।

ज्ञात हो कि सरगबुंदिया कोल साइडिंग का विरोध ग्रामवासियों द्वारा लम्बे समय से किया जा रहा है, किन्तु किसी भी प्रकार से कार्यवाही नहीं किया गया है। क्षुब्ध ग्रामीणों द्वारा अब सडक़ पर उतर कर इसका विरोध प्रदर्शन करने का मन बना लिया गया है। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा एक सप्ताह पूर्व कलेक्टर से लिखित शिकायत की गई। कोल साइडिंग के विरोध का समाचार लगातार प्रकाशित किया जा रहा है जिससे क्षुब्ध होकर कोयला साइडिंग के संचालक द्वारा शानू और उसके साथी को भेजकर मंगलवार शाम महेंद्र महतो के छोटे भाई पंकज महतो के साथ मारपीट किया गया। शिकायतकर्ताओं पंकज महतो, प्रवीण जायसवाल, महेन्द्र महतो, प्रवीण उपाध्याय, विरेन्द्र शुक्ला, राकेश कुमार, आरए सिदार, क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य आदि ने थाना प्रभारी से अपराध दर्ज करने की मांग की है।

राजीव युवा मितान ने पौधा बांट कर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्म दिवस पर राजीव युवा मितान क्लब द्वारा सुभाष चौक पर केक काटकर फलदार पौधों का वितरण किया। पार्षद धरम निर्मले ने मुख्यमंत्री को जन्म दिवस की बधाई प्रेषित की। राजीव युवा मितान के जिला समन्वयक श्याम नारायण सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिस प्रकार प्रदेश का विकास कर रहे हैं, ठीक उसी प्रकार से उनके जन्म दिवस पर लोगों को पौधा वितरण किया गया ताकि शहर का प्रदूषण कम किया जा सके। 1000 पौधे इस दौरान बांटे गए। कोरबा विधानसभा समन्वयक अभय तिवारी ने कहा कि हरियाली के साथ मुख्यमंत्री का जन्म दिवस मनाकर प्रकृति के प्रति अपना योगदान देने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव सज्जाद आलम, एनएसयूआई शहर जिला अध्यक्ष दीपक वर्मा, युवा कांग्रेस शहर जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी सहित नितिन चौरसिया, प्रीति चौहान, जीशान, दिवाकर राजपूत, रिंकू अनिकेत यादव, आशुतोष वर्मा, विपिन चौरसिया, जुनैद खान आदि भी उपस्थित थे।

वरिष्ठ नेता रमेश जायसवाल व द्विवेदी की कांग्रेस वापसी

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश जायसवाल एवं अनिल द्विवेदी ने पुन॰ कांग्रेस में प्रवेश किया है। कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम में कोरबा विधायक ने दोनों का अभिनंदन किया। कोरबा जिला शहर अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने दोनों नेताओं को कांग्रेस को गमछा पहनाकर घर वापसी कराया। श्री जायसवाल पूर्व में जिला कोषाध्यक्ष पद का निर्वहन कर चुकें हैं। कांग्रेस वापसी के बाद रमेश जायसवाल ने कहा कि इन पौने पांच सालों में कांग्रेस की सरकार ने आम जनता के लिए बहुत कुछ किया और प्रदेश की खुशहाली और तरक्की से देश में प्रदेश का मान बढ़ा, जिससे वे अपनी मातृ संस्था में वापस आ रहे हैं।

कोरबा विधानसभा में अजा वर्ग से प्रत्याशी बनाने सीएम से मांग

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा औद्योगिक नगरी की आबादी का लगभग 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा दलित और पिछड़े क्षेत्र के असंगठित मजदूरों का है जो कोरबा विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यह दुर्भाग्य कहा जाये कि दलित-शोषित समाज को प्रतिनिधत्व नहीं मिला है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और यूनियन लीडर यूआर महिलांगे ने इन बातों को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र प्रेषित कर कोरबा विधानसभा में अनुसूचित जाति वर्ग से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग रखी है। श्री महिलांगे ने कहा है कि कोरबा जिला में रामपुर एवं पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति तथा कटघोरा एवं कोरबा विधानसभा क्षेत्र सामान्य वर्ग है, लेकिन नगर पालिक निगम कोरबा को अस्तित्व में आये कई साल बीतने के बाद भी दलित-शोषित समाज को प्रतिनिधत्व नहीं मिला है। न ही कोरबा जिला में कोई सरपंच है न जनपद अध्यक्ष और न ही जिला पंचायत अध्यक्ष। इस दलित-शोषित अनुसूचित जाति के समाज में राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास नगण्य है। छत्तीसगढ़ में नये परिसीमन के आधार पर जो नये विधानसभा क्षेत्र घोषित किये गये हैं, उनमें कोरबा विधानसभा क्षेत्र भी एक है। यहाँ पर स्थापित परियोजनाओं में एन.टी.पी.सी., सी.एस.ई.बी, लैको पावर प्लांट, आईबीपी., बालको (स्टार लाईट), एस.ई.सी.एल, मारूति कोल वाशरी, ए.सी.बी. (जी.टी.पी.) इत्यादि प्रमुख हैं। आद्योगिक नगरी संपूर्ण छत्तीसगढ़ से बड़े पैमाने पर गरीबों, दलितों और पिछड़े वर्ग के मजदूरों को आकर्षित करता है, जो कि मजदूरी कर अपना जीविकोपार्जन करने आते हैं। कुछ तो परियोजनाओं में संगठित क्षेत्र के मजदूर की श्रेणी में स्थान पा जाते हैं किन्तु असंगठित क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग परियोजनाओं के आस-पास झुग्गी-झोपडियों में बस जाते हैं। ऐसे असंगठित मजदूर कोरबा विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्णायक भूमिका निभाते हैं। श्रमिकों की यह विशाल आबादी विभिन्न श्रमिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा संचालित होती है जिसमें सतनामी समाज के 32000 मतदाता कोरबा विधानसभा में हैं। इसके मद्देनजर कोरबा विधानसभा का प्रतिनिधित्व श्रमिक तथा दलित समाज से होना चाहिए। मानना है कि दलित, श्रमिक और स्थानीय क्षेत्र का प्रत्याशी इस विधानसभा क्षेत्र में सर्वमान्य एवं विजय हासिल कर पायेगा।

17683 पीएम आवास अपूर्ण

प्रतिदिन कार्यस्थल का निरीक्षण कर आवास पूर्ण कराएंगे अधिकारी

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। हर गरीब को पक्की छत देने के लिए महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही लगातार उजागर होती रही है। कोरबा जिले के ग्रामीण अंचलों में भी आवासों की स्थिति कुछ खास नहीं है बल्कि योजना में स्वीकृत आवासों को लंबे समय से अपूर्ण रखा गया है। इस विषय पर जिला अधिकारियों द्वारा कई बार बैठकों में निर्देश जारी किए जाते रहे किंतु नतीजा शून्य रहा। हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं मिलने से उन्हें आवास संबंधी समस्या से जूझना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन के प्रति जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने गंभीरता दिखाई है। उन्होंने इस संबंध में जिले के कोरबा, करतला, पाली, पोड़ी-उपरोड़ा और कटघोरा जनपद के अंतर्गत योजना में स्वीकृत किंतु अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में स्वीकृत आवासों के विरूद्ध 17683 आवास अपूर्ण है। इनमें से 100 से अधिक अपूर्ण आवास वाले पंचायतों में प्रति दिवस आवास कार्यस्थल का निरीक्षण करते हुए आवासों को पूर्ण करा कर जिला एवं जनपद कार्यालय में रिपोर्ट प्रेषित करने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

सर्वाधिक 275 आवास लेमरू में अपूर्ण

जनपद पंचायत वार अपूर्ण आवासों की सूची में कोरबा जनपद का लेमरू पंचायत सर्वाधिक 275 अपूर्ण आवासों वाला पंचायत है। पूर्व में भी इस पंचायत में अपूर्ण आवासों के मामले सामने लाए जा चुके हैं जिसमें रोजगार सहायक के द्वारा राशि आहरण कर लेने के बाद मकान निर्माण का झांसा देकर हितग्राहियों से राशि प्राप्त कर ली गई किंतु निर्माण कार्य नहीं कराया गया। ऐसे मामले में कई बार प्रमुखता से उजागर करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही रिकव्हरी कराई गई। उम्मीद है कि इस बार हितग्राहियों को राहत मिलेगी। अन्य पंचायतों में नकिया में 29, दोंदरो 179, भैंसमा 178, चिर्रा 171, गढ़-उपरोड़ा 156, जोगीपाली 155, रजगामार 137, बतरा 136, बेला 135, देवपहरी 13, कोरबी 13, पोड़ी 128, चाकामार 125, कोनकोना 125, तिलकेजा 124, कनकी 121, सरिसमार 121, अरसेना 12, पतरापाली 12, बोतली 119, केराकछार 118, सोलवा 118, अमलडीहा 112, करतला 19, चुइया 17, नकटीखार 17, सोनगुढ़ा 17, उतरदा 14 व ग्राम पंचायत रंजना में 12 आवास आज पर्यन्त अपूर्ण हैं।

प्रतिदिन निरीक्षण के लिए लगाई गई ड्यूटी

जिला पंचायत सीईओ के द्वारा जनपद वार 3-3 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं जो संबंधित पंचायतों में प्रतिदिन निरीक्षण कर आवास पूर्ण कराएंगे। इनमें कोरबा जनपद से सहायक विस्तार अधिकारी, करारोपण अधिकारी और तकनीकी सहायक ग्राम पंचायत वार नियुक्त किए गए हैं। कुल 3 पंचायतों में संबंधित तीनों अधिकारियों के द्वारा आवासों को पूर्ण कराया जा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा।

शासकीय प्राथमिक शाला तिलैयापारा मुरली के प्रधान पाठक निलंबित

जनचौपाल में मिली थी शिकायत, निर्देश के बाद डीईओ ने की कार्यवाही

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। शराब पीकर स्कूल आने और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पाली विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला तिलैयापारा मुरली के प्रधानपाठक के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर जनचौपाल में पाली विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला तिलैयापारा मुरली में पदस्थ प्रधान पाठक धरम लाल श्रीवास के विरूद्ध अनुशासनहीनता एवं बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार ने मामले की जांच और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए थे। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज ने बताया कि पाली विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में जांच अधिकारी नियुक्त कर संबंधित शिकायत की जांच के निर्देश दिए गए थे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाली के जांच प्रतिवेदन के अनुसार जांच में शिकायत को सही पाया गया। इसे कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम का उल्लंघन पाए जाने पर शासकीय प्राथमिक शाला तिलैयापारा मुरली के प्रधान पाठक धरम लाल श्रीवास के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन की अवधि में इनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय कोरबा नियत किया गया है।

गुरू बालक दास के नाम पर होगा विद्यालय, आदेश जारी

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय के द्वारा एक आदेश जारी कर कोरबा जिले के कुसमुंडा क्षेत्र में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदर्शनगर का नामकरण राजा गुरू बालकदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदर्शनगर कुसमुंडा, जिला कोरबा किया गया है। इस संबंध में सतनामी समिति कुसमुंडा के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार टंडन आदर्शनगर के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र प्रेषित कर मांग की गई थी। इस आवेदन के संबंध में कार्यवाही करते हुए मुख्यमंत्री निवास कार्यालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उमेश कुमार पटेल के द्वारा विरेन्द्र कुमार टंडन को आदेश से अवगत कराया गया है। शासन के स्कूल शिक्षा विभाग अवर सचिव आरपी वर्मा ने तत्संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। यह मांग पूर्ण होने से क्षेत्र के सतनामी समिति में हर्ष है व मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

हाइवा की टक्कर से स्कूल बस क्षतिग्रस्त, 2 घायल

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। स्कूली बच्चों के परिवहन में लगी सरस्वती शिशु मंदिर/ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधवारी की एक बस भारी वाहन की टक्कर से हादसे का शिकार हो गई। सौभाग्यवश इस हादसे में बस पर सवार बच्चे बाल-बाल बच गए लेकिन चालक और परिचालक चोटिल हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक यह हादसा आज सुबह सिविल लाइन थाना रामपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिसदी- नकटीखार मार्ग पर तब घटित हुआ जब बस विद्यार्थियों को लेने के लिए उनके घर जा रही थी। हाईवा की टक्कर से बस का चालक राजू सोनी और परिचालक लक्ष्मी राम साहू घायल हो गए। बस में सवार आधा दर्जन से अधिक बच्चे बाल-बाल बच गए। घायल चालक और परिचालक को अस्पताल पहुंचाया गया। इधर हादसे की सूचना मिलते ही विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षक गण मौके पर पहुंच गए थे। घटना से आक्रोशित ग्रामवासियों ने कई तरह के आरोप लगाते हुए सडक़ जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा समझाइश के बाद वे शांत हुए। हाईवा चालक के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

पट्टाधारियों को न्याय दिलाने घंटाघर में आंदोलन कल

कोरबा प्रेस क्लब
कार्यालय तिलक भवन, टी.पी. नगर, जिला-कोरबा (छ.ग.)

कांग्रेस सरकार वादा कर भूली- लखन

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के पट्टाधारियों को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन का निर्णय लिया गया है। प्रेस क्लब तिलक भवन में भाजपा पदाधिकारियों ने पत्रवार्ता कर बताया कि कांग्रेस सरकार अपने वादे को भूल चुकी है, इसी वजह से यह आंदोलन किया जा रहा है।

घंटाघर मैदान में वृहद सभा के बाद लोगों से प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट में सौंपा जाएगा। कोरबा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने बताया कि कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्ष पूर्व पट्टाधारियों को न्याय देने की घोषणा की थी लेकिन आज तक एक भी लोगों को पट्टा नहीं मिला है। हमारी मांग है कि सभी लोगों को इसका लाभ मिले। इसी तरह पीएम आवास के मामले में भी कांग्रेस सरकार फिसड्डी साबित हुई है। राजस्व मंत्री ने चुनावी घोषणा पत्र में इसका वादा किया था लेकिन उन्होंने भी क्षेत्र की जनता के साथ खिलवाड़ किया है।

बिहार से पहुंची भाजपा विधायक गायत्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक संसाधनयुक्त राज्य है। यहां पर विकास की अपार संभावनाएं हैं लेकिन वर्तमान कांग्रेस की सरकार ने किसी भी क्षेत्र में कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है। जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि 25 अगस्त को घंटाघर मैदान में दोपहर लगभग 1 बजे सभा प्रारंभ होगी। जिसमें पहुंचे लोग अपना आवेदन जमा कराएंगे। इसके बाद वक्ता अपनी बात रखेंगे। बाद में रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंच कर आवेदन सहित मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा। पत्रवार्ता में भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मनोज पराशर, लक्ष्मण श्रीवास, टिकेश्वर राठिया, अजय विश्वकर्मा, नरेन्द्र देवांगन आदि भी उपस्थित थे।

मार्डन कालेज में मतदाता जागरूकता के लिए दिलाई गई शपथ

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में ' स्वीप '' कार्यक्रम 29 अगस्त तक संचालित होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा अपर आयुक्त खजांची कुम्हार को नगर पालिक निगम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिन-जिन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम है, उन क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से हर मतदान केन्द्र एवं वार्ड में डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया रहा है। इसी कड़ी में नोडल अधिकारी ने मार्डन कालेज में स्वच्छता एवं '' स्वीप '' कार्यक्रम में संकल्प दिलाया। इस मौके पर निगम के राजस्व निरीक्षक अजय अग्रवाल, मार्डन कालेज के डायरेक्टर बहाउदीन अहमद, प्राचार्य एवं अन्य प्रध्यापकगण, विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

एल्यूमिनियम पार्क के मामले में राजस्व मंत्री ने निराश किया - लाम्बा

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। औद्योगिक नगरी में एल्यूमिनियम पार्क की स्थापना के लिए मौजूदा सरकार में राजस्व मंत्री रहते हुए कोई कार्य और प्रयास नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए पूर्व महापौर एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लाम्बा ने कहा है कि राजस्व मंत्री से आम जनता को बेहद हताशा और निराशा हुई है।

जोगेश लाम्बा ने एल्यूमिनियम पार्क की स्थापना के संबंध में राजस्व मंत्री को पत्र लिखते हुए कहा है कि औद्योगिक नगरी कोरबा जहाँ कोयला, बिजली, एल्यूमिनियम जैसे अनेकों औद्योगिक प्लॉट स्थापित हैं, जिसे देखते हुए उद्योगों व व्यापारी वर्गों के साथ-साथ रोजगार बढ़े इस उद्देश्य से पूर्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार से लगातार और चौक-चौराहों, विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों व विधानसभा सत्रों में एल्यूमिनियम पार्क के विषय को लेकर विधानसभा में प्रश्न उठाया। भाजपा सरकार व उनके मंत्रियों से कोरबा में एल्यूमिनियम पार्क की स्थापना की मांग उठाते रहे और आरोप लगाते रहे कि भाजपा सरकार व उनके मंत्री कोरबा जिले की आम जनता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, छलावा कर रहे हैं, और उनका सैद्धांतिक हक छीन रहे हैं, सब कुछ उपलब्ध होने के बावजूद कोरबा में एल्यूमिनियम पार्क की स्थापना नहीं कर रहे, ऐसा आरोप राजस्व मंत्री हमेशा अपने विधायक के कार्यकाल में लगाते रहे हैं।

श्री लाम्बा ने कहा है कि वर्तमान समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है जिसमें जयसिंह अग्रवाल स्वंय राजस्व मंत्री हैं। सरकार को लगभग 4 वर्ष आठ माह पूर्ण होने को है परन्तु राजस्व मंत्री द्वारा एल्यूमिनियम पार्क की स्थापना के संबंध में कभी भी कहीं पर भी चर्चा या जिक्र नहीं किया जाता जो कोरबा क्षेत्र के लिए बड़ी विडम्बना है। विधायक रहते भाजपा सरकार के वक्त मजदूरों, व्यापारियों एवं लघु उद्यमियों के बीच अपनी सस्ती लोकप्रियता की ख्याति प्राप्त करने के लिए एल्यूमिनियम पार्क-एल्यूमिनियम पार्क का राग लगाते रहे जबकि स्वयं राजस्व मंत्री होकर कोरबा की जनता को आश्वस्त नहीं कर पाए। एल्यूमिनियम पार्क को लेकर घोषणा वीर साबित हुए हैं। आम जनता को अपेक्षा थी कि इस बहुप्रतिक्षित एल्यूमिनियम पार्क पर सरकार से मोहर लगवाकर स्थापना करायेंगें किंतु पूरी तरह विफल रहे। कोरबा की आम जनता को राजस्व मंत्री से बेहद हताशा और निराशा हुई है।

सार-संक्षेप

भूपेश है तो भरोसा है हितग्राही कार्ड भरकर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

मनोज केटरर्स
हितग्राही कार्ड
90 90 02 90 90

मनेन्द्रगढ़, 23 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस मनेंद्रगढ़ द्वारा भूपेश है तो भरोसा है संबंधित हितग्राही कार्ड का रजिस्ट्रेशन करवाया गया इस मौके पर काफी संख्या में युवाओं ने हितग्राही कार्ड भर कर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के पास जमा किया. युवा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर उपस्थित जनों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जनहित में चलाई गई विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी एवं उनका लाभ उठाने की अपील की गई.इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हाफिज मेमन,स्वप्निल सिन्हा, सौरभ गुप्ता, मुजाहिद, मोती सिंह, भावेश, मेहुल यादव, सौरभ जायसवाल, संकेत शर्मा समेत कार्यकर्त्ता काफी संख्या में मौजूद थे।

वृक्षारोपण उत्सव दिवस पर 300 फलदार पौधे रोपे

अंबिकापुर 23 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में 21 अगस्त को वृक्षारोपण उत्सव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना के तहत विकासखण्ड लखनपुर के परियोजना लखनपुर अंतर्गत जलग्रहण समिति कुन्नी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों के द्वारा पौधरोपण हेतु स्थल खुदाई कर तथा गौठानों में उत्पादित वर्मीकम्पोस्ट का उपयोग कर लगभग 300 से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में परियोजना लखनपुर के परियोजना अधिकारी जीएस ध्रुवे, जलग्रहण समिति के अध्यक्ष मंगल राठिया, डब्ल्यू.डी.टी. टेक्निकल मधुसूदन लाल ध्रुवे, डब्ल्यू.डी.टी. सदस्य समूह विकास विष्णु बंजारे, पितेन्द्र ध्रुव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

सुनील रामदास के हाथों ओम नमः शिवाय अनुष्ठान के समापन में किया गया पौध वितरण

रायगढ़ 23 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के राजा महल के पास चल रहे ओम नमः शिवाय जाप स्थल पर श्रद्धालु गण के बीच भाजपा कार्यकर्ता व रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास के हाथों पौध वितरण किया गया। ज्ञात हो कि यह अनुष्ठान गत 14 जुलाई से आरम्भ हुआ था और गत 21 अगस्त को इसका समापन हुआ। अनुष्ठान समापन के अवसर पर सुनील रामदास के हाथों हिन्दू परिवारों में पूजा के लिए उपयोग किए जाने वाले पुष्प के पौधे और तुलसी, व बेल के पौधे श्रद्धालु गण के बीच बांटे गए। इस अवसर पर पुसौर विकासखण्ड के ग्राम तुरंगा स्थित गुरूकुल के आचार्य राकेश, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुरूपाल भल्ला, भाजपा नेता आलोक सिंह, विकास केडिया, पुसौर भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष ईश्वर गुप्ता, घनश्याम पटेल, अविनाश गुप्ता, दु:खनाशन गुप्ता सहित नगर के गणमान्य जन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुनील रामदास ने कहा कि सनातन हिन्दू समाज में प्रकृति की पूजा की अवधारणा पूर्णत: वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है।

आज दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा चल रही है। किन्तु सनातन हिन्दू पूरे विश्व को अपने पूजा पद्धति के माध्यम से संदेश देता रहा है कि प्रकृति का संरक्षण मानव जीवन ही नहीं अपितु पूरे जीवन जगत और हमारे पारिस्थितिक तंत्र को सुरक्षित रखने के लिए अति आवश्यक है। लेकिन विडंबना यह है कि पूरे विश्व ने सनातन हिन्दू पूजा पद्धति और उसके जीवन शैली का मजाक बनाने का प्रयास किया है। लेकिन आज पूरे विश्व को यह समझ में आ रहा है कि हमारी पूजा पद्धति और हमारी जीवन शैली ही वैज्ञानिक है, जो कि मानवों के कल्याण के दिशा की ओर संकेत देता है। ग्लोब वार्मिंग से लड़ने का उपकरण भी हमारी जीवन शैली और पूजा पद्धति है। इसलिए हमारा अपील है कि हम जिस तरह प्रकृति की पूजा करते हैं, उसी प्रकार उसके संरक्षण पर भी ध्यान दें।

नेशनल हाईवे में मवेशी विचरण की सूचना के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी

रायगढ़ 23 अगस्त (देशबन्धु)। सड़कों और नेशनल हाईवे में खुले घूमने वाले आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पशुओं के गले में रेडियम बैंड लगाने और टैगिंग करने के साथ खुले में घूमने वाले पशुओं को गौशाला अथवा गौठान में विस्थापित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में अब नेशनल हाईवे में पशुओं के खुले में विचरण की शिकायत व सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिसमें शहरी क्षेत्र के लिए नंबर 1100 पर कॉल कर सूचना दी जा सकती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी 70000-23061 मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इसी तरह नेशनल हाईवे के ग्रामीण इलाकों के लिए विशेष नोडल अधिकारी बनाये गये है जिसमें खरसिया ब्लॉक के लिए मोबाइल नंबर 96694-65241, रायगढ़ ब्लॉक के लिए 94241-85427 एवं पुसौर ब्लॉक के लिए मोबाइल नंबर 62611-62293 जारी किया गया है।

उल्लेखनीय हैं कि कलेक्टर श्री सिन्हा ने पालतू पशुओं को आवारा छोडऩे वालों पर कार्यवाही करने और अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग के साथ नगर निगम आयुक्त को शहरी क्षेत्र में विशेष रूप से इस दिशा में कार्यवाही करने एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग द्वारा कार्यवाही करने के साथ ही पशुओं का उपचार भी किया जा रहा है। इसी प्रकार निगम द्वारा शहरी क्षेत्रों में अभियान के तहत आवारा मवेशियों पर कार्यवाही करते हुए काउ कैचर के माध्यम से सड़कों से आवारा मवेशियों को संबलपुरी गोठान में विस्थापित कर, पशुओं को खुले में छोडऩे वाले पशुपालकों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्री सिन्हा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा घूम रहे पशुओं के पालकों पर कड़ाई से कार्यवाही किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। जारी आदेश में पशु अतिचार अधिनियम 1871 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों में विचरण कर रहे पशुओं को कांजी हाउस में बंद कर पशुपालक के विरूद्ध धारा 12 के तहत अर्थदण्ड अधिरोपित किए जाने का प्रावधान है। जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव को इसके लिए अधिकृत किया जाता है कि वे छ.ग.पंचायत राज अधिनियम, 1993 एवं पशु अतिचार अधिनियम, 1871 में निहित धाराओं एवं नियमों के तहत अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र में खुले में पशुओं द्वारा फसलों की चराई करने, सड़कों, उद्यानों एवं सार्वजनिक स्थलों में विचरण करते पाए जाने पर निकटतम कांजी हाउस में भेजकर पशुपालकों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जावे।

निर्वाचन को लेकर झारसुगुड़ा में हुई उच्च स्तरीय बैठक

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक हुए शामिल

रायगढ़ 23 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर आज छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के पांच सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर व एसपी की कानून व्यवस्था और निर्वाचन के संचालन को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक झारसुगुड़ा कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में रायगढ़ के कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल हुए। बैठक में रायगढ़ के साथ सारंगढ़-बिलाईगढ़, झारसुगुड़ा, बरगढ़ और सुंदरगढ़ जिले के कलेक्टर एसपी शामिल हुए। सीमावर्ती इन जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्वाचन के दौरान अंतर्राज्यीय सीमा पर सुरक्षा और निगरानी के लिए रणनीति बनाने को लेकर गहन चर्चा हुई। जिससे सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही निर्वाचन के दौरान अंतरर्राज्यीय सीमा से पैसों तथा शराब के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए उपायों पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ और ओडिसा राज्य के सीमावर्ती थाने मे वायरलेस सेट ऑपरेटर के मध्य सतत् संचार कर सूचना का आदान-प्रदान करने पर चर्चा की।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी निर्वाचन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु सीमावर्ती जिलों का आपसी सहयोग व समन्वय बेहद अहम है। इस दौरान कलेक्टर रायगढ़ ने उड़ीसा सीमा से लगे मतदान केन्द्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए यहां निगरानी व सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रबंध के बारे में बात रखी। सभी जिलों के कलेक्टर व एसपी ने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु सहमति जताते हुए चेकपोस्ट व अन्य आवागमन के रास्तों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। बैठक के दौरान सीमा जांच बिन्दुओं तथा सीलिंग प्वाईंट के साथ आदतन अपराधियों व निगरानी बदमाशों की सूची उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान की गई। इस मौके पर सीमावर्ती राज्य नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत् संपर्क बनाने व आवश्यक सूचना के आदान-प्रदान को लेकर प्रत्येक जिले में व्यवस्था बनाने की बात रखी गयी।

बैठक में सारंगढ़-बिलाईगढ़ की कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी व पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, झारसुगुड़ा की कलेक्टर श्रीमती अबोली सुनील नरवणे व पुलिस अधीक्षक परमार स्मित परषोत्तम दास, बरगढ़ कलेक्टर श्रीमती मोनिषा बनर्जी व पुलिस अधीक्षक प्रहलाद सहाय मीणा, सुंदरगढ़ कलेक्टर डॉ.गवाली पराग हरसद व पुलिस अधीक्षक प्रत्युष दिवाकर शामिल हुए।

जनदर्शन में मिले 30 आवेदनों के त्वरित निराकरण करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

मनेंद्रगढ़, 23 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयसीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री दुग्गा ने कहा कि मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात में की गई घोषणा और जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें। शासन की महत्वाकांक्षी योजना रीपा गोठानों में कार्यों की समीक्षा करते हुए महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए उन्हें रोजगार मूलक कार्यों से जोड़ने के लिए आवश्यक प्रयास करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सके। किसानों को समिति के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज वितरण करना सुनिश्चित करें। पीडीएस दुकानों में लगातार निरीक्षण और जाँच करते रहें ताकि हितग्राहियों को राशन मिलने में कोई परेशानी न हो। समयसीमा की बैठक के पश्चात कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनदर्शन में प्राप्त 30 आवेदन पत्रों के निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में डीएफओ एलएन पटेल, संयुक्त कलेक्टर और एसडीएम मनेंद्रगढ़ श्रीमती अभिलाषा पैकरा, एसडीएम भरतपुर मूलचंद चोपड़ा, एसडीएम चिरमिरी बीएस मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा तथा अन्य जिलास्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

राजस्व अधिकारी लंबित राजस्व प्रकरणों का करें निराकरण

मनेंद्रगढ़ 23 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बुधवार को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री दुग्गा ने कहा कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करना अनिवार्य है। मुख्यालय में रहकर ग्रामीणों की राजस्व और अन्य सभी समस्याओं का निराकरण करें। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की राजस्व संबंधी समस्या नहीं होनी चाहिए। लंबित राजस्व प्रकरणों को कम करने के लिए लगातार फ़ील्ड भ्रमण कर प्रकरण निराकृत करें। सभी एक दूसरे के साथ मिलकर टीम वर्क में कार्य करें। शासन की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर अधिक से अधिक लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसपी सिद्धार्थ तिवारी, अपर कलेक्टर अनिल सिदार, एसडीएम मनेंद्रगढ़ श्रीमती अभिलाषा पैकरा, एसडीएम भरतपुर मूलचंद चोपड़ा, एसडीएम चिरमिरी बीएस मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

चोरी की 27 साइकिलें बरामद, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ 23 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के सुभाष चैक के पास चोरी की साइकिल खपाने के लिये ग्राहक तलाश रहे सायकल चोर को सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकडा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 27 सायकल बरामद की है।

साइकिलें चुराना बना लिया था पेशा

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वाहन चोरी में अंकुश लगाने की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस पूर्व में मोटर सायकल चोरी और संपत्ति संबंधी अपराधों में चालान हुए आरोपियों पर मुखबीर लगाकर निगाह रखे हुए हैं। इसी क्रम में 20 अगस्त के दोपहर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिली कि सुभाष चैक के पास एक व्यक्ति नई रेंजर साइकिल को सस्ते दाम पर बेचने कुछ लोगों से चर्चा कर रहा है, मुखबीर ने व्यक्ति के पास रखी हुई साइकिल चोरी की होने की आशंका जताया। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा मौके पर थाने से स्टाफ रवाना किया गया। मौके पर कोतवाली स्टाफ को पूर्व में चोरी साइकिल चोरी में चालान हुआ आरोपी नकुल साहू एक नई रेंजर साइकिल के साथ मिला जिसे हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने अपने पास रखे नई रेंजर साइकिल को चोरी का होना और अन्य चोरी की 26 नग साइकिलों को अपने गांव औरदा पुसौर में छिपाकर रखना बताया जिसे पुलिस आरोपी के निशानदेही पर बरामद किया गया है। आरोपी ने चोरी 27 साइकिलों को रायगढ़ शहर के विभिन्न स्थानों से चोरी कर घर में छिपा रखना बताया है। आरोपी से बरामद सायकलों में 3 सायकलों पर पूर्व से अपराध कायम होने से अपराध में बरामदगी शुमार किया गया। शेष 24 सायकलों के संबंध में आरोपी नकुल साहू पिता गोपीनाथ साहू उम्र 50 साल निवासी सराईभदर वार्ड क्रमांक 34 थाना जूटमिल जिला रायगढ़ मूल निवास ग्राम औरदा थाना पुसौर जिला रायगढ़ पर धारा 413 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी नकूल पूर्व में भी सायकल चोरी के अपराध में जेल जा चुका है।

रायगढ़ फोटोग्राफी प्रदर्शनी सराहनीय : सुनील रामदास

रायगढ़ 23 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा कार्यकर्ता सुनील रामदास ने रायगढ़ फोटोग्राफी प्रदर्शनी के अवसर पर फोटोग्राफरों को संबोधित करते हुए कहा कि रायगढ़ फोटोग्राफी प्रदर्शनी सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर उन्होंने रायगढ़ फोटोग्राफिक एसोसिएशन की प्रथम फोटोग्राफी पत्रिका एक्सपोजर का भी विमोचन किया।

फोटोग्राफी उत्सव के मुख्य अतिथि सुनी रामदास ने अपने उद्बोधन में जीवन में फोटोग्राफी के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि फोटो में शब्द छिपे हुए होते हैं। एक फोटो हजारों शब्दों के बराबर का महत्व रखता है। आज मोबाइल के युग में फोटोग्राफी आसान हो गई है, लेकिन फोटोग्राफर्स की भूमिका सदैव बनी रहेगी।

वर्ल्ड फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में रायगढ़ फोटोग्राफिक एसोसिएशन के पदाधिकारीगण - संरक्षक योगेश पांडेय, संरक्षक राजा सिंह ठाकुर, अध्यक्ष श्रवण चैहान, उपाध्यक्ष लोकेश प्रधान, सचिव नंदू, कोषाध्यक्ष अजय राजपूत, संगठन मंत्री संजय राजपूत, सह संगठन मंत्री राजेन्द्र पैकरा, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र बेहरा, सह सचिव सुमित साहू, शहर प्रमुख चंदू, मीडिया प्रभारी दीपांशु छडिमली, कार्यक्रम संयोजक नरेश साहू, सदस्य - डीग्री लाल निषाद, अमित यादव, कपिल परमार, प्रेम जयसावल सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

सुनील रामदास के साथ मंच में लायंस क्लब के पदाधिकारीगण - विजय अग्रवाल, ऋषि वर्मा, उमेश थवाइत, अनुराग मित्तल उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रुसेन कुमारशा, स्त्रीय संगीत की बाल प्रतिभा ख्याति कुमार अनेक फोटोग्रार्स उपस्थित थे।

युवती से छेड़खानी करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

रायगढ़ 23 अगस्त (देशबन्धु)। 21 अगस्त की शाम थाना कोतवाली में स्थानीय युवती उसके मोहल्ले के सोमेस दास महंत द्वारा छेड़खानी करने और उसके परिवार के लोगों को मारने पीटने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट आवेदन देकर दर्ज करायी, युवती के आवेदन पर धारा 354, 354(ख), 506 भादवि के तहत अपराध कायम किया गया।

पीड़ित युवती ने बताया कि मोहल्ले का होने के कारण कभी-कभी सोमेस से बातचीत करती थी, करीब एक सप्ताह से सोमेस कहीं भी आते जाते समय उल्टे-सीधे कमेंट कर परेशान कर रहा था। 18 अगस्त की रात्रि करीब साढ़े 09 बजे नटवर स्कूल के पास एक दुकान पर थी, वहां दुकान पर आकर सोमेस दास महंत ने बेज्जती करने की नियत से हाथ पकड़कर खीचने लगा। उसी समय जीजा आकर बीच बचाव किये तो उन्हें भी मारने की धमकी दिया और रात को घर आकर घरवालों को मारने पीटने, नुकसान पहुंचाने की धमकी दिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के निर्देशन पर तत्काल कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा आरोपी सोमेस दास महंत पिता शोभादास महंत 23 साल थाना कोतवाली की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

सती मंदिर को संरक्षित धरोहर घोषित करने हाईकोर्ट में याचिका

सुनवाई 19 सितम्बर को

चिरमिरी 23 अगस्त (देशबन्धु)। चिरमिरी निवासी आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय मेंएक रिट याचिका प्रस्तुत कर मांग की है कि चिरमिरी सती मंदिर को पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार पुरातत्व धरोहर घोषित कर उसे संरक्षित किया जाए । छत्तीसगढ़ संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग सिविल लाइन रायपुर के मुख्य रासायनिक डॉक्टर के. पी. सिंह द्वारा 19 दिसंबर 2013 को चिरमिरी क्षेत्र में स्थित सती मंदिर का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था, इसमें उन्होंने उल्लेख किया था कि चिरमिरी में एक शिलालेख है जो 1351 का लिखा हुआ है. श्री वर्मा के द्वारा अपने इस प्रतिवेदन में स्थल से संबंधित कुछ सुझाव भी दिए गए थे। ।इस प्रतिवेदन के आधार पर संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा वर्ष 2015 में एक पत्रिका का प्रकाशन किया गया था ।इस पत्रिका के अनुसार अर्जुनदेव का चिरमिरी से प्राप्त 1450 का शिलालेख के संबंध में उल्लेख करते हुए अनेक प्राचीन मंदिरों का भग्नावेश, किले एवंबहुसंख्यक सती मंदिर का प्रस्ताव किया गया था ।प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम 1958 की धारा-2 के अनुसार 100 वर्षसे पुराने प्राचीन स्मारक तथा पूरातत्व अवशेष को संरक्षित करने का उल्लेख किया गया है. राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा इस पुरातत्व महत्व के प्राचीन मंदिर को संरक्षित नहीं किया गया हैजिस कारण इस क्षेत्र के पुरातात्विक महत्व के शिलालेख, पत्थर, मूर्ति आदि उपेक्षित पड़े हुए हैं.इस प्रतिवेदन और प्रस्ताव के आधार पर जो आरटीआई कार्यकर्ता श्री मिश्रा के द्वारा सूचना के अधिकार पर प्राप्त किया गया था, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका क्रमांक 3519/2019 प्रस्तुत कर चिरमिरी के सती मंदिर को संरक्षित करने का अनुरोध किया गया है ।श्री मिश्रा के इस याचिका में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा नोटिस जारी कर राज्य सरकार सेजवाब मांगा गया है । इस संबंध में राज्य सरकार ने जवाब प्रस्तुत किया है । आरटीआई कार्यकर्ता केइस याचिका के तत्काल बाद छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका क्रमांक 150 वर्ष 2022 प्रस्तुत की गई, जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के अग वाईवाली डबल बेंच ने आईटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के रिट याचिका को भी इसी जनहित याचिका मेंजोड़ देने का आदेश किया गया है ।अब इन याचिकाओं की सुनवाई 19 सितंबर 2023 को निर्धारित की गई है.।

सौरभ मिश्रा बने कांग्रेस के जिला प्रवक्ता

मनेंद्रगढ़, 23 अगस्त (देशबन्धु)। नवगठित जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव की नियुक्ति हो गई है। चिरमिरी देशबन्धु काफी लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष के रूप में अशोक श्रीवास्तव पर जिम्मेदारी सौंपी है। वही नवीन जिले के जिला अध्यक्ष बनने के बाद ही, जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने अपने टीम मेंपहली नियुक्ति पत्र जारी करते हुए नए जिले के जिला प्रवक्ता एवं कार्यालय प्रभारी के रूप में सौरवमिश्रा को नियुक्त किया है।स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यकारिणी कमेटी गठित होने तक सौरव मिश्रा इस जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहेंगे। ज्ञात हो कि सौरव मिश्रा इसके पूर्व अविभाजित जिला कांग्रेस कोरिया से पूरे प्रदेश में सबसे कम उम्र के जिला प्रवक्ता बने थे। इसके साथ ही सौरव को युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जवाहर बाल मंच के जिला समन्वयक कोरिया के साथ-साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ के ब्लॉक प्रवक्ता,असंगठित कामगार के ब्लॉक अध्यक्ष सहित छात्र जीवन में बंसल कॉलेज भोपाल मध्य प्रदेश के कॉलेज अध्यक्ष के साथ रूप में काम करने का अनुभव है। वो छात्र जीवन से अब तक पिछले 10 सालो से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय है।

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के लिए दिशा निर्देश जारी

27 अगस्त तक प्रस्ताव आमंत्रित

अंबिकापुर 23 अगस्त (देशबन्धु)। लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किया गया है।जिस हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 05 सितम्बर 2023 को विकास खण्ड स्तर पर ''शिक्षा दूत'' पुरस्कार दिया जावेगा, जिसके लिये प्राथमिक शाला के कक्षा पहली से 5वीं तक अध्यापन कराने वाले शिक्षक ही पात्र होंगे ।जिला स्तर पर ''ज्ञान दीप'' पुरस्कार दिया जावेगा, जिसके लिये पूर्व माध्यमिक शाला अर्थात् कक्षा 6वीं से 8वीं तक अध्यापन कराने वाले शिक्षक ही पात्र होंगे । संभाग स्तर पर ''शिक्षा श्री'' पुरस्कार दिया जावेगा, जिसके लिये कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्यापन कराने वाले शिक्षक ही पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधान पाठक जिसमें समे प्रति विकास खण्ड 01 प्राथमिक शाला प्रधान पाठक एवं 01 पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एवं जिला से 01 प्राचार्य को सम्मानित किया जाना है। संभाग स्तर पर ''शिक्षा श्रीज्ज पुरस्कार एवं ''उत्कृष्ट प्राचार्य'' पुरस्कार दिया जावेगा जिसके लिए प्रति विकासखण्ड कक्षा 09वीं से 12वीं तक अध्यापन कराने वाले 01 शिक्षक एवं 01 प्राचार्य,जिला स्तर पर ''ज्ञानदीप'' पुरस्कार एवं ''उत्कृष्ठ प्रधान पाठक''(पूर्व मा.शा.) पुरस्कार दिया जावेगा। जिला स्तर पर च्ज्ञानदीपज्ज पुरस्कार एवं च्उत्कृष्ट प्रधान पाठकज्ज पुरस्कार दिया जाएगा जिसके लिए प्रति विकासखण्ड कक्षा 06वीं से 08वीं तक में अध्यापन कराने वाले 01 शिक्षक तथा 01 प्रधान पाठक (पूर्व मा.शा.) का प्रस्ताव व संबंधित शिक्षक/प्रधान पाठक, विकास खण्ड स्तर पर ''शिक्षादूत'' पुरस्कार एवं ''उत्कृष्ट प्रधान पाठक''(प्रा.शा.) पुरस्कार दिया जावेगा। जिसके लिए प्रति विकासखण्ड कक्षा 01ली से 05वीं तक में अध्यापन कराने वाले 03 शिक्षकों का चयन विकास खण्ड स्तर पर किया जावेगा। उत्कृष्ट प्रधान पाठक प्रा.शा. पुरस्कार हेतु प्रति विकास खण्ड 01 प्रधान पाठक (प्रा.शा.) का प्रस्ताव एवं संबंधित प्रधान पाठक का प्रस्ताव व संबंधित शिक्षक/प्राचार्य का विस्तृत सचित्र उपलब्धि विवरणिका सहित, संबंधितों का विभागीय जांच एवं न्यायालयीन प्रकरण संस्थित नहीं होने का प्रमाण पत्र 27 अगस्त 2023 शाम 4 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत करने कहा गया है।

सार-संक्षेप

नवविवाहित वधुओं का किया गया सम्मान

मतदान जागरूकता अभियान जांजगीर चाम्पा
देश हित +
आपका कर्तव्य = मतदान
परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर
जिला - जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

जांजगीर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। आज जिले में संचालित 06 बाल विकास परियोजनाओं में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत नवविवाहित वधूओं का सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 1281 ऑगनबाड़ी केन्द्रों में 1771 नवविवाहित वधूओं को श्रीफल देकर सम्मान का किया गया है। इसके साथ ही मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदाता एप्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

नवीन मतदाता, नवविवाहित वधू एवं महिलाओं को अपने मताधिकार का आवश्यक रूप से उपयोग करना चाहिए एवं किसी भी पात्र मतदाता का एपिक कार्ड नही छूटना चाहिए। खासकर महिलाएं एपिक कार्ड बनवायें। क्योंकि बिना एपिक कार्ड के वे अपने मताधिकार का उपयोग नही कर सकते है। कार्यक्रम में बताया गया कि 01 अक्टूबर को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रही है व 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति मतदाता सूची में अपना पंजीयन करायें। कार्यक्रमों में मतदान के प्रति जन जागरूकता लाने पर जोर दिया गया। साथ ही बताया गया कि भारत के नागरिक होने के नाते मताधिकार हमारा बहूमूल्य अधिकार एव कर्तव्य है। जिसका उपयोग कर सही व्यक्ति का चुनाव कर सकते है एवं समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर सकते है। मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु मेंहदी, रंगोली, रैली भी निकाली गई।

जनसंघ के जमाने के कार्यकर्ताओं का गमछा श्रीफल से सम्मान

डभरा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह शक्ति जिला के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव एवं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडल अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जिला मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे। जनसंघ के जमाने से कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हो वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राम प्रताप सिंह ने कहा आपके त्याग और तपस्या के फल स्वरुप आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। आपकी मेहनत और लगन से आज भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार केन्द्र में है और आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भी आपके मार्गदर्शन और सहयोग की अपेक्षा है। इस सम्मान समारोह में सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को गमछा श्रीफल से सम्मानित किया गया। भाजपा मंडल कोटमी के उपाध्यक्ष मनीष चौधरी ने बताया कि वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह में लगभग 100 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया और आगामी विधानसभा चुनाव हेतु वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन की जरूरत है जरूरत है। उन्होंने युवा भाजपा कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर कार्य करने की बात कही, भाजपा मंडल कोटमी के उपाध्यक्ष मनीष चौधरी लगातार क्षेत्र में भाजपा संगठन के युवाओं एवं कार्यकर्ताओ को संगठित कर रहे हैं और केंद्र सरकार की योजनाओं को गांव गांव में बता रहे हैं। इस सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आलोक पटेल,चंद्रपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष रुद्र मेहर एवं भूपेन्द्र यादव चंद्रकुमार चंद्रा सहित भाजपा मंडल डभरा कोटमी, पुरन सरल अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं डॉ राजेंद्र चौधरी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन 31 तक

जांजगीर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे - आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू जैसे संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन कर रहे हैं। उन्हे तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2023-24 प्रारंभ की गई है। इस योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों से 31 अगस्त सायं 5 बजे आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। योजना से संबधित अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर-चाम्पा से संपर्क किया जा सकता है।

सामुदायिक भवन का लोकार्पण

कोरबा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के वार्ड 30 अंतर्गत सामुदायिक भवन का लोकार्पण राजस्व मंत्री के मुख्य आतिथ्य तथा महापौर राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। भवन का निर्माण प्रभारी मंत्री मद के 11.44 लाख की लागत से हुआ है जिसे विधिवत लोकार्पण कर चौहान (गाड़ा) समाज को समर्पित किया गया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि कोरबा क्षेत्र के सभी समाजों के लिए उनके अपने सामाजिक भवन बनवाए गए हैं जहां वे अपने सामाजिक, सांस्कृतिक व सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन सुविधापूर्ण रूप से कर रहे हैं। भवन के लिए चौहान (गाड़ा) समाज के युवाओं द्वारा राजस्व मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया गया। समाज के संरक्षक अमिलाल चौहान ने कहा कि इसमें सामाजिक गतिविधियाँ संचालित होंगी। लोकार्पण अवसर पर सभापति श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सपना चौहान, पालूराम साहू, पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, मुकेश राठौर, आर.पी.जायसवाल, अवधेश सिंह ठाकुर, यशवंत चौहान, सीताराम चौहान, देव जायसवाल, राजमति यादव, ओम पटेल, बंशीलाल चौहान, शिव चौहान, सोम चौहान, तुमुल चौहान, देव चौहान आदि

तीन विधान सभा क्षेत्रों के लिए डेढ़ सौ कांग्रेस नेताओं के आवेदन

सबसे अधिक आवेदन अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पामगढ़ से

जांजगीर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों से कांग्रेस द्वारा आवेदन लेने की समय मंगलवार की शाम को खत्म हो गई। जिले के तीन विधान सभा क्षेत्र के लिए करीब डेढ़ सौ लोगों ने कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है। सबसे अधिक आवेदन अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व पामगढ़ विधानसभा के लिए आए हैं। कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए अप्रत्याशित रूप से सरकारी कर्मचारी व सरकारी सेवा से रिटायर हो चुके अधिकारी भी शामिल हैं। विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक चेहरे अब सामने आ गए हैं। 17 अगस्त से विकासखंड वार आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, इसका समापन 22 अगस्त को हो गया। इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सक्ती में तो गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने जांजगीर-चांपा से तो छग भवन सन्निर्माण कर्मकार मंडल के सदस्य मंजू सिंह ने अकलतरा, दिनेश शर्मा, रवि पांडेय, मंडी नैला के अध्यक्ष व्यास कश्यप ने जांजगीर से दावेदारी का आवेदन किया है। सबसे अधिक पामगढ़ में 53 लोगों ने दावेदारी की है।

इसी प्रकार अकलतरा विधान सभा से 48 लोगों ने बलौदा और अकलतरा ब्लॉक अध्यक्ष के पास आवेदन किया है। इसी प्रकार जांजगीर शहर अध्यक्ष संतोष शर्मा के पास 21 लोगों ने आवेदन जमा किया है। इसी प्रकार चांपा के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी के पास 18 लोगों ने आवेदन किया है। इनमें 10 तो चांपा शहर के ही दावेदार हैं। इच्छुक लोगों से मिले आवेदन पत्र पर चर्चा करने के लिए 24 को ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक होगी। अकलतरा क्षेत्र के पूर्व विधायक व पूर्व राज्य सभा सदस्य रामाधार कश्यप की बेटी डॉ. शारदा कश्यप ने भी प्रत्याशी बनाने के लिए आवेदन किया है। इनके अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह, जनपद अध्यक्ष शिवानी सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिलेश्वर साहू, अविनाश सिंह, पूर्व युकां जिलाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, अविनाश साहू सहित 25 लोगों ने आवेदन जमा किया है। चांपा से कांग्रेस प्रत्याशी बनने के लिए नगर के दस लोगों ने आवेदन दिया है। नपा अध्यक्ष जय थवाईत, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल व रिटायर्ड शिक्षा सचिव एमडी दीवान सहित नगर से 10 लोगों ने कांग्रेस के टिकट के लिए अपना आवेदन दिया। इनके अलावा पूर्व पार्षद गुलशन सोनी, उपकार सिंह ढिल्लो सहित नगर के दस लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी बनाने के लिए आवेदन किया है।

निर्वाचन तैयारियों को लेकर कलेक्टर ली बैठक

जांजगीर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर सभी रिटर्निंग आफिसर, नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए व्यवस्थित तरीके से कार्य करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्हें सौंपे गए दायित्वों का भली भांति निर्वहन करने कहा। निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होने के साथ ही जिले में तत्काल आदर्श आचरण संहिता का क्रियान्वयन करने के लिए निर्देशित किया। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी नियमों की भली भांति जानकारी रखें। पीपीईएस के नोडल अधिकारी सभी विभाग प्रमुखों से प्रमाण पत्र प्राप्त कर सत्यापन करें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की डाटा एण्ट्री सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के लिए मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षण, वाहनों की व्यवस्था, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी, आईटी, स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, कानून एवं व्यवस्था, ईव्हीएम प्रबंधन, आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, वीडियोग्राफी, कानून व्यवस्था के लिए गठित एमसीसी, मीडिया प्रमाणन एवं पेड न्यूज निगरानी के लिए एमसीएमसी, बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट पेपर, ईटीपीबीएस, मीडिया, संचार व्यवस्था, मतदाता सूची, शिकायत शाखा एवं वोटर हेल्पलाइन, आब्जर्वर, माइक्रो आब्जर्वर, वेबकास्टिंग के लिए पहले से ही अपने कार्यों के लिए पूरी तैयारी किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि ईव्हीएम मेनेजमेंट अंतर्गत डेमोन्ट्रेशन सभी मतदान केंद्रों में जनसामान्य को जागरूक करने हेतु किया जा रहा है। ईव्हीएम को नियमानुसार सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता वाहन के माध्यम से भी ईव्हीएम-वीवीपीएटी विभिन्न स्थानों में जनसामान्य की जागरूकता हेतु प्रदर्शित किया जा रहा है। कलेक्टर ने ईव्हीएम के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, श्रीमती अर्चना झा, सीईओ जिला पंचायत डॉ. ज्योति पटेल, अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित अन्य समस्त रिटर्निंग आफिसर, नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

राजनैतिक दलों की जिला स्तरीय बैठक हुई

जांजगीर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को सम्पन्न कराने हेतु जिलें के विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों तथा प्रतिनिधियों के साथ, निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों/प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न मदों में किए जाने वाले व्ययों के लिये मानक दर निर्धारण किये जाने के संबंध में बैठक ली गयी।

मानक दर में प्रचार-प्रसार सामग्री सहित खाने-पीने के विभिन्न सामानों, टेंट, बैंड-बाजा, डीजे, होटल एवं वाहनों के किराया निर्धारण पर चर्चा किया गया एवं चर्चा उपरांत् बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक पदाधिकारियों की सहमति से आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की अवधि के लिये विभिन्न मदों मे व्यय किये जाने हेतु मानक दर का निर्धारण किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के.पी.लहरे, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ए.तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग विद्युत एवं यांत्रिकी सी.आर.निराला, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पीआर महदेवा, कौशल किशोर साहू जिला खाद्य अधिकारी तथा राजनैतिक पदाधिकारियों में रोहित डहरिया, राधेश्याम सूर्यवंशी, जसपाल वैद्य, अशोक चौधरी, अभिषेक मिश्रा, श्रीमती मिथलेश बघेल, तथा प्रदीप सराफ सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें पूर्ण-जिपं सीईओ

मनरेगा, पीएम आवास, गोधन न्याय योजना की ली समीक्षा

जांजगीर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत सीईओ डॉ ज्योति पटेल ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में महात्मा गांधी नरेगा, पीएम आवास योजना, गोधन न्याय योजना की सिलसिलेवार समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ ने पीएम आवास योजना की जनपद पंचायत के साथ ही ग्राम पंचायतवार समीक्षा करते हुए कहा कि आवास स्वीकृत होने के बाद उसको पूर्ण कराने की जिम्मेदारी ब्लॉक कार्डिनेटर, तकनीकी सहायक, मनरेगा तकनीकी सहायक की है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार सहायक, सचिव के साथ समन्वय बनाकर कार्य को पूरा कराएं। उन्होंने तकनीकी अमले से कहा कि वे नियमित रूप से आवास की मॉनीटरिंग करें और हितग्राही को आवास बनाने के लिए प्रेरित करते हुए आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने कहें। जिपं सीईओ ने कहा कि जो घर पूर्ण हो चुके हैं उन्हें अंतिम किश्त की राशि जारी करने की कार्यवाही की जाए और जो आवास पूर्ण हो चुके हैं उनमें कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर तक आवास निर्माण को लेकर जो लक्ष्य रखा गया है उसके अनुसार कार्य करें। बैठक में महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कृषि आधारित एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के कार्यों पर ध्यान दिया जाए और उनके प्रस्ताव तैयार करते हुए समय सीमा के भीतर स्वीकृत कराये। इसके अलावा उन्होंने मनरेगा की समयबद्ध मजदूरी भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने नरवा प्रोजेक्ट के तहत चल रहे कार्यों को पूर्ण करने और फेस थ्री के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एन.जी.जी.बी. के तहत बनाए गए गौठान में गोधन न्याय योजना के माध्यम से नियमित रूप से गोबर की खरीदी की जाए और खरीदे गए गोबर से स्व सहायता समूह के माध्यम से वर्मी कंपोस्ट तैयार करते हुए किसानों को सोसायटी के माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को गौठानों के कार्यों को पूर्ण करने कहा और पूर्ण होने के उपरांत गोधन न्याय योजना से जोड़ते हुए गोबर खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी सहित जनपद पंचायत सीईओ, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, पीएम आवास योजना ब्लॉक कॉर्डिनेटर, तकनीकी सहायक मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में शामिल किए गये अनेक गांव

जांजगीर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के अनुशंसा से जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के अनुसूचित जाति बाहुल्य 8 गांवो को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत शामिल किया गया है। इन गांवो के बुनियादी समस्याओं का समाधान इस योजना के तहत किया जायेगा। इस कार्यक्रम में सड़क, मुक्तिधाम, ग्राम पंचायत भवन जैसे गांव के विकास कार्यो को मूर्त रूप दिया जायेगा। वर्तमान में ग्राम पंचायत कुलीपोटा, दर्री, जगमहंत, भैसदा, पुटपुरा, तेंदुवा, पाली, ठकुरदिया गांवो को शामिल किया गया है। उक्त गांवो में भारत सरकार के स्वच्छता मिशन के तहत स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाया जायेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत लैब टेक्नीशियन का पद विलोपित

जांजगीर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांजगीर-चांपा द्वारा लैब टेक्नीशियन (ब्लड बैंक) के पद पर संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि लैब टेक्नीशियन (ब्लड बैंक) पद की स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण उक्त पद को विलोपित किया गया है।

गौ सेवा दिवस के रुप में मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

जांजगीर, 23 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की 62 वीं जन्म जयंती पर नगर के कांग्रेसजनों ने विविध आयोजन कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। बुधवार 23 अगस्त की सुबह 9.30 बजे जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वय विवेक सिंह सिसोदिया व रफीक सिद्दिकी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, एल्डरमैन हीरा उपाध्याय, राजा सिद्दिकी, मयंक तनु थवाईत, भोलू मितेश यादव अपने साथियों सहित सिद्ध श्री नहरिया बाबा मंदिर पहुंचकर संकट मोचक हनुमान जी से मुख्यमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन के साथ क्षेत्र की खुशहाली एवं उत्तरोतर उन्नति की कामना की।

तत्पश्चात नैला स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में गौ माताओं को गुड़, चना और केला खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। अंत में सैकड़ों की तादाद में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा कचहरी चौक पर जमकर आतिशबाजी करते हुए भूपेश है तो भरोसा है, कका अभी जिंदा हे का नारा लगाते हुए डीजे और ढोल ताशे के साथ डांस किया और केक काटा तथा उपस्थितजनों को मिठाई व बूंदी का प्रसाद भी वितरित किया गया। इस दौरान प्रमुख रुप से वरिष्ठ इंका नेता देवेश सिंह, मंडी अध्यक्ष ब्यास कश्यप, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष शर्मा, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष अजीत सिंह राणा, कमलेश सिंह बाबा, नरसिंहा यादव, गुड्डू पठान, फरीद खान, राजा खान, पार्षद देव गढेवाल, मुंशीदास वैष्णव, संतोष यादव, संजय खेमुका, बिट्ठल यादव, दिलीप कश्यप, जे. के. साहू, प्रदीप यादव, सौरभ यादव, कुमारी गार्गी तिवारी, प्रभा सिंह, जितेन्द्र दिनकर, अरमान खान, शांति साहू, मनीष गढ़ेवाल, सोनू गढ़ेवाल, शंकर दास महंत, अतिक कुरैशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

400 से अधिक महिलाओं एवं युवकों ने किया कांग्रेस प्रवेश

कमल ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर किया स्वागत

डभरा, 23 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में जैजैपुर विधानसभा सीट सेउम्मीदवारी के लिए कमल किशोर पटेल ने हसौद में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष को आवेदन पेश किया । जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के कोने कोने से आए हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता महिला समूहों की सदस्य बूथ स्तर के अध्यक्ष तथा युवा व नारी शक्ति सहित समर्थक उनके समक्ष थे। इस मौके पर केन्द्र सरकार

प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का जन्मदिन भी मनाया गया रक्षाबंधन के लिए महिलाओं को साड़ी भेंट की। और युवा टीमों को क्रिकेट की किट दिया। ग्रामीणों को गमछा देकर सम्मानित किया गया। 400 से अधिक महिलाओं एवं युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया जिन्हें कमल किशोर पटेल ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया।

हाईकोर्ट अधिवक्ता एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि एवं मानव अधिकार आरटीआई के प्रदेश महामंत्री कमल किशोर पटेल ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज जैजैपुर क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ है सड़कों की स्थिति बहुत खराब है जैजैपुर क्षेत्र में दस सालों से कोई विकास नहीं हुआ है जबकि छत्तीसगढ़ की सरकार गरीबों किसानों की सरकार है सरकार ने किसानों की कर्ज माफ किया अब किसानों के धान 20 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी सरकार करेगी महिलाओं के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है रीपा योजना से आज महिला समूह आगे बढ़ रही है आत्मनिर्भर हो रही है उन्होंने आगे कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता ने जो हमें वोट देने का अधिकार दिया है । इस अधिकार का सही उपयोग करना है।

मेक्सिको में बस दुर्घटना में सोलह लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको में मंगलवार को एक बस दुर्घटना में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 36 घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना मध्य मैक्सिकन राज्य प्यूब्ला में हुई। प्यूब्ला के आंतरिक विभाग ने सोशल मीडिया पर कहा कि दुर्घटना मंगलवार तड़के कुआकोनोपालन-ओक्साका राजमार्ग के 91केएम पर हुई। घायलों को तेहुआकान जनरल अस्पताल और अन्य चिकित्सा केंद्रों में ले जाया गया।

देश विदेश

15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बोले चीनी राष्ट्रपति

अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति को आकार देने वाली महत्वपूर्ण शक्ति है ब्रिक्स

बीजिंग, 23 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 23 अगस्त को जोहान्सबर्ग में आयोजित 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर एक महत्वपूर्ण भाषण दिया, जिसका शीर्षक 'एकजुटता व समन्वय से विकास का अनुसरण करना और साहसी व जिम्मेदारी से शांति बढ़ाना' है। शी ने अपने भाषण में कहा कि ब्रिक्स देश अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति शेपिंग करने की महत्वपूर्ण शक्ति है। हम स्वतंत्रता से विकास का रास्ता चुनते हैं, एक साथ विकास अधिकार की सुरक्षा करते हैं और आधुनिकीकरण की ओर बढ़ते हैं। यह मानव समाज के विकास की दिशा का प्रतिनिधित्व करता है और निश्चय ही विश्व विकास की प्रक्रिया पर गहरा प्रभाव डालेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स सहयोग कुंजीभूत दौर से गुजर रहा है। हमें संयुक्त सशक्तिकरण की प्रारंभिक अभिलाषा का पालन कर विभिन्न क्षेत्रों का सहयोग मजबूत करना, गुणवत्ता साझेदारी बढ़ाना, वैश्विक शासन को अधिक न्यायपूर्ण व युक्तियुक्त दिशा की ओर बढ़ाना और विश्व में अधिक निश्चितता, स्थिरता और सकारात्मक ऊर्जा डालनी चाहिए। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि हमें आर्थिक ,व्यापारिक व वित्तीय सहयोग बढ़ाना चाहिए ताकि आर्थिक विकास को मदद मिले। हमें राजनीतिक सुरक्षा सहयोग का विस्तार करना चाहिए ताकि शांति व सौहार्द की सुरक्षा की जाए। हमें सांस्कृतिक आदान प्रदान मजबूत कर, न्याय व निष्पक्षता पर कायम रहकर वैश्विक शासन संपूर्ण बनाना चाहिए।

'हमें आर्थिक ,व्यापारिक व वित्तीय सहयोग बढ़ाना चाहिए ताकि आर्थिक विकास को मदद मिले।'

रूस 2024 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की करेगा मेजबानी



मॉस्को। रूस अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा और अक्टूबर में कजान शहर में ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री पुतिन ने दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में एक परिपूर्ण सत्र में कहा, अगले साल, ब्रिक्स की अध्यक्षता रूस को सौंपी जाएगी। हम लगभग 200 राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक कार्यक्रमों की योजना बना रहे हैं, जिन्हें 12 रूसी शहरों

ब्रिक्स के विस्तार में भारत ने हासिल की अहम भूमिका

जोहान्सबर्ग। ब्राज़ील, रूस, भारत, रूस एवं दक्षिण अफ्रीका के कूटनीतिक समूह ब्रिक्स के विस्तार की योजना में भारत ने सहमति कायम करने को लेकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर शिखर नेताओं के रिट्रीट के दौरान इस संगठन में विस्तार के बारे में चर्चा हुई। नये सदस्यों की सदस्यता की अर्हता एवं चुनाव के तरीके के बारे में भारत के सुझावों पर सहमति कायम करने में कामयाबी मिली है। रिट्रीट में मेज़बान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा तथा रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे रूसी उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शामिल हुए।

दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 24 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 6

राशिफल

मेष -आप का आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अनूठी अनुभूति कराने वाला रहेगा। आपको रहस्यमयी विद्या आपको आकर्षित करेगी। आज आध्यात्मिक सिद्धि मिलने का भी योग हैं।

वृषभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। आज आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के लोगों के साथ अधिक समय गुजरेगा।

मिथुन -आज आप का दिन बहुत अच्छा गुजरने वाला है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेगा। खर्च होगा, लेकिन वह निरर्थक नहीं होगा। आर्थिक लाभ की संभावना है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कर्क -आज का दिन आपके लिए थोड़ी सावधानी रखने का है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है। मानसिक अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। खिन्नता रहेगी।

सिंह -आज आप शारीरिक रुप से अस्वस्थ तथा मानसिक रूप से चिंतित रहेंगे। घर में स्वजनों के साथ गलतफहमी हो सकती है। माता के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। घर की महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

कन्या -किसी भी काम में सोच समझकर आगे बढ़ें। भाई-बहनों के साथ प्यारभरा संबंध बना रहेगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रत्येक काम में सफलता मिलने की संभावना है। आर्थिक लाभ की संभावना भी अधिक है।

तुला -आज आप का मनोबल कमजोर रहेगा। किसी निर्णय पर जाना कठिन हो सकता है। नए काम की शुरुआत ना करें और महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपने स्वभाव में जिद्दीपन छोड़ दें।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए शुभ है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। स्वजनों से भेंट या उपहार मिल सकता है।

धनु -आज का दिन आपके लिए कठिनता भरा हो सकता है। परिजनों के साथ बहस होगी। किसी से उग्र व्यवहार के कारण मनदुःख हो सकता है। वाणी पर संयम रखना पड़ेगा। मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा।

मकर -मित्रों, सम्बंधियों से की गई भेंट से आपका दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। सामाजिक क्षेत्र, व्यापार तथा आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी रहेगा। जीवनसाथी की खोज करने वालों का रिश्ता पक्का होने के योग हैं।

कुंभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। आज प्रत्येक काम में सरलता से सफलता प्राप्त होगी। आप मानसिक रूप से प्रफुल्लित रहेंगे। नौकरी में अधिकारियों की प्रसन्नता के कारण पदोन्नति के योग हैं।

मीन -मन की अस्वस्थता के कारण आप आज चिंतित रहेंगे। शरीर में थकान और आलस्य का अनुभव होगा। अधिकारियों के साथ बातचीत में सावधानी रखें। संतान के विषय में आपको चिंता रहेगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

अल्जीरिया के साथ सहयोग में तेजी लाएं : रायसी

तेहरान, 23 अगस्त (एजेंसियां)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने अल्जीरिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों को विकसित करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने का आह्वान किया। इससे संयुक्त आर्थिक सहयोग आयोग को सक्रिय और दोनों पक्षों के बीच सहयोग में तेजी ला सकें। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ईरान की राजधानी तेहरान में अल्जीरिया की पीपुल्स नेशनल असेंबली के अध्यक्ष इब्राहिम बौघाली के साथ एक बैठक में श्री रायसी ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में सुधार की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

बयान में कहा गया कि श्री रायसी ने कहा कि अल्जीरियाई स्पीकर की तेहरान यात्रा पहले से ही विस्तारित द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

बयान के मुताबिक, ईरान प्रतिबंधों और दबाव को विकास के अवसरों में बदलने में कामयाब रहा है। श्री रायसी ने मैत्रीपूर्ण और भाईचारे वाले अल्जीरिया के साथ अपने अनुभव और उपलब्धियों को साझा करने के लिए अपने देश की तत्परता व्यक्त की। श्री रायसी ने कहा कि दोनों देशों का क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के प्रति समान दृष्टिकोण है और वे दोनों देशों और मुस्लिम दुनिया के हितों के अनुरूप अपने द्विपक्षीय रचनात्मक और उपयोगी सहयोग को बढ़ा सकते हैं। बयान के अनुसार, श्री बौघली ने दोनों देशों के बीच बढ़ते राजनयिक आदान-प्रदान पर संतोष व्यक्त किया।

क्षेत्रीय देशों के साथ अफगानिस्तान के रिश्ते बेहतर : मुत्ताकी

काबुल, 23 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी अमीर खान मुत्ताकी ने दावा किया है कि अफगान कार्यवाहक सरकार के क्षेत्रीय देशों के साथ संबंध मजबूत होने की राह पर है। राज्य मीडिया ने श्री मुत्ताकी के हवाले से यह जानकारी दी है। मंगलवार को सरकारी समाचार एजेंसी 'बख्तर' के अनुसार श्री मुत्ताकी ने एक सरकारी जवाबदेही कार्यक्रम की बैठक में कहा कि पिछले साल 10,000 यूरोपीय सहित 70,000 विदेशी पर्यटकों ने अफगानिस्तान के विभिन्न हिस्सों की यात्रा की। प्रेस एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा कि सरकार ने पड़ोसी देशों के साथ सीमा मार्गों को खुला रखा है ताकि अफगान उत्पादों को विदेशों में निर्यात किया जा सके। एजेंसी ने कहा कि विदेश मंत्रालय क्षेत्रीय देशों के साथ एक संयुक्त समिति के माध्यम से अफगान शरणार्थियों की समस्या को हल करने की योजना पर भी काम कर रहा है।

अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के उत्तरी बल्ख प्रांत में सड़क दुर्घटना में छह यात्रियों की मौत हो गई है। प्रांतीय अस्पताल के प्रवक्ता खैर मोहम्मद खैर ख्वा ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री ख्वा ने बताया कि यह दुर्घटना बल्ख प्रांत के चाहरबोलक जिले में जौजजान-बल्ख राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर बाद घटी। यह हादसा लापरवाही से चलायी जा रही दो कारों के अनियंत्रित होकर टकरा जाने से हुआ। इस हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गयी और कुछ लोग घायल हो गये। इस दुर्घटना में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर है। उन्नीस अगस्त के बाद से देश में यह चौथी सड़क दुर्घटना है।

जेल में बंद थाइलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री की तबियत बिगड़ी

बैंकॉक, 23 अगस्त (एजेंसियां)। थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को सीने में दर्द, उच्च रक्तचाप और ऑक्सीजन की कमी की परेशानी के बाद उन्हें पुलिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को निर्वासन से लौटने के बाद उन्हें जूल में बंद कर दिया गया था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को अदालत में पेशी के बाद थाईलैंड लौटने पर श्री शिनावात्रा को जेल में डाला गया था। उन्हें तीन मामलों में दस साल की सजा सुनायी गयी है। सुधार विभाग ने एक बयान में कहा कि श्री शिनावात्रा के सीने में दर्द, उच्च रक्तचाप और ऑक्सीजन के स्तर में कमी आने पर उन्हें आज सुबह बैंकॉक के पुलिस अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता था। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि जांच के बाद पता चला कि श्री शिनावात्रा (74) को कई बीमारियाँ हैं। उन्हें देखभाल की जरूरत है।

थाईलैंड नरेश ने श्रेत्त थाविसिन को प्रधानमंत्री नियुक्त किया

बैंकॉक। थाईलैंड के राजा महा वज्रलांगकर्ण ने फिउ थाई पार्टी के श्रेत्त थाविसिन की देश के प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। थाईलैंड की संसद के अध्यक्ष के कार्यालय के प्रवक्ता कैम्पी दित्तकर्ण ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने राजा को एक पत्र लिख कर प्रधानमंत्री चुनाव के नतीजे के बारे में सूचित किया और राजा ने 30वें प्रधानमंत्री की नियुक्ति के लिए मंजूरी दे दी है।

भारत-बंगलादेश रेलवे लाइन पर ट्रैक कार का सफलतापूर्वक संचालन

अगरतला, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे ने मंगलवार को अगरतला से भारत और बंगलादेश के बीच ढाका के माध्यम से कोलकाता को जोड़ने वाले सीमा पार कनेक्टिविटी के लिए नवनिर्मित रेलवे लाइन पर विशेष रूप से डिजाइन किए गए ट्रैक कार का सफल संचालन किया । रेलवे अधिकारियों ने बुधवार को यहां कहा कि ट्रैक कारों के निर्बाध संचालन ने बंगलादेश के अखौरा में अगरतला और गंगासागर रेलवे स्टेशनों के बीच एक रेलवे इंजन के ट्रायल रन का रास्ता साफ कर दिया।

ट्रैक कार के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शून्य रेखा तक पहुंचने में लगभग 75 मिनट लगे । अधिकारियों ने कहा कि परीक्षण ट्रेन के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने में कुछ दिन और लगेंगे।

ऐसे संकेत हालांकि मिले हैं कि अति महत्वाकांक्षी भारत-बंगलादेश ट्रेन सेवा का शुभारंभ संभवत- नौ सितंबर को होगा , जब दोनों देशों के प्रधानमंत्री नयी दिल्ली में एक साथ होंगे।

आज का इतिहास

1600-ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला जहाज 'हेक्टर' सूरत के तट पर पहुंचा।
1690-कलकत्ता शहर का स्थापना दिवस।
1908-स्वतंत्रता सेनानी राजगुरु का जन्म।
1914-प्रथम विश्व युद्ध - जर्मन सेना ने नैमूर पर क़ब्ज़ा किया।
1924-भारतीय राष्टीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ राम निवास मिर्धा का जन्म।
1969-वाराहगिरि वेंकट गिरि भारत के चौथे राष्टपति बने
1974-फ़ख़रुद्दीन अली अहमद भारत के पांचवें राष्टपति बने
1991-यूक्रेन सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना।
1995-उत्तरी अमेरिका में माइक्रोसॉफ्ट विन्डोज 95 की आम जनता के लिए शुरूआत।
1999-पाकिस्तान ने कारगिल ऑपरेशन के दौरान भारत द्वारा पकड़े गये 08 युद्धबंदियों को युद्धबंदी मानने से इंकार किया।
2000-बंगलादेश के पूर्व राष्टपति मुहम्मद इरशाद को 05 वर्ष की सज़ा।
2002-अमेरिका के उप-विदेशमंत्री रिचर्ड आर्मिटेज ने भारत-पाकिस्तान से बातचीत शुरू करने का अनुरोध किया।
2004-फ़िलिस्तीनियों को अहिंसा का पाठ पढ़ाने अरुण गांधी रामल्ला पहुँचे।
2006-अंतर्राष्टीय खगोलीय संघ ने प्लूटो (यम) का ग्रह का दर्जा समाप्त किया।
2008-पेइचिंग ओलंपिक का समापन।

परेशानी *संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने दी जानकारी*

सूडान में नए सिरे से लड़ाई से सहायता वितरण बाधित

संयुक्त राष्ट्र, 23 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में नए सिरे से शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने का आह्वान किया है ताकि दक्षिण दारफुर और दक्षिण कोर्डोफान में नागरिकों को सहायता प्रदान की जा सके। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने मंगलवार को कहा, हम देश के कई हिस्सों में नए सिरे से लड़ाई के प्रभाव को लेकर बेहद चिंतित हैं। ओसीएचए ने कहा कि इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने दक्षिण दारफुर राज्य की राजधानी न्याला में कम से कम 60 लोगों के मारे जाने और 250 लोगों के घायल होने की सूचना दी है।

कम से कम 50,000 लोग अपने घर छोड़कर चले गए, और राहत सामग्री से भरे ट्रकों को रोक दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सूडान के पश्चिमी भाग में सूडानी सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच लगभग एक सप्ताह पहले फिर से लड़ाई शुरू हो गई।

ओसीएचए ने कहा कि दक्षिण कोर्डोफान राज्य की राजधानी कडुगली में खाद्य भंडार लगभग पूरी तरह से समाप्त हो गए हैं और लड़ाई के कारण लगभग 6,700 लोग अपने घरों से दूसरे इलाकों में चले गए।

कार्यालय ने कहा, हम सूडान में संघर्ष में शामिल पक्षों से शत्रुता बंद करने और जरूरतमंद नागरिकों को जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने की अनुमति देने का आह्वान करते हैं।

कतर ने 2 ईरानी कैदियों को वापस भेजा

तेहरान। कतर में कैद दो ईरानियों को रिहा कर दिया गया है और वे अपने देश लौट आए हैं। कतर में ईरानी राजदूत हामिद्रेजा देहघानी ने ये जानकारी दी। राजदूत ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर कहा कि दोहा में ईरानी दूतावास के कर्मचारियों के प्रयासों की बदौलत सोमवार रात को दोनों को मुक्त कर दिया गया और ईरान वापस भेज दिया गया। देहघानी ने कहा कि दोनों ईरानियों ने हय्या कार्ड से कतर में प्रवेश किया - कतर में प्रवेश परमिट का उपयोग फीफा विश्व कप 2022 के दौरान किया गया - और बिना परमिट के देश में काम किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरानी दूतावास ने पहले ही चेतावनी दी थी कि हय्या कार्ड अरब देश में काम करने के लिए परमिट के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। जून में कतर ने देश में कैद सात ईरानी नागरिकों को रिहा किया था। फ़ार्स के अनुसार, उनमें से छह को कतर के क्षेत्रीय जल में अवैध प्रवेश के लिए हिरासत में लिया गया था।

सुडोकू 6295

		4		1			8	
					6	2		4
	5				7	9		
4					8			
	9		1		2		6	
			5					7
		6	7				1	
2		3	6					
	1			8		3		

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6295

१		२		■	■	३		४	
	■		■	५			■		■
६					■	७			८
	■	■	■	९			■	■	
■	१०		११		■	■	१२		
■		■		■	१३			■	
१४		१५		■		■	१६	१७	
	■		■	१८		१९	■		■
२०			■		■	२१			२२
	■	२३					■	■	

बायें से दायें:-

१. जिसका कुछ अंश बाकी बचा हो, बाकी, शेष, अपूर्ण, अधूरा
३. राय, सलाह
५. आकाश, वर
६. भलाई चाहने वाला
७. दान करने वाला, दानी
९. सरस्वती, दुर्गा
१०. आग उगलने वाला, हथियार
१२. कुबेरपुरी
१३. तो भी, तिस पर भी
१४. विद्यमान, हाजिर
१६. न्यूनाधिक्य का विचार, मिलान, समता, आपेक्षिक संबंध
१८. मिलन
२०. किरण
२१. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन पर होने वाला कार्यक्रम

ऊपर से नीचे:-

१. समूह संबंधी
२. शिरोभूषण, मुकुट, पर्वत-शिखर
३. पिता का दादा
४. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतू पशु
५. गणित
८. प्रति पक्षी को लड़ने की चुनौती देना
१०. इल्जाम मढ़ना
११. बिताया हुआ
१२. किंतु
१३. घुड़साल
१४. श्रेष्ठता
१५. वह चित्र जो चलता हुआ न हो (स्टील फोटो फ्रेम)
१७. बागडोर
१८. भौंरा, भ्रमर
१९. शरण (उर्दू)
२२. हलकी किंतु लगातार होने वाली वर्षा

वर्ग पहेली-6294

अ	ध	२ र	पा	३ न	■	४ व	रा	५ स	त
ज	■	का	■	६ व	स	न	■	रा	■
७ न	क	ब	■	यु	■	८ रा	ष्ट्री	य	९ ता
बी	■	दा	■	१० व	णि	ज	■	■	ल
■	११ श	र	१२ ब	ती	■	■	१३ तु	षा	र
■	मि	■	ढ़	■	१४ कु	श	ल	■	स
१५ अं	त	१६ रि	त	■	सु	■	१७ ना	१८ टा	■
जु	■	श्ते	■	१९ त	म	२० स	■	ल	■
२१ म	सौ	दा	■	ल	■	२२ क	ठि	ना	२३ ई
न	■	२४ र	द्दो	ब	द	ल	■	■	ष्या

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

सुडोकू 6295 का हल

7	2	4	3	1	9	6	8	5
1	3	9	8	5	6	2	7	4
6	5	8	4	2	7	9	3	1
4	7	1	9	6	8	5	2	3
3	9	5	1	7	2	4	6	8
8	6	2	5	3	4	1	9	7
5	4	6	7	9	3	8	1	2
2	8	3	6	4	1	7	5	9
9	1	7	2	8	5	3	4	6

दुनिया को जानें

महिला ने मस्क की टेस्ला को ठहराया पति की मौत का जिम्मेदार, मुकदमा किया

न्यूयॉर्क, 23 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में एक महिला ने पति की मौत के मामले में टेस्ला पर मुकदमा दायर किया है। महिला के पति की मौत मॉडल 3 वाहन से हुई दुर्घटना के चलते हो गई थी। न्यूयॉर्क में 12 मार्च 2022 को खराबी आने के कारण 46 वर्षीय जियोंग वू हान की टेस्ला कार एक पेड़ से टकरा गई और वाहन में आग लग गई। इस दुर्घटना में हान की मौत हो गई। अब, वादी जियोंग यून ने कार को अनुचित रूप से खतरनाक डिजाइन, निर्माण, वितरण और बिक्री में भूमिका और हैन की मौत का कारण बनने के लिए न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय में टेस्ला पर मुकदमा दायर किया है। मुकदमा कानून द्वारा वसूली योग्य सभी क्षति के लिए टेस्ला के खिलाफ फैसले की मांग कर रहा है। जिसमें आर्थिक क्षति, कमाई की क्षमता, मानसिक पीड़ा, दर्द, दंडात्मक क्षति, लागत और ब्याज शामिल हैं। मुकदमा तब आया जब इलेक्ट्रिक कार निर्माता के इंजीनियरों ने कथित तौर पर अपनी गवाही में स्वीकार किया कि मस्क की टेस्ला ने 2016 में अमेरिका में दुर्घटना के बाद ऑटोपायलट सिस्टम को ठीक नहीं किया था, जिसमें एक ड्राइवर की मौत हो गई थी।

खेल जगत

प्रगनानंद ने मैग्नस कार्लसन को एक और ड्रा पर रोका

बाकू (अजरबैजान), 23 अगस्त (देशबन्धु) भारत के रमेशबाबू प्रगनानंद ने बुधवार को यहां फिडे विश्व कप के दो गेमों के फाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को लगातार दूसरी बार ड्रा पर रोका, जिससे फाइनल मुकाबला टाईब्रेकर में खिंच गया। प्रगनानंद, जिन्होंने मंगलवार को सफेद मोहरों से ड्रा खेला था, ने इस बार काले मोहरों से नॉर्वेजियन शास्त्रीय शतरंज के पांच बार के विश्व चैंपियन को एक और ड्रा पर रोक दिया। यह एक शांत ड्रा था क्योंकि सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद कार्लसन को अधिक फायदा नहीं मिल सका। फाइनल का फैसला अब गुरुवार को रैपिड शतरंज टाईब्रेक गेम के माध्यम से किया जाएगा।

सिंधु ओकुहारा से हारीं, लक्ष्य प्री-क्वार्टर में पहुंचे

कोपेनहेगन (डेनमार्क), 23 अगस्त (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु मंगलवार को यहां विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में दो पूर्व चैंपियनों के मुकाबले में जापान की नोजोमी ओकुहारा से हारकर बाहर हो गईं। हालांकि, लक्ष्य सेन ने प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर एक और पदक जीतने की अपनी संभावना बरकरार रखी। 22 वर्षीय लक्ष्य ने कोरिया गणराज्य के जियोन ह्योक-जिन को 36 मिनट में 21-11, 21-12 से हराया।

भारत के लिए कुछ और झटके लगे जब वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन की मिश्रित युगल जोड़ी राउंड 64 के मुकाबले में जर्मनी के जोन्स राल्फी जानसन और लिंडा एफ़लर से 21-12, 21-11 से हार गई। स्विट्जरलैंड के बासेल में 2019 संस्करण में महिला एकल का खिताब जीतने के लिए फाइनल में ओकुहारा को हराने वाली सिंधु डेनिश राजधानी में 44 मिनट की मुठभेड़ में जापानी स्टार से 21-14, 21-14 से हार गईं।

सिंधु, जिन्होंने 2016 में रियो ओलंपिक में रजत और फिर टोक्यो में कांस्य जीता, आमने-सामने की लड़ाई में पुरानी प्रतिद्वंद्वी ओकुहारा से 10-9 से पीछे हैं और दोनों के बीच कई करीबी मुकाबले हुए हैं। लेकिन मंगलवार को रॉयल एरेना के कोर्ट नंबर 2 पर हुआ मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें भारतीय खिलाड़ी दूसरे गेम में 9-0 की बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही।

ओकुहारा ने 9-6 की बढ़त बनाने से पहले पहले गेम में शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई। हालाँकि, सिंधु ने 9-9 से बराबरी कर ली, लेकिन जापानी शटलर ने फिर से बढ़त बना ली और 12-10 से आगे बढ़ते हुए 21-14 से पहला गेम जीत लिया।

28 वर्षीय सिंधु के लिए दूसरे गेम की शुरुआत अच्छी रही और उन्होंने 9-0 की बढ़त बना ली। ओकुहारा, जो बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 36वें स्थान पर खिसक गई हैं जबकि सिंधु 15वें नंबर पर हैं, उन्होंने अपनी लय वापस हासिल की और लगातार पांच अंक हासिल किए और फिर 10-5 से चार और अंक जीतकर स्कोर 10-9 कर दिया।

जापानी शटलर ने 12-12 के स्कोर पर सिंधु को पछाड़ दिया और फिर ताकत से आगे बढ़ती गई और 21-14 से गेम जीत लिया, स्पष्ट रूप से अपनी बेहतर फिटनेस के दम पर जीत हासिल की। सिंधु को पहले राउंड में बाई मिली थी। अपने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलते हुए लक्ष्य ने पहले गेम में शुरुआती बढ़त बनाई और फिर अपनी बढ़त बरकरार रखी। 6-4 की बढ़त से भारतीय शटलर ने 10-4 की बढ़त बनाई और फिर इसे 13-6 कर दिया। लक्ष्य ने अपना पलड़ा भारी बनाए रखा और पहला गेम 21-11 से जीत लिया।

यह सिलसिला दूसरे गेम में भी जारी रहा और लक्ष्य ने 4-1 की बढ़त बना ली और जियोन ह्योक-जिन के खिलाफ हमेशा अच्छी बढ़त बनाए रखते हुए जीत हासिल की।

बाकू में अमनप्रीत के शानदार प्रदर्शन से भारत ने जीता स्वर्ण और कांस्य

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। अमनप्रीत सिंह ने अजरबैजान के बाकू में चल रही इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड चैंपियनशिप (ऑल इवेंट्स) में पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल प्रतियोगिता जीतकर भारत को पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया। महिला स्टैंडर्ड पिस्टल तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जिससे देश की पदक संख्या पांच स्वर्ण और चार कांस्य पदक तक पहुंच गई। इसके साथ, भारत अब पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है, जो 24 पदकों के साथ शीर्ष पर है, जिनमें से 13 स्वर्ण हैं। अमनप्रीत ने पुरुषों की स्टैंडर्ड पिस्टल में 577 का स्कोर किया, जो रजत विजेता कोरियाई ली गुनह्योक से तीन अंक आगे था, जिन्होंने 574 का स्कोर किया। फ्रांस के केविन चैपोन ने ली के समान स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता, लेकिन कोरियाई की तुलना में कम आंतरिक 1 के साथ। भारतीय टीम में अमनप्रीत के अलावा हर्ष गुप्ता (573 के साथ चौथे) और अक्षय जैन (545) शामिल थे, हालांकि, टीम पदक से चूक गए और 1695 के कुल योग के साथ चीन, जर्मनी और कोरिया के बाद चौथे स्थान पर रहे। महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में, जबकि तियाना (538 के साथ 11वें), याशिता शौकीन (536 के साथ 12वें) और कृतिका शर्मा (527 के साथ 14वें) व्यक्तिगत प्रतियोगिता में पदक दौर में जगह बनाने में असफल रहीं, लेकिन वे 161 के संयुक्त स्कोर के साथ टीम कांस्य जीतने में सफल रहीं। चीन ने स्वर्ण पदक जीता और मेजबान अजरबैजान ने रजत पदक जीता।

जेसविन एल्ड्रिन लंबी कूद फाइनल के लिए क्वालीफाई, श्रीशंकर असफल

बुडापेस्ट (हंगरी), 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के जेसविन एल्ड्रिन ने पुरुषों की लंबी कूद के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जबकि साथी भारतीय मुरली श्रीशंकर बुधवार को यहां क्वालीफाइंग राउंड में कुल मिलाकर 22वें स्थान पर रहने में असफल रहे। जेसविन एल्ड्रिन ने क्वालीफाइंग बी ग्रुप में 8.00 मीटर की छलांग लगाकर 12 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों में से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जो गुरुवार शाम को होगा।

फ़ाइनल में सीधे क्वालीफ़ाइंग के लिए दूरी 8.15 थी, लेकिन केवल चार जंपर्स ही यह दूरी तय कर पाए। 8.00 मीटर के साथ क्वालीफाइंग में जेसविन एल्ड्रिन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास ने उन्हें फाइनल में 12वां और अंतिम स्थान दिलाया। श्रीशंकर क्वालीफाइंग ए ग्रुप में केवल 7.74 की छलांग ही लगा सके और फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। यह पिछले साल ओरेगॉन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में हासिल की गई 7.96 की दूरी से कम है। पिछले साल ओरेगॉन में क्वालीफाइंग राउंड में श्रीशंकर ने 8.00 मीटर की छलांग लगाई थी।

बुधवार को, जमैका के वेन पिन्नॉक 8.54 मीटर के विश्व-अग्रणी प्रयास के साथ क्वालीफाइंग क्षेत्र में शीर्ष पर रहे, जबकि चीन के जियानान वांग 8.34 की दूरी के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो उनके सीज़न का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। ग्रीस के मिल्टियाडिस टेंटोग्लू (8.26 मीटर) और जमैका के कैरी मैकलियोड (8.19 मीटर) अन्य जंपर थे जिन्होंने 8.15 मीटर के स्वचालित क्वालीफाइंग मार्क को पार किया।

अन्य भारतीयों में भारत की अन्नू रानी महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। अन्नू ने बुधवार को 57.05 का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले 12 एथलीटों में जगह नहीं बना सकीं। स्वचालित क्वालीफाइंग मार्क 61.05 मीटर या सर्वश्रेष्ठ 12 एथलीट था। अन्नू के प्रदर्शन ने उन्हें स्पर्धा के 36 एथलीटों में 19वां स्थान दिलाया।

मेरी, रोहित की बल्लेबाजी शैली विपरीत : गिल

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। युवा भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल का कहना है कि उनकी और कप्तान रोहित शर्मा की विपरीत बल्लेबाजी शैली उनकी सफल साझेदारियों का कारण है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को गिल के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि वह (रोहित) जिन क्षेत्रों को निशाना बनाते हैं, वह मुझसे थोड़े अलग हैं। उन्हें पावरप्ले में हवाई शॉट खेलना पसंद है। मैं ऐसा खिलाड़ी हूं जो फील्डरों के बीच जगह ढूंढकर चौके लगाना पसंद करता है, जबकि वह छक्के मारना पसंद करते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह संयोजन अच्छा काम करता है। गिल और रोहित नौ साझेदारियों में 76.11 की औसत से 685 रन जोड़ चुके हैं। बतौर सलामी जोड़ी इनका प्रदर्शन और भी बेहतर है जहां गिल-रोहित की औसत 85.37 हो जाती है। इस जोड़ी का प्रदर्शन एशिया कप और आगामी विश्व कप में भारत की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

रोहित के साथ बल्लेबाजी के बारे में गिल ने कहा कि कप्तान हर किसी को अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी देते हैं। गिल ने कहा, उनके (रोहित) साथ पारी की शुरुआत करना बहुत अच्छा लगता है, खासकर यह जानते हुए कि सारा ध्यान उन पर है। वह चाहते हैं कि अन्य बल्लेबाज खुद को अभिव्यक्त करें और जिस तरह खेलना चाहते हैं उस तरह से खेलें।

उन्होंने कहा, इस तरह वह खिलाड़ियों को पूरी आजादी देते हैं कि वे अपने खेल को कैसे खेलना चाहते हैं। भारत अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत दो सितंबर को कैंडी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा, जबकि उसका विश्व कप अभियान आठ अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा।

विश्व कप क्वॉलिफायर में पदक के साथ लौटेंगे : नवजोत

- भारत का पहला मैच मलयेशिया से 25 अगस्त को

नई दिल्ली, 23 अगस्त (देशबन्धु)। चतुर मिडफील्डर नवजोत कौर की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम सलाला (ओमान) में 25 से 28 अगस्त तक होने वाले महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वालिफायर में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से ओमान के लिए रवाना हुई। भारतीय महिला हॉकी टीम इलिट पूल में जापान, मलयेशिया और थाइलैंड के साथ है। वहीं दूसरे चैलेंजर्स पूल में हांगकांग, चीन, चीनी ताइपे, बांग्लादेश और मेजबान ओमान की टीमें हैं। नवजोत कौर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं जबकि स्ट्राइकर ज्योति उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम में गोलरक्षक बांसुरी सोलंकी भी है। रक्षापंक्ति का भार अक्षता अबासो ढेकले, महिमा चौधरी, सोनिया देवी क्षेत्रीमायुम संभालेंगे। मध्यपंक्ति का जिम्मा कप्तान नवजोत कौर और अजमीना कुजखर संभालेंगे जबकि अग्रिम पंक्ति का जिम्मा मरियरा कुजुर, ज्योति दीपि मोनिका टोपो संभालेंगी।

भारत की कप्तान नवजोत कौर अपनी टीम की महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर में जीत की संभावनाओं को लेकर खासी उत्साह से भरी नजर आई। नवजोत ने कहा, 'हमें अपने पूल में कुछ मजबूत टीमों का सामना करना है। हमने इस टूर्नामेंट की तैयारी के लिए जितनी मेहनत की है उससे मुझे पूरा विश्वास है हम इसमें अच्छा प्रदर्शन करेंगे और पदक के साथ स्वदेश वापस लौटेंगे।' भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच सौंदर्या येंडला ने टूर्नामेंट अपनी टीम की संभावनाओं की बाबत कहा, हम इस टूर्नामेंट के शुरू होने का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। हमने महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर की तैयारियों के लिए जम कर तैयारी की है। हमारा लक्ष्य पूरे टूर्नामेंट में बढ़िया प्रदर्शन करना है। उम्मीद है हमें अपनी मेहनत का फल टूर्नामेंट जीतने के रूप में मिलेगा।'

भारतीय महिला हॉकी टीम के मैचों का कार्यक्रम

25 अगस्त : भारत वि. मलयेशिया, दोपहर साढ़े तीन बजे।

26 अगस्त : भारत वि. जापान, रात साढ़े नौ बजे।

27 अगस्त : भारत वि. थाइलैंड, दोपहर ढाई बजे।

(सभी मैचों का समय भारतीय समयानुसार है)।

बजरंग, दीपक को विदेश में प्रशिक्षण की मिली मंजूरी

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने पहलवान बजरंग पुनिया और दीपक पुनिया को क्रमश: किर्गिस्तान और रूस में प्रशिक्षण हासिल करने की अनुमति दे दी है। मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि 18 अगस्त को कोच, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और एक सहयोगी के साथ किर्गिस्तान में 21 अगस्त से 28 सितंबर (39 दिन) तक प्रशिक्षण लेने के बजरंग के प्रस्ताव को कुश्ती उप-समिति की बैठक में चर्चा के लिए रखा गया था। इस बैठक में ओलंपियन दीपक पुनिया के 23 अगस्त से 28 सितंबर (35 दिन) तक रूस में प्रशिक्षण शिविर के लिए अपने कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ जाने के प्रस्ताव की भी चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान समिति ने बजरंग और दीपक दोनों के प्रस्ताव को इस शर्त पर मंजूरी दी कि वे विदेश जाने से पहले सीनियर विश्व चैंपियनशिप ट्रायल में भाग न लेने के उचित कारण के साथ फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करेंगे।

इसके बाद बजरंग ने 19 अगस्त को ईमेल के जरिए विश्व चैंपियनशिप ट्रायल में भाग न लेने के अपने कारण बताए। इसके अलावा 21 अगस्त को भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत केंद्र में मेडिकल फिटनेस मूल्यांकन आयोजित किया गया, जिसमें बजरंग को प्रतिस्पर्धी खेलों में खेलने/प्रशिक्षण के लिए फिट घोषित किया गया है।

इस बीच दीपक ने भी 22 अगस्त को अपना जवाब और मेडिकल सर्टिफिकेट भी जमा कर दिया। दोनों खिलाड़ियों के आवश्यक दस्तावेज जमा होने के बाद साई ने अब एथलीटों से अपनी यात्रा की तारीखें देने का अनुरोध किया है। उनका जवाब मिलते ही पहली उपलब्ध फ्लाइट में टिकट बुक कर दिए जाएंगे।

भारत की जर्मनी की जू. टीम से फाइनल में 1-6 से बड़ी हार

सत्येन्द्र पाल सिंह

- भारत की जू. टीम को अपने नियमित कप्तान स्ट्राइकर उत्तम सिंह की कमी अखरी
- भारत की जू. टीम के लिए सुदीप चिरिमाको ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा पांच गोल किए

नई दिल्ली, 23 अगस्त (देशबन्धु)। भारत मेजबान जर्मनी से डसेलडर्फ में चार देशों के जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट, डसेलडर्फ 2023 के फाइनल में भी सोमवार देर रात 1-6 से हार उपविजेता रहा। भारत की जूनियर टीम इस लीग मैच में भी जर्मनी की जूनियर टीम से 2-3 से हारा था। भारत की ने अपने अभियान का आगाज स्पेन पर 6-2 की धमाकेदार जीत के साथ किया लेकिन समापन बदकिस्मती से बड़ी हार के साथ किया। नियमित कप्तान उत्तम सिंह की गैरमौजूदगी में विष्णुकांत सिंह ने भारतीय जूनियर हॉकी टीम का कुशलता का नेतृत्व किया। बावजूद इसके भारत की जूनियर टीम को फाइनल में अपने नियमित कप्तान उत्तम सिंह की हॉकी कलाकारी और प्रेरणादाई मार्गदर्शन की कमी जरूर अखरी। भारत की जूनियर टीम के लिए जर्मनी की जूनियर टीम के हाथों लीग और फाइनल की हार जरूर चिंता का सबब है और इस पर टीम के चीफ कोच और हॉकी इंडिया को गंभीरता से सोचना होगा। भारत को इस साल के आखिर में क्वालालंपुर में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में खिताब जीतना है जो उसे जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया की टीमों से पार पाना होगा।

भारत की जूनियर टीम के लिए एकमात्र गोल इस टूर्नामेंट में उसके लिए सबसे ज्यादा पांच गोल कर उसके सबसे कामयाब रहे ओडिशा के आदिवासी अंचल से आने वाले नौजवान स्ट्राइकर सुदीप चिरिमाको (22 वें मिनट) ने किया। भारत के लिए उत्साहवर्द्धक बात यह रही कि सुदीप चिरिमाको ने इस टूर्नामेंट अपने पांच में तीन गोल जर्मनी जैसी दुनिया की मजबूत टीम के खिलाफ दागे। विजेता जर्मनी की जूनियर टीम के क लिए फ्लोरियन स्पर्लिंग (15 वें मिनट), बेन हाशबाख(20 वें मिनट), हयुगो वॉन मोंटजीलस (23 वें मिनट), फैगिया सीज(38 वें मिनट), निकल्स ब्रेंडटस(41 वें मिनट) और पॉल ग्लेंडर(43 वें मिनट) ने एक-एक गोल किया।

वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे गिल

दुबई, 23 अगस्त (एजेंसियां) भारत के युवा प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गये, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी मैदान पर लौटने के बाद अपनी टी20 रैंकिंग में सुधार किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी नवीनतम वनडे रैंकिंग में, गिल 743 रेटिंग अंक के साथ इस प्रारूप में भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। गिल के बाद विराट कोहली (नौंवा स्थान) शीर्ष 10 रैंकिंग में भारत के एकमात्र बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म 880 रेटिंग पॉइंट के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

दूसरी ओर, आयरलैंड टी20 सीरीज के लिये भारत के कप्तान चुने गये बुमराह सात स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर पहुंच गये। करीब एक साल बाद क्रिकेट में वापसी करने वाले बुमराह दो मैचों में तीन विकेट चटका चुके हैं। युवा लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई भी दो मैचों में चार विकेट चटकाने के बाद टी20 गेंदबाजों की सूची में 17 स्थान की छलांग लगाकर 65वें स्थान पर पहुंच गये हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में 58 रनों की पारी के बाद रुतुराज गायकवाड़ 143 स्थान ऊपर चढ़कर 87वें स्थान पर पहुंच गये, जबकि इस श्रृंखला से बाहर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। टेस्ट रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन दुनिया के नंबर एक गेंदबाज जबकि रवींद्र जडेजा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बने हुए हैं।

हारिस राउफ, मुजीब उर रहमान ने बड़ी छलांग लगाई

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ और अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान ने श्रीलंका के हंबनटोटा में दोनों टीमों के बीच श्रृंखला के उद्घाटन के ठीक एक दिन बाद बुधवार को अपडेट की गई आईसीसी पुरुष एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। राउफ ने 18 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान के 201 रन के जवाब में अफगानिस्तान को 19.2 ओवर में सिर्फ 59 रन पर आउट करने में मदद मिली, जिससे उन्हें सात स्थान का फायदा हुआ और उन्होंने इस साल मई में अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 42वें स्थान को पीछे छोड़ते हुए करियर के सर्वश्रेष्ठ 36वें स्थान पर पहुंच गए। रहमान, जिन्होंने अतीत में करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग का आनंद लिया था, 3-33 के आंकड़े के साथ तीन स्थान आगे बढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि उनके साथी मोहम्मद नबी अब सूची में 11वें स्थान पर हैं, जहां ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड पोल पोजीशन पर हैं। मैच में सर्वाधिक 61 रन बनाने वाले पाकिस्तान के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक एक स्थान के फायदे से कप्तान बाबर आजम (880 रेटिंग अंक) के नेतृत्व वाली बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान तीन पायदान आगे बढ़कर 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं, भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (743 रेटिंग अंक) चौथे स्थान पर हैं। टी20 रैंकिंग अपडेट में, भारत के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में बल्लेबाजों की रैंकिंग में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन 129 रन बनाकर आठ स्थान आगे बढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। संयुक्त अरब अमीरात के वृत्त आनंद बल्लेबाजों में पांच स्थान ऊपर 56वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर अयान अफजल खान गेंदबाजी रैंकिंग में 62 स्थान ऊपर 116वें स्थान पर हैं। भारत-आयरलैंड मैचों में कप्तान जसप्रीत बुमराह और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई दोनों मैचों में दो-दो विकेट हासिल करने के बाद गेंदबाजों की रैंकिंग में आगे बढ़े हैं। बुमराह 91वें से 84वें स्थान पर आ गए हैं जबकि बिश्नोई 82वें से 65वें स्थान पर आ गए हैं। डबलिन में दूसरे मैच में अर्धशतक के बाद सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ 143 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 87वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आयरलैंड के बल्लेबाज एंड्र्यू बालबर्नी दूसरे मैच में 72 रन बनाकर चार पायदान ऊपर 61वें स्थान पर हैं जबकि कर्टिस कैंपर 10 पायदान ऊपर 70वें स्थान पर हैं।

सार संक्षेप

जीपीबीएल सीजन 2 : ओपनर में बेंगलुरु टाइगर्स का मुंबई वॉल्व्स से मुकाबला

बेंगलुरु। मेजबान बेंगलुरु टाइगर्स और मुंबई वॉल्व्स के बीच शुरुआती मुकाबले में भिड़ंत होगी, जो 27 अगस्त से शुरू होने वाले एक्शन से भरपूर ग्रैंड प्रिक्स बैडमिंटन लीग सीजन 2 के लिए रोमांचक माहौल बनाएगा। बैडमिंटन टूर्नामेंट के शुरुआती दिन चेन्नई सुपरस्टार्ज़ का मुकाबला नॉर्थईस्ट राइनोज़ से भी होगा। हैदराबाद हाउंड्स, पुणे पैंथर्स, गुजरात लायंस और नॉर्थईस्ट राइनोज़ मैदान में अन्य टीमें हैं। 13 दिवसीय लीग में कुछ शीर्ष राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एक्शन में नजर आएंगे। रोमांच बढ़ाने के लिए, लीग ने एक नया प्रारूप पेश किया है जो बेहतरीन मनोरंजन की गारंटी देता है। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों को एक ही ग्रुप में रखा गया है, जहां वे मैचों की श्रृंखला में एक दूसरे को टक्कर देंगी। लीग चरण में प्रत्येक टीम पांच मैच खेलेगी। इस सीजन का एक मुख्य आकर्षण ड्रा है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि टीमें लीग स्टेज में एक-दूसरे के खिलाफ एक ही मैच खेले। जीपीबीएल ने कोर्ट पर प्रतिद्वंद्विता को तेज करने के लिए अपनी स्कोरिंग प्रणाली को भी नया रूप दिया है। टीमें प्रत्येक गेम जीतने पर एक अंक (11 अंक) अर्जित करेंगी, जबकि खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक मैच में सभी तीन गेम खेलना अनिवार्य कर दिया जाएगा। टाई जीतने पर एक अतिरिक्त अंक दिया जाएगा। यदि कोई टीम ट्रम्प मैच सहित अपने सभी मैच जीतती है, तो उसे कुल 18 अंक मिलेंगे, जबकि सभी मैच हारने पर -1 अंक मिलेगा।

वर्ल्ड कप से पहले बुमराह-कृष्णा को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने चाहिए : सितांशु कोटक

डबलिन। आयरलैंड के खिलाफ चल रही टी2 सीरीज में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की शानदार वापसी से टीम इंडिया की गेंदबाजी मजबूत नजर आ रही है। आयरलैंड दौरे के लिए गई टीम इंडिया के मुख्य कोच सितांशु कोटक ने जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की तारीफ की। एशिया कप में भाग लेने के लिए तैयार इस जोड़ी ने लंबे के समय के बाद मैदान में वापसी की लेकिन उन्हें देखकर ऐसा लगा ही नहीं कि वो लम्बे समय से खेल से दूर थे। आयरलैंड दौरे के लिए भारत के मुख्य कोच सितांशु कोटक का मानना ??है कि विश्व कप से पहले दोनों गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अधिक खेलने की आवश्यकता है। दोनों ही गेंदबाजों ने एनसीए में काफी समय बिताया और वापसी के लिए कड़ी मेहनत की। कोच ने कहा, दोनों ही खिलाड़ी समझदार हैं। उन्हें देखकर कभी ऐसा नहीं लगा कि वो खेल से दूर थे। वे अभ्यास के दौरान भी तैयार दिखे।

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढने वाले शेयर	
एनटीपीसी	4.02 प्रतिशत
पावर ग्रिड	3.00 प्रतिशत
टेक महिंद्रा	2.28 प्रतिशत
टाटा स्टील	2.16 प्रतिशत
टीसीएस	1.96 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर	
बजाज फाइनेंस	1.12 प्रतिशत
कोटक बैंक	1.09 प्रतिशत
हिंदुस्तान यूनीलीवर	0.91 प्रतिशत
आईटीसी	0.63 प्रतिशत
भारती एयरटेल	0.46 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2500-3000
गेहूं दडा	2150-2160
आटा	2800-2290
मैदा	945-950
चोकर	620-630

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

बासमती औसत किस्म	4500-4600
परमल	1750-1775
चावल सेला	2250-2350
आरआर (आठ)	1650-1670

दाल-दलहन

चना	4,850-4,950
दाल चना	4,850-4,950
मसूर काली	7,800-7,900
उड़द दाल	10300-10400
मूंग दाल	7,900-8,000
अरहर दाल	9700-9800

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

अमेजन की रिलोकेशन पॉलिसी के चलते कई कर्मचारी छोड़ रहे नौकरी

सैन फ्रांसिस्को, 23 अगस्त (एजेंसियां) अमेजन ने कर्मचारियों को रिलोकेशन पॉलिसी के तहत ऑफिस में आकर काम करने का निर्देश जारी किया है। ऐसे में कई कर्मचारियों ने ऑफिस आने के बजाय नौकरी छोड़ने का विकल्प चुना है। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स जायंट के दिशानिर्देशों के अनुसार, दूरदराज के कर्मचारियों के 2024 की पहली छमाही तक मुख्य अमेजन हब में शामिल होने को कहा गया है।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, जो लोग अनिच्छुक हैं या अनुपालन करने में असमर्थ हैं, उन्हें कहीं और काम तलाशने के लिए मजबूर किया जा रहा है, और कुछ लोग नौकरी छोड़ने का विकल्प चुन रहे हैं।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने रिलोकेशन पॉलिसी की पुष्टि करते हुए कहा कि यह कंपनी के वर्कफोर्स के एक छोटे प्रतिशत को प्रभावित कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा, यह सभी के लिए एक जैसा दृष्टिकोण नहीं है, इसलिए हमने फैसला किया कि प्रभावित टीमों और व्यक्तियों के साथ सीधे बात की जाएगी, ताकि सटीक जानकारी सुनिश्चित की जा सके।

प्रवक्ता ने कहा, अगर किसी व्यक्ति को लगता है कि उनके पास वह जानकारी नहीं है जिसकी उन्हें जरूरत है, तो हम उन्हें अपने एचआर बिजनेस पार्टनर या उनके मैनेजर से बात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। रिलोकेशन पॉलिसी से प्रभावित कर्मचारियों के लिए, अमेजन पूछ रहा है कि वे एक नामांकित हब में चले जाएं, जो सिएटल, अर्लिंगटन, न्यूयॉर्क, शिकागो, सैन फ्रांसिस्को या कोई अन्य मुख्य कार्यालय हो सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है, कुछ कर्मचारी इसे महामारी के दौरान कंपनी के दृष्टिकोण से बिल्कुल उलट के रूप में देखते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ मामलों में, कर्मचारियों को राज्य से बाहर जाने के लिए कहा जा रहा है, जिसके लिए उन्हें अपने हाउसिंग लीज को ब्रेक करना होगा, या अपने बच्चों को नए स्कूलों में ट्रांसफर करना होगा।

31 मई को, अमेजन के सैकड़ों कर्मचारियों ने कंपनी के काम पर लौटने के पॉलिसी औरक्लाइमेट चेंज इनिशिएटिव पर प्रगति की कमी को लेकर सिएटल में कंपनी के मुख्यालय में वाकआउट किया। अमेजन ने 1 मई से ऑफिस आकर काम करने की पॉलिसी को अनिवार्य कर दिया है, जिसमें कर्मचारियों को प्रति सप्ताह कम से कम तीन दिन ऑफिस आना होगा। ई-कॉमर्स दिग्गज ने नौकरी में कटौती की दो घोषणाओं में 27,000 कर्मचारियों को भी नौकरी से निकाल दिया है।

हालांकि, हजारों कॉर्पोरेट और टेक कर्मचारी काम पर लौटने से खुश नहीं है। ई-कॉमर्स दिग्गज सिएटल क्षेत्र में 65,000 से अधिक कॉर्पोरेट कर्मचारियों को रोजगार देता है।

देश के कुल इसबगोल उत्पादन का 90 फीसदी प्रसंस्करण गुजरात में

गांधीनगर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के कुल इसबगोल उत्पादन का 90 फीसदी प्रसंस्करण गुजरात में किया जाता है। सरकारी सूत्रों के अनुसार राज्य के सिद्धपुर और ऊंझा में इसकी प्रसंस्करण इकाइयां हैं। ऊंझा और उसके आसपास के क्षेत्रों में इसबगोल प्रसंस्करण की लगभग 25 इकाइयां विकसित की गई हैं। इसबगोल सर्वाधिक विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाली औषधीय फसल है। भारत के कुल इसबगोल के उत्पादन का 93 फीसदी हिस्सा पूरी दुनिया में निर्यात किया जाता है। अमेरिका भारतीय इसबगोल का सबसे बड़ा आयातक देश है। उसके बाद भारत से सबसे अधिक इसबगोल खरीदने वाले देशों में जर्मनी, इटली, ब्रिटेन और कोरिया है। इसके अलावा अन्य देशों में भी भारत से इसबगोल का निर्यात किया जाता है। स्थानीय भाषा में 'घोड़ा जीरा' के रूप में जाना जाने वाला इसबगोल भारत में खेती के अंतर्गत सभी औषधीय फसलों में सर्वाधिक क्षेत्रफल में उगाई जाने वाली अति महत्वपूर्ण फसल है। पूरी दुनिया में भारत इसबगोल का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। इसबगोल फसल के प्रसंस्करण में गुजरात देश भर में अव्वल स्थान पर है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात कृषि क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है।

मास्टरकार्ड और आईसीसी की वैश्विक साझेदारी

PROUD PAR
ICC MEN'S CRICKE
INDIA 202

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। मास्टरकार्ड ने इस वर्ष भारत में हो रहे आईसीसी पुरूष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए वैश्विक साझेदारी करने की आज घोषणा की।

इस वर्ष 05 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में यह विश्व कप का आयोजन होगा। इसके लिए मास्टरकार्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ यह साझेदारी की है। मास्टरकार्ड ग्राहकों और कार्डधारकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए खेल प्रायोजन/स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप की अपनी विरासत को जारी रखने के उद्देश्य से करार किया है। भारत, दक्षिण एशिया और दुनिया के कई देशों में क्रिकेट लोकप्रिय खेलों में से एक है और विश्व कप श्रृंखला प्रशंसकों को रोमांच के केंद्र में रखता है और उन्हें खेल का अभूतपूर्व अनुभव लेने का अवसर प्रदान करता है।

इस साझेदारी के तहत 24 घंटे की विशेष प्री-सेल विंडो के अलावा मास्टरकार्ड कार्डधारक और ग्राहक कई लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इन अवसरों में शामिल है-क्रिकेट के दिग्गज खिलाडियों से मिलने का मौका, पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी को करीब से देखने का अवसर और मैच के दिनों में विशेष प्रवेश शामिल है। कार्डधारकों के 12-18 वर्ष की आयु के बच्चों को भी ध्वजवाहक कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा और मास्टरकार्ड कार्डधारकों के लिए आधिकारिक आईसीसी मर्केंडाइज की ख़रीदी पर कई प्रकार के ऑफर दिए जाएंगे।

इस मौके पर आईसीसी के मुख्य कार्यकारी जोफ एलार्डिस ने कहा मास्टरकार्ड की पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आयोजन के लिए एक वैश्विक पार्टनर के रूप में घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

शंकर शर्मा को ब्राइटकॉम के शेयर बेचने से रोका गया

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। सेबी के मंगलवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि प्रमुख निवेशक शंकर शर्मा को ब्राइटकॉम ग्रुप लिमिटेड (बीजीएल) को किए गए भुगतान की सही स्थिति बताने के लिए पर्याप्त अवसर दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है, हालांकि, वह इसे देने में विफल रहा है। दिलचस्प बात यह है कि 15 अगस्त को अपने ईमेल में शंकर शर्मा द्वारा उद्धृत भुगतान विवरण जमा न करने का एक कारण यह है कि %कंपनी की ओर से सभी प्रेषणों का मिलान करने में देरी के कारण हमें बाध्य होना पड़ा है। तरजीही आवंटन में अन्य आवंटियों के साथ शंकर शर्मा को ब्राइटकॉम के शेयर बेचने से रोक दिया गया है। शंकर शर्मा को वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 37.70 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 1,50,00,000 वारंट (बाद में 9 मार्च, 2022 को शेयरों में परिवर्तित) आवंटित किए गए, प्रत्येक 2 रुपये के अंकित मूल्य के साथ, कुल रुपये के विचार के लिए। 56.65 करोड़. कंपनी ने दावा किया कि उसे कुल 56.65 करोड़ रुपये मिले हैं। हालांकि, बार-बार याद दिलाने के बाद भी बीजीएल अपने बैंक खातों में शंकर शर्मा से वारंट/शेयर आवेदन राशि की प्राप्ति के दस्तावेजी साक्ष्य प्रदान करने में विफल रही। यह देखा गया कि बीजीएल को शंकर शर्मा से 25.7936 करोड़ रुपये मिले थे।

भारत के फैसले से नेपाल में प्याज की कमी

काठमांडू, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया है। इसके बाद नेपाल को प्याज की कमी का सामना करना पड़ रहा है। निर्यातकों द्वारा भारत से प्याज का आयात बंद करने के बाद मंगलवार से काठमांडू के कालीमाटी फल और सब्जी बाजार ने अपनी मूल्य सूची से प्याज को हटा दिया है। काठमांडू के प्रमुख और सबसे बड़े सब्जी और फल बाजारों में से एक कालीमाटी फल और सब्जी बाजार के सूचना अधिकारी बिनय श्रेष्ठ ने कहा कि हमारे पास 80 विक्रेता हैं जो प्याज बेचते हैं लेकिन पिछले दो दिनों में, उनके पास प्याज का स्टॉक खत्म हो रहा है इसलिए हमने प्याज की मूल्य सूची हटा दी है क्योंकि यह अब उपलब्ध नहीं है। वहीं, केंद्र सरकार द्वारा निर्यात शुल्क लगाए जाने के बाद नेपाल में प्याज की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। नेपाली बाजार में प्याज की कीमत 50 रुपये से बढ़कर 90-100 रुपये प्रति किलो के आसपास पहुंच गई है।

चूंकि नेपाल अपनी लगभग सभी प्याज जरूरतों को भारत से आयात करता है, भारी निर्यात शुल्क ने घरेलू बाजार में कमी पैदा कर दी है। व्यापारियों का कहना है कि यह कमी नेपाल के त्योहारी सीजन के साथ मेल खाती है क्योंकि इन दिनों प्याज की खपत बढ़ जाती है। 21 दिसंबर तक 40 फीसदी निर्यात शुल्क ऐसे समय लगाया गया है जब अधिकांश नेपाली त्योहार बीच में आते हैं। आमतौर पर काठमांडू के कालीमाटी फल और सब्जी बाजार में औसतन 100 टन प्याज का आयात होता था, लेकिन निर्यात शुल्क लगाए जाने के बाद रविवार और सोमवार को यह संख्या घटकर 40 टन रह गई है। श्रेष्ठ ने कहा कि मंगलवार से निर्यातकों ने प्याज का आयात बंद कर दिया है। न्यूनतम घरेलू उत्पादन के कारण नेपाल भारत से आयातित प्याज पर बहुत अधिक निर्भर है। पिछले वित्त वर्ष में देश ने 6.75 अरब रुपये मूल्य के 180,190 टन प्याज का आयात किया गया था।

सार संक्षेप

रुपया 29 पैसे मजबूत

मुंबई। शेयर बाजार में जारी तेजी के साथ ही आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में आज डॉलर के मुकाबले रुपया 29 पैसे मजबूत होकर 82.7 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.99 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया तीन पैसे की बढ़त लेकर 82.96 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 82.63 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली होने से यह 82.97 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले दिवस के 82.99 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 29 पैसे मजबूत होकर 82.7 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

पेट्रोल डीजल को जीएसटी दायरे में लाने के लिए पंप मालिकों ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। देश भर के पेट्रोल पंप मालिकों ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के साथ ही अपनी अन्य मांगों को लेकर आज राजधानी में धरना प्रदर्शन किया। पेट्रोल पंप डीलरर्स एसोसियेशन की अगुवाई में आयोजित इस धरना प्रदर्शन में देश के 16 राज्यों के डीलर शामिल हुये। डीलरों ने यहां पेट्रोलियम मंत्रालय को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें पेट्रोल और डीजल पर वैट को अव्यवहारिक बताते हुये इन दोनों उत्पादों को जीएसटी के दायरे लाये जाने की मांग की। इसमें कहा गया है कि वैट से क्षेत्रीय असंतुलन पैदा हो रहा है और यह एक देश एक कर के सरकार के दृष्टिकोण के भी विपरीत है। इसमें डीलरों ने अपने मार्जिन को भी बढ़ाये जाने की मांग की है और कहा कि छह वर्ष पहले मार्जिन में बढोतरी की गयी थी। देश में अभी 7 हजार पेट्रोल पंप है जिससे करीब 1 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

क्यूआईए रिलायंस रिटेल वेंचर्स में करेगी 8278 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का रिटेल कारोबार करने वाली इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) में कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (क्यूआईए) 8278 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि क्यूआईए यह निवेशपूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के माध्यम से करेगी और यह निवेश आरआरवीएल के 8.278 लाख करोड़ के मूल्यांकन के आधार पर किया गया है। इसस निवेश से क्यूआईए को इस कंपनी में .99 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी। आरआरवीएल अपनी सहायक कंपनियों और सहयोगियों के माध्यम से खुदरा व्यापार का संचालन करती है जो किराना, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और जीवन शैली में 18,5 से अधिक स्टोर और डिजिटल वाणिज्य प्लेटफार्मों के एकीकृत ओमनी-चैनल नेटवर्क के साथ 26.7 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। इससे पहले 22 में आरआरवीएल ने विभिन्न वैश्विक निवेशकों से 47,265 करोड़ रुपये की पूंजी जुटायी थी। उस समय कंपनी का मूल्यांकन 4.21 लाख करोड़ रुपये रहा था।

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी



मुंबई 23 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, इंडस्ट्रियल्स, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स और धातु समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन भी तेजी रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 213.27 अंक की छलांग लगाकर 65,433.30 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 47.55 अंक चढ़कर 19,444 अंक पर पहुंच गया। बीएसई का मिडकैप भी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 30,946.75 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत उछलकर 36,065.95 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3783 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2078 में लिवाली जबकि 1544 में बिकवाली हुई वहीं 161 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 29 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 22 में गिरावट रही। बीएसई के 13 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.09, सीडी 0.17, वित्तीय सेवाएं 0.86, हेल्थकेयर 0.15, इंडस्ट्रियल्स 1.08, आईटी 0.21, दूरसंचार 0.27, बैंकिंग 1.20, कैपिटल गुड्स 1.16, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.47, धातु 1.05, रियल्टी 0.43 और टेक समूह के शेयर 0.08 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार का रुख सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.03, जर्मनी का डैक्स 0.54, जापान का निक्केई 0.48 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.31 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.34 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 81 अंक की तेजी लेकर 65,300.93 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,108.51 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर बाद 65,504.71 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,220.03 अंक की तुलना में 0.33 प्रतिशत चढ़कर 65,433.30 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 43 अंक चढ़कर 19,439.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,366.60 अंक के निचले जबकि 19,472.05 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,396.45 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत की बढ़त लेकर 19,444.00 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान तेजी पर रहे सेंसेक्स की 17 कंपनियों में एक्सिस बैंक ने सबसे अधिक 2.23 प्रतिशत की मुनाफा कमाया। साथ ही एसबीआई 1.51, आईसीआईसीआई बैंक 1.49, एलटी 1.42, टाटा स्टील 1.15, मारुति 1.10, कोटक बैंक 0.92, बजाज फाइनेंस 0.73, पावरग्रिड 0.73, नेस्ले इंडिया 0.67, टीसीएस 0.48, इंफोसिस 0.28, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.28, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.28, एचडीएफसी बैंक 0.27, बजाज फिनसर्व 0.21 और रिलायंस के शेयर 0.16 प्रतिशत की बढ़त पर रहे।

वहीं, जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 5.00 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसके अलावा सन फार्मा 1.22, भारती एयरटेल 1.16, टाटा मोटर्स 1.01, टेक महिंद्रा 0.90, आईटीसी 0.84, अल्ट्रासिमको 0.53, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.52, विप्रो 0.44, एशियन पेंट 0.36, टाइटन 0.18, इंडसइंड बैंक 0.10, एचसीएल टेक 0.04 और एनटीपीसी के शेयर 0.02 प्रतिशत गिर गए।

जिंसों के भाव स्थिर

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 45 रिंगिट गिरकर 3812 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.34 सेंट की गिरावट लेकर 61.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 8050-8150, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल : 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4100-4200 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 12308 रुपये, मूंगफली तेल 20512 रुपये, सूरजमुखी तेल 13407 रुपये, सोया रिफाइंड 12088 रुपये, पाम ऑयल 9000 रुपये और वनस्पति तेल 11000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

भारत में केरल में पांच सितारा होटलों की संख्या सबसे अधिक

तिरुवनंतपुरम, 23 अगस्त (एजेंसियां)। केरल ने देश में सबसे ज्यादा पांच सितारा होटल होने का गौरव हासिल कर लिया है। केरल में कुल 42 पांच सितारा होटल हैं। आवास इकाइयों के राष्ट्रीय डेटाबेस में उपलब्ध ताजा आंकड़ों में यह खुलासा हुआ है।

केरल ने महाराष्ट्र, राजस्थान और गोवा जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है, जो पर्यटकों और कॉरपोरेट्स के बीच सुविधाजनक स्थानों के रूप में लोकप्रिय हैं। रैंकिंग के अनुसार, कुल 35 पांच सितारा होटलों के साथ महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है, 32 पांच सितारा होटलों के साथ गोवा तीसरे स्थान पर है, इसके बाद 27 पांच सितारा होटलों के साथ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है।

केरल पर्यटन के निदेशक पी.बी. नूह ने कहा कि जहां सरकार बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास में प्रमुख भूमिका निभाती है, वहीं प्राइवेट उन्हें प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का विकास करते हैं, जिससे केरल में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की आमद बढ़ाने में मदद मिलती है। तिरुवनंतपुरम के हयात रीजेंसी के महाप्रबंधक राहुल राज ने कहा कि यह न केवल हमें केरल को एमआईसीई के लिए सबसे ज्यादा मांग वाले डेस्टिनेशन के रूप में पेश करता है, बल्कि हॉस्पिटालिटी सेक्टर में करियर डेवलपमेंट के अधिक अवसर पैदा करने में भी प्रमुख भूमिका निभाता है। तमारा लीजर की सीईओ और निदेशक श्रुति शिबुलाल ने कहा कि यह उपलब्धि एक मजबूत उत्प्रेरक के रूप में काम करती है।

अमूल को मिला विश्व स्तर पर सबसे मूल्यवान डेयरी, खाद्य ब्रांडों में स्थान

आणंद (गुजरात), 23 अगस्त (एजेंसियां)। अमूल को ब्रांड फाइनेंस फूड एंड ड्रिंक रिपोर्ट 2023 की ओर से दुनिया के सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड के रूप में स्थान दिया गया है। रिपोर्ट सबसे मजबूत और सबसे मूल्यवान भोजन, डेयरी और गैर-अल्कोहल पेय ब्रांडों का मूल्यांकन और रैंकिंग करती है।

अमूल ब्रांड के तहत दूध और दूध उत्पादों की मार्केटिंग करने वाली शीर्ष संस्था गुजरात कोआपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने यूनीवार्ता को बुधवार को बताया कि दुनिया की अग्रणी

ब्रांड वैल्यूएशन कंसल्टेंसी, यूके स्थित ब्रांड फाइनेंस की रिपोर्ट, गुणवत्ता, नवाचार और उपभोक्ता विश्वास के प्रति अमूल की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। अमूल को न केवल विश्व स्तर पर सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड के रूप में स्थान दिया गया है, बल्कि प्रसिद्ध अमेरिकी चॉकलेट ब्रांड, हर्षे के बाद दुनिया भर में दूसरा सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड भी पाया गया है।

श्री मेहता ने कहा कि प्रतिष्ठित रिपोर्ट में अमूल की प्रभावशाली उपलब्धि यहीं नहीं रुकती। अमूल ब्रांड को दुनिया के 5,000 जाने-माने ब्रांडों में से शीर्ष 30 सबसे मूल्यवान खाद्य ब्रांडों में भी स्थान दिया गया है।

Amul PANEER
Amul PURE GHEE
अमूल फ्रेश क्रीम
Amul GOLD MILK
Amul BUTTER
Amul MASTI
Amul KOOL CAFE
KOOL MILKS SHAAKE

इसके अलावा, अमूल गर्व से दुनिया के 100 शीर्ष ब्रांडों में से किसानों की मालिकी (या किसान-स्वामित्व) वाला एकमात्र ब्रांड है।

श्री मेहता ने कहा, यह उपलब्धि अमूल परिवार के 36 लाख डेयरी किसान सदस्यों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। हमने किसान सशक्तिकरण के मूल्यों को कायम रखते हुए हमेशा अपने उपभोक्ताओं को उच्चतम गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। दुनिया के सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड के रूप में पहचाने जाने से हमें उत्कृष्टता और डेयरी किसानों को सशक्त बनाने की अपनी यात्रा जारी रखने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि तीन बिलियन डॉलर के प्रभावशाली मूल्यांकन के साथ अमूल ने दुनिया के सबसे मूल्यवान डेयरी ब्रांडों की सूची में सातवां स्थान भी हासिल किया है। इस प्रतिष्ठित सूची में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में, अमूल अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश को गौरवान्वित कर रहा है। रिपोर्ट सस्टेनेबिलिटी परसेप्शन वैल्यूज़ (एसपीवी) के मामले में सातवां स्थान पाकर, अमूल संवहनीयता और जिम्मेदार प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करता है।

उल्लेखनीय है कि अमूल 72,000 करोड़ रुपये (नौ बिलियन अमेरिकी डॉलर) की वार्षिक बिक्री के साथ भारत में सबसे बड़ा एफएमसीजी ब्रांड है और किसान सहकारी आंदोलन की शक्ति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। अमूल की शुरुआत 1946 में भारत को आज़ादी मिलने से पहले हुई थी और हाल ही में इसने 75 वर्ष पूरे किए हैं।

भूपेश हैं तो भरोसा है ...

बात हे अभिमान के, छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान के

छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री, किसान पुत्र

मान. भूपेश बघेल जी

को जन्मदिवस की

गाड़ा-गाड़ा बधाई एवं शुभकामनाएं...

अटल श्रीवास्तव
अध्यक्ष, पर्यटन मण्डल छ.ग. शासन

रामशरण यादव
महापौर, बिलासपुर

अरूण चौंहान
अध्यक्ष, जिला पंचायत बिलासपुर

प्रमोद नायक
अध्यक्ष, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक बिलासपुर

राजेन्द्र शुक्ला
अध्यक्ष, कृषि उपज मंडी समिति, बिलासपुर

अभय नारायण राय
उपाध्यक्ष, अरपा बेसिन

अजय श्रीवास्तव

विनीत : समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता बिलासपुर (छ.ग.)

लक्की यादव

प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188